RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द्र सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

9644811407, 8102020599O
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 154 | ग्वालियर मंगलवार 14 जनवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2

# जीवाजी विश्व विद्यालय के कुलगुरु अविनाश तिवारी पर ईओडब्ल्यू में मामला दर्ज

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**ग्वालियर** जीवाजी विश्वविघालय के कुलगुरू अविनाश तिवारी एवं अन्य पर ई. ओ. डब्ल्यू. में अपराध पंजीबद्व किया गया है। ईओडब्ल्यू एसपी दिलीप सिंह तोमर ने बताया कि आवेदक अरूण कुमार शर्मा निवासी दुर्गा कालोनी मुरार के द्वारा आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में संचालक शिवशक्ति महाविघालय ग्राम झुण्डपुरा तहसील सबलगढ़ जिला मुरैना के विरूद्ध फर्जी रूप से कॉलेज संचालित करने के आरोप पर शिकायत आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की गई थी। जिसकी जांच आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ इकाई ग्वालियर द्वारा की गई जांच उपरांत प्राप्त साक्ष्य के आधार पर पाया गया कि शिवशक्ति महाविद्यालय ग्राम झुण्डपुरा के संचालक रघुराज सिंह जादौन द्वारा अन्य आरोपियों के साथ मिलकर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जिसके आधार पर कॉलेज की मान्यता एवं संबंद्धता प्राप्त कर छात्रों का फर्जी प्रवेश दिखाकर स्कॉलरशिप व अन्य मदो के लाभ प्राप्त कर शासन को आर्थिक क्षतिकारित की गई।

जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय के निरीक्षण के लिये प्रतिवर्ष गठित जांच कमेटी के सदस्य डॉ0 एपीएस चैहान, डॉ0 ए. के. हल्वे, डॉ0 एस. के. गुप्ता, डॉ0 एस. के. सिंह, डॉ0 सी.पी. शिन्दे, डॉ0 आर.ए. शर्मा, प्रोफेसर अविनाश तिवारी ( वर्तमान कुलगुरू), डॉ0 के. एस. ठाकुर, ज्योति प्रसाद, डॉ0 नवनीत गरूड, डॉ0 सपन पटेल, डॉ0 एस. के. द्विवेदी, डॉ0 हेमन्त शर्मा, डॉ0 राधा तोमर, डॉ0 आर.पी. पाण्डेय, डॉ0 एम.के. गुप्ता, डॉ0 निमिषा जादौन, डॉ0 सुरेश सचदेवा, डॉ0 मीना श्रीवास्तव द्वारा असम्यक लाभ प्राप्त कर असत्य आधारों पर उक्त महाविद्यालय के कूटरचित निरीक्षण प्रतिवेदन तैयार कर उक्त महाविद्यालय की संबंद्धता लेने में सहयोग करने से उक्त व्यक्तियों के विरूद्व भा.द.वि धारा 420, 409, 467, 468, 120बी एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधित अधिनियम 2018 की धारा 7 का अपराध प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाया जाना दर्शित होता हैं। जांच दल के सदस्य डॉ0 एपीएस चौहान की मृत्यु हो जाने से शेष डॉ0 ए. के. हल्वे, डॉ0 एस. के. गुप्ता, डॉ0 एस. के. सिंह, डॉ0 सी.पी. शिन्दे, डॉ0 आर.ए. शर्मा प्रोफेसर अविनाश तिवारी, डॉ0 के. एस. ठाकुर, ज्योति प्रसाद, डॉ0 नवनीत गरूड, डॉ0 सपना पटेल, डॉ0 एस. के. द्विवेदी, डॉ0 हेमन्त शर्मा, डॉ0 राधा तोमर, डॉ0 आर.पी. पाण्डेय, डॉ0 एम.के. गुप्ता, डॉ0 निमिषा जादौन, डॉ0 सुरेश सचदेवा, डॉ0 मीना श्रीवास्तव एवं अन्य के विरूद्व भा.द.वि एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधित अधिनियम 2018 की धारा के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया हैं।

# कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना व सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना से क्षिप्रा में प्रवहमान होगा अविरल जल

## मुख्यमंत्री ने 32 मीटर गहरे बामोरा ग्राम स्थित शाफ्ट-3 में उतरकर निर्माणाधीन टनल का किया निरीक्षण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार क्षिप्रा शुद्धिकरण के लिए निर्माणाधीन कान्ह क्लोज डक्ट डायवर्जन परियोजना का उज्जैन के ग्राम बामोरा स्थित 32 मीटर गहरे शाफ्ट-3 की निर्माणाधीन टनल में उतरकर कार्य का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता, समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत कान्ह क्लोज डक्ट डायवर्जन परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस योजना से हमारे कई वर्षों का संकल्प मूर्त रूप लेगा। इस परियोजना से कान्ह का दूषित जल क्षिप्रा के किसी भी तट पर नहीं मिलेगा। कान्ह नदी का पानी शुद्धिकरण के बाद गंभीर नदी के डाउन-स्ट्रीम तक पहुंचाया जाएगा जिससे किसानों को भी सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी भी मिल पाएगा।



**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टनल में कार्यरत श्रमिकों से संवाद कर कुशलक्षेम जानी :** मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने टनल में उतरकर कार्यरत श्रमिकों से संवाद कर उनकी कार्यशैली, जीवन चर्या व कार्य का समय और उनकी कुशलक्षेम जानी। श्रमिकों ने मुख्यमंत्री डॉ.यादव की सहृदयता व संवेदनशील व्यवहार देखकर उनसे खुलकर चर्चा की। श्रमिकों ने कहा कि वह माता क्षिप्रा को स्वच्छ करने वाली इस परियोजना के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर देश के लिए अपना योगदान दे रहे हैं। इस बात पर मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने श्रमिकों के देश निर्माण में उल्लेखनीय योगदान व देश प्रेम की भावना की सराहना की।

इसके पूर्व एसीएस डॉ. राजेश राजौरा के द्वारा मुख्यमंत्री डॉ.यादव, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सीआर पाटील, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल व नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव को योजना संबंधी सोमवार तक के कार्य प्रगति की जानकारी दी। कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना का भूमि-पूजन भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा जून 2024 में किया गया था। यह परियोजना सितंबर 2027 तक पूर्ण होगी। इसमें कार्य करने वाली एजेंसी द्वारा 15 वर्षों का संचालन तथा रख-रखाव का प्रावधान किया गया है। इससे क्षिप्रा नदी होकर सतत् प्रवहमान होगी। स्वच्छ व निर्मल इसमें कान्ह नदी का दूषित जल नहीं मिलेगा। उक्त परियोजना की कुल लंबाई 30.15 किमी होगी, जिसमें 12 किमी लम्बी टनल होगी व 18.15 किमी कट एंड कवर भाग होगा।

कान्ह डायवर्जन क्लोज डक्ट परियोजना निर्माणाधीन है जिसके कट एंड कवर भाग में खुदाई एवं पीसीसी कार्य, टनल भाग में चार शाफ़्ट के माध्यम से वर्टिकल एवं हॉरिजॉन्टल खुदाई का कार्य एवं कास्टिंग यार्ड में प्री-कास्ट सेगमेंट की कास्टिंग का कार्य प्रगतिरत है। परियोजना के शुरुआती 6.90 कि. मी. कट एंड कवर भाग में खुदाई एवं पीसीसी कार्य प्रगतिरत है। परियोजना अंतर्गत उपयोग में लाए जाने वाले प्री-कास्ट सेगमेंट की कास्टिंग का कार्य ग्राम गंगेडी में स्थित कास्टिंग यार्ड में जारी है। प्री-कास्ट सेगमेंट्स को कास्टिंग यार्ड से परियोजना के एलाइनमेंट तक पहुंचाने एवं पीसीसी बेड पर रखने तथा आपस में जोड़ने का कार्य जल्द ही प्रारंभ होगा।

# गणतंत्र दिवस पर हमले की साजिश... डोडा, सांबा और कठुआ में हाई अलर्ट



जम्मू। आगामी गणतंत्र दिवस को लेकर तीन जिलों में हाईअलर्ट जारी किया है। तीनों जिलों की हदें एकसाथ जुड़ती हैं। इन जिलों में पिछले वर्ष आतंकी हमले भी हो चुके हैं। ऐसा सूचना है कि आतंकी कठुआ, किश्तवाड़ और रामबन में आतंकी हमला कर सकते हैं। पिछले दिनों डोडा के ऊपरी इलाकों में आतंकियों के दो समूहों को देखा भी गया। हालांकि एजेंसियां ये पता नहीं लगा पा रहीं कि ये आतंकी पुराने हैं या फिर नया समूह है।

पिछले साल डोडा में पांच सैन्यकर्मी बलिदान हुए थे। जबकि चार आतंकी मारे गए। लेकिन बीच-बीच में आतंकियों की मौजूदगी देखी जा रही है। डोडा, किश्तवाड़, कठुआ और हिमाचल प्रदेश की सीमा से लगा हुआ है, इसलिए जिले में सक्रिय आतंकवादियों की सही संख्या का एजेंसियां पता नहीं लगा पा रहीं।

डोडा के एसएसपी संदीप मेहता का कहना है कि पुलिस ने राष्ट्र विरोधी तत्वों, विशेष रूप से आतंकवादियों की सहायता करने वाले ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) के खिलाफ अपने अभियान तेज कर दिए हैं। पुलिस ने पिछले दो हफ्तों में ऐसे नौ लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। कहा कि जिले के बाहरी इलाकों में स्थित हमारी इकाइयां अधिकतम अलर्ट पर हैं। हमारा ध्यान राष्ट्र विरोधी तत्वों पर है, ताकि आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म किया जा सके। डोडा के अलावा जम्मू, सांबा और कठुआ बॉर्डर पर भी अलर्ट जारी किया गया है। इन तीनों जिलों में तैनात पुलिस को खास निर्देश दिए गए हैं।

# शहर हाजी ने की सुरक्षा समितियों को भंग करने की मांग

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के बड़ा बाग कब्रिस्तान में एक बार फिर मरहूमों (दिवंगत) की कब्रों से हड्डियां बाहर बिखरी हुई पाई गई हैं। यह घटना कब्रिस्तान की सुरक्षा और संरक्षण पर गंभीर सवाल उठाती है। कोमी खिदमतगार भोपाल के हाजी मोहम्मद इमरान ने इस मुद्दे पर चिंता जताते हुए कहा कि यह पहली बार नहीं है जब कब्रिस्तान में इस तरह की बे-हयाई सामने आई हो। भोपाल के अन्य कब्रिस्तानों में भी अक्सर ऐसी स्थिति देखी जाती है। हाजी इमरान ने बताया कि एक सहयोगी ने बड़ा बाग कब्रिस्तान के पास से वीडियो और तस्वीरें भेजी हैं, जिनमें मरहूमों की लाशों की हड्डियां बिखरी हुई हैं। यह स्थिति कब्रिस्तान सुरक्षा समिति की नाक के नीचे हो रही है। कब्रों से मानव अंग बाहर निकलकर मिट्टी के ढेर में मिल रहे हैं, जिससे यह साफ प्रतीत होता है कि कब्रों में किसी प्रकार की छेड़छाड़ हो रही है। उन्होंने कहा कि पहले भी कब्रों से हड्डियां चोरी होने की खबरें आती रही हैं, लेकिन यह एक बेहद अफसोसजनक स्थिति है। मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड और कब्रिस्तानों की सुरक्षा समितियों को इस पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

# पीएम बोले- मोदी वादा करता है तो निभाता है

## सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन - उमर ने राज्य के दर्जे पर दिया जोर

श्रीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में 6.5 किलोमीटर लंबी जेड-मोड़ सुरंग (सोनमर्ग सुरंग) का उद्घाटन किया। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण यह सुरंग लेह के रास्ते श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच सभी मौसम में संपर्क को कायम रखेगी।



उद्घाटन के अवसर पर आयोजित एक जनसभा में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा, 'मेरा दिल कहता है कि बहुत जल्द आप जम्मू-कश्मीर के लोगों से किया गया अपना तीसरा वादा पूरा करेंगे, जो राज्य का दर्जा बहाल करना है।' वहीं, मोदी ने दर्जा बहाल करने की मांग का जिक्र किए बगैर कहा, 'आज मुझे सोनमर्ग सुरंग, देश एवं आपको सौंपने का मौका मिला है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख की एक और बहुत पुरानी मांग आज पूरी हुई है। आप पक्का मानिए, ये मोदी है, वादा करता है तो निभाता है। हर काम का एक समय होता है और सही समय पर सही काम भी होने वाले हैं।' प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर देश का ताज है और वह चाहते हैं कि यह और भी सुंदर एवं समृद्ध बने। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में शांति का माहौल है और हमने इसका पर्यटन पर असर देखा है। कश्मीर आज विकास की नयी गाथा लिख रहा है।सुरंग का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री ने परियोजना से जुड़े अधिकारियों व श्रमिकों से मुलाकात भी की। उन्होंने पिछले वर्ष 20 अक्तूबर को सुरंग के पास हुए आतंकवादी हमले में मारे गये सात लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उद्घाटन के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद थे।

# इन्वेस्टर्स मीट से तीन लाख 75 हजार करोड़ के मिले हैं निवेश के प्रस्ताव : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने रीवा एयरपोर्ट से वीडियो कान्फ्रेंसिंग से शहडोल संभाग के उद्योगपतियों से किया संवाद

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा एयरपोर्ट से वीडियो कान्फ्रेंसिंग से शहडोल संभाग के उद्योगपतियों से संवाद किया। शहडोल में 16 जनवरी को आयोजित हो रही रीजनल इन्वेस्टर्स मीट के संबंध में चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए बड़ी संख्या में निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। अब तक तीन लाख 75 हजार करोड़ से अधिक के प्रस्ताव मिल चुके हैं। इनसे लगभग 84 हजार रोजगार के सृजन की संभावना है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहडोल संभाग में भी अब तक 20 हजार करोड़ के प्रस्ताव मिले हैं। हमारे लिए 10 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव अथवा एक करोड़ का , दोनों समान हैं। संभाग के तीनों जिलों के कलेक्टर आगामी दो दिनों में स्टार्ट-अप के लिए नए उद्यमियों को तैयार करें। यह वर्ष प्रदेश में उद्योग और रोजगार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इन्वेस्टर्स मीट से इसके लक्ष्यों की प्राप्ति होगी। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट का शुभारंभ करेंगे। यह प्रदेश के विकास के साथ-साथ हमारे लिए गौरव की बात है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 14 जनवरी को मकर संक्रांति पूरे प्रदेश में महिला सशक्तिकरण दिवस के रूप में मनाई जा रही है। आप सबको मैं मकर संक्रांति की बधाई देता हूं। आज जलशक्ति योजना के तहत उज्जैन में जल संरक्षण के बड़े कार्य का शुभारंभ किया गया है। जल संरक्षण इस समय की सबसे बड़ी आवश्यकता और हम सबकी जिम्मेदारी है। हर गांव और खेत में पानी की सुविधा मिलने पर पूरा प्रदेश समृद्ध हो जाएगा।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद रीवा श्री जनार्दन मिश्र, विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी, विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जिला भाजपाध्यक्ष डॉ अजय सिंह भी उपस्थित रहे। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में शहडोल और उमरिया जिले के उद्योगपति बड़ी संख्या में शामिल हुए। इनमें शहडोल जिले के शारदा स्टील के उद्योगपती बी रामा राव, अल्ट्राटेक माइनिंग के सैय्यद कादिरी, एसएम प्राईमल प्रोसेस प्राइवेट लिमिटेड के प्रकाश रसतोगी, वाईएनए इंडस्ट्रीज बुढ़ार के सानउल्ला खान, जय कन्हैयालाल इंडस्ट्रीज के नवनीत सिंघानिया तथा दिव्याश्री इन्फ्रा सोलर सिस्टम एसेम्बली एण्ड इरेक्सन के उद्योगपति कमल बजोरिया शामिल रहे। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में उमरिया जिले के अग्रवाल स्टोन क्रेशर के उद्योगपति सहर्ष अग्रवाल, सदगुरू ट्रेडर्स के सुनील गुप्ता, एसएस इंटरप्राइजेज के सर्वज्ञ सोनी, ऋध्दान राइस मिल के राकेश सिंह तथा त्रिवेणी ट्रेडर्स के उद्योगपति कीर्ति कुमार सोनी शामिल रहे। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में अनूपपुर जिले के जेएमएस माइनिंग के उद्योगपति एस भट्टाचार्य, कमला राइस मिल के साहिल अग्रवाल, एमजी एग्रो इंडस्ट्रीज के अविनाश अग्रवाल, ओरिआईल्स प्राइवेट लिमिटेड के अवधेश मिश्रा तथा अरिंदम आर्गेनिक के उद्योगपति संजीत गुप्ता शामिल रहे।

## महंगाई के मोर्चे पर राहत भरी खबर!

# चार महीने के निचले स्तर पर पहुंची खुदरा मुद्रास्फीति

**नई दिल्ली।** देश में खुदरा महंगाई दर दिसंबर में चार महीने के निचले स्तर 5.22 फीसदी पर आ गई। यह दर नवंबर में 5.48 फीसदी थी। यह गिरावट खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी के कारण आई है। सरकार ने सोमवार को इसको लेकर आंकड़े जारी किए। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के तहत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में खाद्य महंगाई 8.39 फीसदी रही। जबकि नवंबर में यह 9.04 फीसदी और दिसंबर 2023 में 9.53 फीसदी थी। एनएसओ के मुताबिक, दिसंबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सामान्य) और खाद्य महंगाई दोनों पिछले चार महीनों के सबसे निचले स्तर पर थे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पिछले महीने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.5 फीसदी से बढ़ाकर 4.8 फीसदी कर दिया था। केंद्रीय बैंक ने खाद्य कीमतों पर दबाव के कारण अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कुल मुद्रास्फीति के उच्चस्तर पर बने रहने की भी आशंका जताई थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित कुल मुद्रास्फीति जुलाई-अगस्त के दौरान औसतन 3.6 फीसदी से बढ़कर सितंबर में 5.5 फीसदी और अक्टूबर, 2024 में 6.2 फीसदी रही थी।



थाना अमिलिया के बमुरी उपार्जन केन्द्र की घटना

# बीती रात झोपड़ी में जिन्दा जल गया श्रमिक, जॉच में जुटी पुलिस

**सीधी।** अमिलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी क्षेत्र सिहावल के बमुरी उपार्जन केंद्र में बीती रात दर्दनाक घटना घटित हुई जिसे देख एवम सुन कर लोग भौचक्के रह गयें। बताया जा रहा है कि एक टेंट नूमा झोपड़ी में एक श्रमिक रात्रि विश्राम कर रहा था और कतिपय कारणों से देर रात उक्त टेंट में आग लगती है और देखते ही देखते उक्त श्रमिक धू धू कर जलने लगा। सवाल यह है कि यदि किसी भी व्यक्ति के हल्की सी खरोंच भी लगती है तो वह सतर्क हो जाता है, और यहॉ एक जिंदा एवम स्वस्थ्य व्यक्ति पूरी तरह से जल कर खाख होता है और वह खुद बचने की या



उसे बचाने की अन्यजनो के द्वारा कोई पहल नही की जाती है। बताया गया गया कि 12 एवम 1× जनवरी 25 की मध्य रात्रि बमुरी धान उपार्जन केंद्र में धान की सुरक्षा करता हुआ श्रमिक कतिपय कारणों से आगजनी का शिकार होता है और उसकी मौत हो जाती है। आपको बतादें कि सीधी के अमिलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी क्षेत्र सिहावल के बमुरी उपार्जन केंद्र में बीती रात अज्ञात कारणों से झोपड़ी नुमा घर में रह रहे बिहार के एक मजदूर की जलकर मौत हो गई है। यह हादसा रविवार एवम सोमवार की मध्य रात्रि हुआ है, जब मजदूर सो रहा था। स्थानीयजनो के बीच हो रही चर्चाओं की माने तो अचानक आधी रात के समय शॉर्ट सर्किट से आग लग जानें कि वजह से मजदूर की मौत हो गई है। मृतक श्रमिक का नाम पंचू कुमार महतो पिता ज्ञान देव महतो उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम फुद्दकी चक्र थाना गोगरी जमालपुर जिला खगरिया बिहार का बताया गया है।

### इनका कहना है :-



धान उपार्जन केंद्र में धान की सुरक्षा करता हुआ श्रमिक पंचू कुमार महतो आग की लपटो का शिकार हुआ है, जिसकी मौत हो गयी है। पुलिस द्वारा पंचनामा तैयार कर मृतक का पीएम कराने के उपरांत अंतिम संस्कार हेतु शव परिजनो के सुपुर्द कर दिया गया है। आग लगने की वजह और मौत की वजह जॉच एवम रिर्पोट आने के बाद स्पष्ट हो पाएगी।

**राजेश पाण्डेय, थाना प्रभारी अमिलिया सीधी**

# वन विभाग ने पकड़ी 2 क्विंटल अवैध गोंद, महिला आरोपी गिरफ्त में






**सीधी।** जैविक तकनीक से गोंद निकालने पर पर्यावरण को नुकसान नही पहुँचता है, इससे पेड़ भी नहीं सूखते हैं किन्तु 'यादा से 'यादा पैसो की चाह में व्यापारी मनमानी ढंग से अपने इस कारोबार में लिप्त रहते हैं। सीधी सिंगरौली जिले के वनों एवं आदिवासी क्षेत्रों में गोंद एक बड़ा कारोबार है। बताया गया कि सोमवार की दोपहर वन विभाग रेंज कार्यालय सीधी के द्वारा करीब 2 क्विंटल अवैध गोंद कर्थुआ रेंज सिंगरौली से गुना ले जाया जा रहा था, मुखबिर से सूचना के आधार पर नवीन बस स्टैंड सीधी से परिवहनकर्ता महिला आरोपियों को गिरफ्त में लेकर पूँछ तॉछ की जा रही है।

जानकारों की माने तो पेड़ों से बूंद.बंदू निकलने वाला गोंद अपने अंदर स्वास्थ्य का खजाना छुपाए रहता है। दवाओं में तरह तरह से काम आने वाला यह गोंद जिस पेड़ से निकलता है उसके गुणों को अपने अंदर समाहित किए रहता है। दूसरा पक्ष यह भी है कि जिस पेड़ से गोंद निकाला जाता है वह पांच से छह साल में सूख जाता है। ऐसे पेडों को नष्ट होने से बचाने के जैविक तकनीक विकसित की है जिससे गोंद निकाले जाने का पेडों पर दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता। जिले के वनों एवं आदिवासी क्षेत्रों में गोंद एक बड़ा कारोबार है। जैविक तकनीक से गोंद निकालने पर पर्यावरण को नुकसान नहीं होता है किन्तु 'यादातर नियम विरूद्ध ढंग से व्यापार को गति दी जाती है। आमतौर में गोंद माफिया द्वारा कई तरह के रसायनों का उपयोग करके गोंद निकाला जा रहा है। इस कारण पेड़ कम समय में ही सूख जाते हैं।

### गोंद निकालने के लिए पेड़ों में लगाते हैं चीरा :-

आमतौर पर लोग गोंद को निकालने के लिए पेडों में चीरा लगाते हैं। इसके बाद धीरे.धीरे गोंद बाहर आने लगती है। गोंद के लिए लगाया गया चीरा पेडों में घाव छोड़ जाता हैं जिसमें कीड़े लग जाते है। इससे अन्य बीमारियां भी विकसित हो जाती है और पेड़ धीरे.धीरे सूखने लगते हैं। नई विधि के अनुरूप व्यापार करने से पेड़ो को बचाया जा सकता है किन्तु उसका अभाव देखने को मिल रहा है।

### ठेकेदार ने नही दिया वेतन, तो ले लिया गोंद -

वन मण्डल रेंज कार्यालय सीधी द्वारा सोमवार की दोपहर सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए नवीन वस स्टैंड सीधी से बस माध्यम से परिवहन करते हुए दो महिला आरोपियों के कब्जे करीब 2 क्विंटल अवैध गोंद जप्त की गयी। अपुष्ट सूत्रो की माने तो जो कि तथाकथित ठेकेदार हिमांशु द्विवेदी देवसर सिंगरौली एवम राहुल राजपूत पिता हनुमत सिंह राजपूत माधवपुर जिला गुना के स्वामित्व की बात कही जा रही है। वहीं रेंज कार्यालय सीधी द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक कर्थुआ रेंज का प्रकरण होने के चलते, उक्त प्रकरण उन्ही के सुपुर्द कर दिया गया है। आरोपी महिला श्रमिक ने नाम पता न छापने की शर्त पर बताया कि जिले में श्रमिको के साथ आर्थिक शोषण का खेल जोरों पर चल रहा है। ठेकेदार श्रम के बाद महिनो तक भुगतान नही देते हैं। उक्त पीड़ा वेदना देखने सुनने वाला कोई नही है, जिसके बाद उक्त कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ा।

### सीधी में 60 स्कूलों में संचालित है वोकेशनल कोर्स

**सीधी।** एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्रा ने जानकारी देकर बताया कि सीधी जिले के पांचों विकास खण्ड में 60 विद्यालयों में कुल 9 ट्रेड संचालित है। कृषि में 1472, ब्यूटी एण्ड वेलनेस में 1471, इलेक्ट्रानिक एवं हार्डवेयर में 80×, हेल्थ केयर में 724, आई.टी. में 415×, फिजिकल ऐजुकेशन में 160 एवं सिक्योरिटी में 102, सीविंग मशीन(अपेरल) में 905, प्लम्बिंग में 156 छात्र दर्ज है। कुल 4502 बालक एवं 5444 बालिकाएं योग 9946 विद्यार्थी व्यावसायिक शिक्षा लाभ उठा रहे हैं। अकेले आई.टी. के क्षेत्र में 415× विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बालिकायें किसी से पीछे नहीं हैं। ब्यूटी एण्ड वेलनेश में 1471 छात्राएं स्किल सीख रही हैं। इसके अतिरिक्त हेल्थ केयर फिजिकल एजुकेशन और इलेक्ट्रानिक हार्डवेयर में व्यावसायिक शिक्षा ले रही है। वोकेशनल वाले विद्यालयों में कुल 102 अतिथि शिक्षक आमंत्रित किये गये हैं जो सैद्धांतिक कोर्स के अतिरिक्त प्रैक्टिकल, इंडस्ट्री विजिट, गेस्ट लेक्चर, भविष्य के लिये जांबरोल इत्यादि कार्य में लगे हुये हैं। उन शिक्षकों का जिला स्तर पर उन्मुखीकरण किया गया एवं जाबरोल, प्रैक्टिकल इत्यादि कार्य हेतु जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी एल मिश्र के निर्देशानुसार 11 जनवरी को प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविर आयोजित

## प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले शासन की योजनाओं का लाभ : विधायक श्रीमती रीती पाठक

**सीधी।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जनपद पंचायत सीधी के ग्राम पंचायत नेबुहा एवं पिपरोहर में विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य में शिविर का आयोजन किया गया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत मवाई एवं नौगवाधीरसिंह में शिविर आयोजित हुए। विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविरों के आयोजन का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। गांव-गांव शिविर का आयोजन कर ग्रामवासियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही



केंद्र एवं रा'य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित व्यक्तियों का चिन्हांकन कर उन्हें लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ आपके साथ खड़ी है। आपको कोई भी समस्या हो आप शिविर में बता सकते हैं, उनका तत्परता से निराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक द्वारा चिन्हित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया गया। ग्राम पंचायत पिपरोहर में 70 प्लस के आयुष्मान कार्ड का वितरण हितग्राहियों को किया गया। युवा खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु क्रिकेट किट का वितरण भी विधायक द्वारा किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत नेबुहा में राजस्व विभाग के 16, खाद्य विभाग से 6, कृषि 5, पंचायत ग्रामीण विकास विभाग 14, पी एच ई 4, बिजली विभाग 2, मत्स्य विभाग, दूर संचार एवं सहकारिता विभाग के एक - एक कुल 51 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम पंचायत पिपरोहर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 8, लाडली बहना योजना 56, आवास योजना 17, बीपीएल 6, पशु पालन 6, पीएम किसान सम्मान योजना 09 कुल 104 आवेदन पत्र प्राप्त हुए।

# पुलिस अधीक्षक मेला स्थलों का कियें निरीक्षण, दियें दिशा निर्देश

**सीधी।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमान राज के साथ मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले मेला स्थल गऊघाट, कोलदहा घाट, बढ़ोरा मंदिर का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिये तथा सम्बंधितो को दिशा निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक



अरविंद श्रीवास्तव तथा पुलिस एवं राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने सर्वप्रथम गऊघाट, कोलदहा घाट एवं बढ़ोरा मंदिर में लगने वाले मेले हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिये एवं निर्देशित किये कि स्नान करने वाले व्यक्ति गहरे एवं सकरी जगह में न जाये, ब'चों को बहाव वाले क्षेत्र में लें जाने से बचे, नदियों के ऊपर बने पुल पर किसी भी सूरत में वाहन खड़ा ना होने पाए पुल खाली रहे। जिससे आवागमन में असुविधा ना हो, वाहनों को पार्किंग स्थल पर ही व्यवस्थित पार्क करवाया जाए। उपरोक्त बातों का विशेष रुप से पालन करवाएं साथ ही आमजन से अपील की गई है कि व्यवस्था बनाने में सहयोग करें तथा उपरोक्त बातों का कड़ाई से पालन करते हुए स्वयं को सुरक्षित रखें।

### परीक्षा पे चर्चा 2025 : प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 जनवरी

**सीधी।** एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्र ने जानकारी देकर बताया कि प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परीक्षा पे चर्चा संवाद अंतर्गत विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों से चर्चा करेंगें जिससे कि छात्रों को उनकी सभी लक्ष्यों को पूरा करने में सक्षम बनाया जा सके। परीक्षा पे चर्चा 2025 के निमित्त होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिये रजिस्ट्रेशन शुरू है। परीक्षा पे चर्चा में प्रधानमंत्री छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत करेंगे और परीक्षा के तनाव से निपटने के मंत्र देंगे। प्रधानमंत्री इस संवाद कार्यक्रम के दौरान तनाव को पीछे छोड़ने और परीक्षा के डर को दूर करने तथा परीक्षा को त्योहार की तरह मनाये जाने के टिप्स साझा करेंगे।



दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर मंगलवार, 14 जनवरी 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक


# पीडब्ल्यूडी की जमीन हड़पने की भू माफियाओं द्वारा की गई साजिश को सफल नहीं होने देंगे : विधायक सचिन बिरला

## भविष्य में पीडब्ल्यूडी की जमीन नगर पालिका को दिलवाकर गीता भवन का करवाया जाएगा निर्माण- विधायक ने कहा

**आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



सनावद-नगर के इनपुन भोगांवा रोड स्थित अंग्रेज शासन काल के दौरान निर्मित लोक निर्माण विभाग के पुराने डाक बंगले को जेसीबी द्वारा अवैध रूप से ढहा दिए जाने से हड़कंप मच गया है। कतिपय असामाजिक तत्वों ने रविवार की रात्रि जेसीबी से डाक बंगला भवन को जमींदोज कर दिया। डाक बंगला भवन को तोड़े जाने की खबर मिलते ही विधायक सचिन बिरला,जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी डाक बंगला भवन स्थल पहुंचे। विधायक ने एसडीएम,लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों,तहसीलदार,राजस्व

अधिकारी,पटवारी और वार्ड पार्षद से भवन को तोड़े जाने की घटना की जानकारी ली और लोकनिर्माण विभाग को तत्काल डाक बंगला भवन स्थल और समीपस्थ भूमि के सीमांकन तथा तार फेंसिंग के निर्देश दिए। विधायक ने लोनिवि अधिकारी से डाक बंगला भवन और समीपस्थ भूमि की जानकारी और नक्शा तलब किया। लोनिवि अधिकारी ने बताया कि लोनिवि के आधिपत्य की यहां चौबीस हजार नौ सौ बीस वर्गफीट जमीन है। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि डाक बंगला भवन तोड़े जाने की विस्तृत जांच की जाए और भवन तोड़ने के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। विधायक ने डाक बंगला भवन के समीप स्थित शिव मंदिर और बरगद के पुराने वृक्ष को संरक्षित करने के निर्देश भी दिए। विधायक ने डाक बंगला भवन की भूमि पर निजी मालिकाना हक को दर्शाने वाले दो बोर्ड को भी तत्काल हटाने के निर्देश दिए और कहा कि शासन की बिना अनुमति के लोनिवि के डाक बंगला भवन को तोड़ा जाना एक अवैधानिक कृत्य है और इसकी जांच करवाई जाएगी। विधायक ने कहा कि भूमि के सीमांकन के बाद मप्र शासन से यह जमीन नगरपालिका को हस्तांतरित कराने के प्रयास किए जाएंगे और यहां पर जनाकांक्षाओं के अनुरूप गीता भवन मंदिर अथवा सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। विधायक के निर्देश के तत्काल बाद प्रशासन ने लोनिवि की भूमि के सीमांकन का कार्य प्रारंभ कर दिया। इस संबंध में एसडीएम प्रतापसिंह अगास्या ने कहा कि चूंकि डाक बंगला भवन लोकनिर्माण विभाग के आधिपत्य में था। इसलिए डाक बंगला भवन को तोड़ना अवैधानिक कृत्य है और इसकी जांच कर दोषी लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।इस दौरान नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष गजेन्द्र उपाध्याय,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर,पार्षद प्रतिनिधि सुनील माली,दुर्गेश परिहार, सुदीश वर्मा,दिनेश शर्मा,अनिल अजमेरा,नीलेश जायसवाल आदि उपस्थित थे।

# ब्लैकमेलर दीपांशु जैन पर गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज

### पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया

### बुजुर्ग के साथ मारपीट कर मांगे 10 हजार रुपए

**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**



घट्टिया - क्षेत्र के ग्राम बिछड़ौद निवासी ब्लैकमेलर दीपांशु जैन पर पुलिस थाना घट्टिया में गंभीर धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी दीपांशु को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया।

बिछड़ौद इस्तमुरार निवासी नारायणसिंह पिता भंवरसिंह उम्र 68 वर्ष ने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत कि में घट्टिया स्थित लवखेड़ी मंदिर में कथा सुनने जा रहा था तब ही जलवा फंटे पर दीपांशु जैन ने मेरा रास्ता रोका और मुझे बोला कि मुझे 10 हजार रुपए दे नहीं तो तेरा ओटला तुड़वा दूंगा जब मैने बोला कि मेरे पास पंचायत से परमिशन है ओटले निर्माण की तो दीपांशु बोला कि में बिछड़ौद का दादा पहलवान हूं और मुझे अश्लील गाली देकर मेरे साथ लात घुसे से मारपीट की बीच बचाओ में मेरा लड़का हरिसिंह आया तो उसके साथ भी मारपीट की पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी दीपांशु जैन पर गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आज गिरफ्तार किया।घट्टिया पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

# राष्ट्रीय युवा दिवस अतंर्गत विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया

## सनावद-शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज सनावद में

**आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



राष्ट्रीय युवा दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर में श्री मान मोहम्मद असलम दहलवी साहब न्यायाधीश महोदय द्वारा युवा छात्र छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से अवगत कराया और कहा कि यह युवा दिवस स्वामी विवेकानंद की स्मृति में मनाया जाता हे स्वामी जी ने कहा था उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए. किसी की निंदा ना करे मदद का हाथ बढ़ाए जितना अधिक संघर्ष होगा जीत उतनी ही शानदार होगी विवेकानंद जी ने सदैव युवाओं के लिए कभी हार ना मानना कि प्रेरणा दी हे आप सभी स्वामी विवेकानंद जी के विचार सद्गुण लेकर चले निश्चित ही आपका भाग्य उदय होगा शिविर में न्यायालय खंड पीठ सदस्य रविन्द्र अंबिया महाविद्यालय स्टाफ से प्रिंसिपल श्री प्रख्यलय जी लोकेश भगत्या, पूजा बिरला, गोपाल प्रजापत, मौजूद थे

# सिलवानी गोंड समुदाय मिलन समारोह एवं चिंतन शिविर

**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**



सिलवानी नगर के विश्वकर्मा गार्डन में गोंड समुदाय मिलन समारोह के अवसर पर सिलवानी क्षेत्र व बैगमगंज क्षेत्र के अधिकांश गांव के सगा समाज के साथी इस मिलन समारोह में शामिल हुए ।, यह आयोजन नीलमणि शाह ने अपने क्षेत्र के सगा साथियों से एक दूसरे से परिचित होने व सामाजिक चर्चाओं पर एक दूसरे से आपसी साझाकरण किया जा सके इन उद्देश्यों के साथ यह आयोजन किया गया । इस आयोजन के संक्षिप्त परिचर्चा में विजय पंदराम, संतोष उइके, राकेश उइके जिला सदस्य, कुंवर सूर्यजीत सिंह, कुंवर धर्मवीर सिंह द्वारा इस समारोह को संबोधित के दौरान गोंडियन समुदाय में व्यापक रूप से शराब के दुष्प्रभाव को रोकने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाने व युवाओं को नशामुक समुदाय बनाने के लिए प्रेरित व जागरूक किया जाये ताकि शराब के सेवन से जो समुदाय को नुकसान उठाना पड़ रहा है वह कम किया जा सके। अवैध शराब विक्रय पर ग्रामों में पाबंदी लगा कर रोक लगाए जाने हेतु समुदाय के सगा समाज एक साथ आए ताकि गोंडियन गांवों में अवैध शराब विक्रय पर रोक लगाई जा सके। गोंड समुदाय की भाषा संस्कृति व परम्पराओं को संरक्षित करने व पुन: स्थापित करने के लिए समस्त जागरूक सगा समाज को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। यह मिलन समारोह इन्हीं उद्देश्यों को पूरा करने की एक कोशिश है नीलमणि शाह द्वारा आयोजित इस समारोह में उनकी कोशिश रही कि सभी अलग अलग गावों से आए सगासमाज एक दूसरे से परिचित हो, समुदाय के बारे में सीखे समझें और समुदाय के उत्थान में सहयोग प्रदान करें ।

हमारा गोंड समाज प्रकृति सत्ता को मानने वाला है जिस तरह से प्रकृति के नियम कानून है उन्हीं के अनुसार हमारा समाज चलता है इसलिए हमारे समाज की सभी बंधुओ से विशेष निवेदन है कि परंपरा को और संस्कृति को बचाए रखना है इसे ही समाज की भलाई है। इस कार्यक्रम का संचालन संजय मरावी ने किया और नीलमणि शाह ने सभी का आभार व्यक्त किया आप सभी आए सामाजिक परिचर्चा में भाग लिया आप सभी वधाई के पात्र है।

# महिदपुर में सर्वप्रथम बार अष्टोत्तरी अभिषेक का आयोजन हुआ

**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**



**महिदपुर।** नगर में स्थित शत्रुंजय आदिनाथ तीर्थधाम (किला जैन मंदिर) में आदिनाथ परमात्मा की छत्रछाया में वर्धमान शक्रस्तव का पाठ करते हुए महिदपुर में सर्वप्रथम बार अष्टोत्तरी अभिषेक संपन्न हुआ।

यह अभिषेक मुंबई अहमदाबाद से पधारे 12 नव युवानो की टीम के सहयोग से देश के ख्यातनाम संगीतकार हर्षित शाह के द्वारा देश विदेश से पधारे मेहमानो की उपस्थिति में संपन्न कराया गया। जिसमे विभिन्न प्रकार की ओषधियो के माध्यम से सभिषेक किया गया। इसके पश्चात आदिनाथ परमात्मा का 108 किलो फूल के माध्यम से अभिषेक किया गया। इस अष्टोत्तरी अभिषेक का लाभ तीर्थधाम के ट्रस्टी महेश रुणवाल के सुपुत्र नगर के प्रथम ड्डक्क ष्ट ऋषभ रुणवाल के शुभ विवाह के अवसर पर रखबचंद्र रुणवाल सुमन परिवार के द्वारा लिया गया। इसके पश्चात् लाभार्थी परिवार के द्वारा स्वल्पाहार का भी आयोजन किया गया। मूलचंद गणेशीलाल चौरड़िया परिवार (नीमच) और बसन्तीलाल, धर्मेन्द्र, अरुण बरडिया परिवार (कलालिया इंदौर) के द्वारा संघ पूजन भी किया गया। शत्रुंजय आदिनाथ तीर्थधाम ट्रस्ट, महिदपुर के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# पवित्र नगरी में हो रहा है अवैध शराब का परिवहन एवं व्यापार हो रहा है अवैध तरीके से और जिम्मेदार मौन

### महेश्वर में शराब की बिक्री और सेवन पर प्रतिबंध है, लेकिन प्रतिबंध के बावजूद शराब की बिक्री धड़ल्ले हो रही है आखिरकार जिम्मेदार मोन क्यों है

**विकास यादव दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**
**9177812409**



खरगोन निप्र मध्य प्रदेश शासन द्वारा घोषित पवित्र नगरी महेश्वर और मंडलेश्वर को पवित्र कायम रखने में नाकाम नजर आते हैं दिख रहा है प्रशासन शराब खुलेआम बिक्री की जाती है है। वहीं आसपास के क्षेत्रों में भी यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। नगर से गुजरने वाले धामनोद-बड़वाह मार्ग के विभिन्न ढाबों पर अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। सूत्रों की माने तो इन ढाबों से शराब की बिक्री शराब ठेकेदार के नुमाइंदे ही करवा रहे हैं।

**बाइक होता है शराब का परिवहन :** एजेंट द्वारा नगर की विभिन्न दुकान जहां से शराब की बिक्री की जा रही है, उन्हें एक डायरी उपलब्ध करवाई गई है, जिस पर प्रतिदिन शराब का हिसाब किताब रखा जाता है। इन सभी दुकानदारों व ढाबों पर शराब का परिवहन बाइक से किया जाता है। नगर सहित आसपास के गांवों में शराब की सप्लाई की जा रही है।

महेश्वर से 8 किलोमीटर दूर बसे मंडलेश्वर के आस पास ग्रामीण क्षेत्रो मे बैखोफ शराब ठेकेदार के द्वारा वाहन से शराब लेजाते अपने जो दुकानेदार व घर पर शराब देते दिखाई देते है शराब ठेकेदार की दादागीरी से खुले आम शराब कारोबार चला रहे है शासन प्रसाशन आँखे बंद करके बैठा है इसके पहले राजनेताओं ने भी बात कही थी पवित्र नगरी महेश्वर और मंडलेश्वर में अवैध शराब कारोबार पर कडी से कडी कारवाई होगी पर ऐसा तो नही हुआ उसका उलटा हो गया शराब ठेकेदार अपनी मनमानी तरीके से शराब कारोबार चला रहे है ग्रामीण क्षेत्रो मे अपने मनमानी से शराब ठेकेदार अवैध रूप से ग्रामीण क्षेत्रो मे अपने वाहनो से शराब सप्लाय करते नजर आते है पवित्र नगरी होने के बाद भी किसी राजनेता की भी नही चल पाई है शराब ठेकेदार बहुत ही आगे तक पहुंच बनी हुई ओर 24 जनवरी को महेश्वर में कैबिनेट बैठक होगी- जिसमें आने वाले प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ऐसे में पुलिस प्रशासन और आबकारी प्रशासन के लिए शर्म की बात है की पवित्र नगरी मंडलेश्वर महेश्वर में शराब पर अंकुश नहीं लग पा रहे हैं शराब तस्करों और स्थानीय आबकारी विभाग और पुलिस के बीच सांठगांठ के कारण अवैध कारोबार जारी है।

# जिला साहू समाज की बैठक हुई



**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**

सिलवानी साहू समाज धर्मशाला में जिला साहू समाज की बैठक आयोजित हुई जिसमें निशुल्क सामुहिक आदर्श विवाह सम्मेलन 30 अप्रैल को सियरमऊ में आयोजित होना तय हुआ। जिसको लेकर साहू समाज धर्मशाला सिलवानी में सर्वप्रथम मां कर्मा जी की दीप प्रजलन कर आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया सिलवानी साहू समाज द्वारा सभी अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया महामंत्री चंद्र मोहन साहू ने अपने संचालन में सर्वप्रथम 2025 के विवाह सम्मेलन के विषय में आयोजन के लिए स्थानीय समाज द्वारा आवेदन प्राप्त किया । जिसमें देवरी, सिलवानी, सियरमऊ, बम्होरी, खेरी स्थानीय समाज द्वारा आवेदन प्राप्त हुए । सभी ने विचार विमर्श करते हुए नए स्थान का चयन करते हुए सियरमऊ में सम्मेलन करने की घोषणा की सभी समाज बंधुओ ने तन मन धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया । जिला समिति के पदाधिकारी ने सियरमऊ सम्मेलन स्थल का निरीक्षण किया और सम्मेलन के आयोजन

# भिण्ड रविवार को श्री राम भरोसे यादव की पुण्यतिथि पर सैकड़ों मरीजों का किया गया निशुल्क इलाज

**गोपाल त्रिपाठी की रिपोर्ट.**



भिण्ड ग्राम जमुना में प्रोफेसर केशव सिंह यादव के द्वारा उनके पिताजी श्री राम भरोसे यादव जी की 6वी पुण्यतिथि पर निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया साथ शिवर में भिण्ड विधायक नरेंद सिंह कुशवाह ने पहुंच कर शिवर का शुभारंभ किया साथ ही खुद भी अपना चेकअप कराया और साथ ही शिवर कैंप में सैखड़ो मरीजों ने भी पहुंच कर अपना चेकअप कराया सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक कैंप में मरीजों की लाइन लगी रही उनको डॉक्टरों के द्वारा चेकअप किया गया एवं नि-शुल्क दवाईयां भी दी गई शिवर में मरीजों को देखने कुछ एम्स एवं ग्वालियर के भी डॉक्टर पहुंचे डाक्टर अंकुर यादव, डाक्टर अवनीश गोंड, डॉक्टर निधि चौहान, डा रौशनी शर्मा डॉक्टर ललित गुर्जर ने मरीजों को चैकअप करके उनको दवाई भी दी और मरीजों को बोला गया अगर आपको आराम ना मिले तो आप लोग मुझे संपर्क करे आप लोगों का एस.के एस हॉस्पिटल ग्वालियर में केशव सिंह यादव के द्वारा सबका नि- शुल्क इलाज कराया जाएगा 91317 52956 मरीजों ने प्रोपेसर केशव सिंह यादव का धन्यवाद किया और बोला आपने मेरे लिए इतना किया हम लोगों में कुछ लोग तो दवा लेने में भी असमर्थ रहते हे जो आज आपने हम लोगों की इतनी सहायता की है इस लिए आपको बहुत बहुत धन्यवाद

# जमुनिया मीणा भागवत कथा में पूतना वध व श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह सम्पन्न

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान (बापुलाल डांगी)**



ग्राम जमुनिया मीणा चारभुजानाथ मीणा समाज धर्मशाला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में पंडित विकास शर्मा उदपुरा मंदसौर द्वारा पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के बाद बाल लीलाओं ओर रासलीला का वृतांत बताया। पंडित शर्मा ने कहा कि कंस ने पुतना नाम की राक्षसी को श्रीकृष्ण को मोत के घाट उतारने के लिए भेजा था, इस पर पुतना ने वेष बदलकर भगवान श्रीकृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दुध पिलाने की कोशिश की थी लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने पूतना का ही अंत कर दिया। फिर श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह वृतांत सुनाते हुए नाट्य मंचन किया जिसमें श्रीकृष्ण रुक्मणी के यहां बारात लेकर आये व एक दुसरे को वर माला पहनाकर विवाह संपन्न किया। श्री कृष्ण सोनम मीणा रुक्मणी बबली मीणा को सजाया गया। कथा का समापन मंगलवार को होगा। इस दौरान पूर्णाहुति पंचकुंडीय महायज्ञ किया जाएगा जिसमे में 17 जोड़े बेठेगे। जिसके बाद महाआरती व प्रसादी वितरण व गांव में जुलूस निकाला जाएगा।

# राजस्व व जंगल क्षेत्र से ट्रेक्टर, मिनी ट्रक से खुलेआम करते हैं कोयला एवं रेत का उत्खनन बरखेड़ा सोहागपुर

**अखंड प्रताप सिंह की रिपोर्ट केसरिया हिंदुस्तान**



**शहडोल** - बरखेड़ा घाट थाना, सोहागपुर अंतर्गत ग्राम बरखेड़ा,में राजस्व सीमा कहें या जंगल सीमा क्षेत्र जहां कोयला दिखा वहीं से कोयला माफियाओं ने बेहिचक कोयला का उत्खनन शुरू कर दिया जाता है। सूत्रों की माने तो इन्हे स्थानीय प्रशासन की खुली छूट मिलने के कारण दिन दहाड़े कोयले का अवैध तरीके से भारी मात्रा में कोयले का उत्खनन कर परिवहन करने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। नतीजन इन दिनो देखा जाए तो बरखेड़ा घाट से लगे आस पास के जंगल क्षेत्र वा राजस्व क्षेत्र में कोयला ही नही बचा जहां कोयला उठाव के गड्ढे साफ बयां कर रहे हैं। कि किस तरह कोल माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से कोयला खनन कर कार्य को अंजाम दिया गया है।*

**दिन रात रहते हैं माफिया सक्रिय:** *सूत्रों की माने तो पहले दिन दहाड़े ही कोयला का अवैध तरीके से उत्खनन कर परिवहन किया जाता रहा। कारण आधी रात से सुबह तक बेधड़क रेत का उत्खनन कर परिवहन कराया जाता है। ऐसा नहीं है कि शासन प्रशासन को इन स्थानीय कोयला चोर कहे जाने वाले अपराधी प्रवत्ति के माफियाओं के द्वारा की जा रही कोयला की तस्करी की जानकारी न हो बल्कि सब कुछ जानते हुए भी इन कोयला माफियाओं को शासन प्रशासन के जिम्मेदारों द्वारा खुल कर सहयोग किया जाता है इतना ही नही उक्त कोयला माफिया आधी रात से सक्रिय हो उठते हैं और ग्रुप बना कर शहर के तिराहा चौराहा में अपना डेरा जमाते हैं जिनके द्वारा पूरी रात शराब खोरी की जाती है और आने जाने वाले बाहरी मुसाफिरों के साथ मारपीट वा लूट पाट जैसी घटनाओं को अंजाम देना उनके लिए आम बात हो चली है जिन्हे प्रशासन का खुला संरक्षण मिलने के कारण पीड़ित व्यक्ति अपनी शिकायत भी नही कर पाता और इसी के चलते इन कोयला कारोबारियों द्वारा पूरी रात बरखेड़ा घाट, ,में उत्पात मचाया जाता है। जिले के संवेदन शील कलेक्टर व पुलिस अधिक्षक से जनापेक्षा है कि संबंधित मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय कोयला माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए

**वन विभाग की मिलीभगत से हो रहा कोयला उत्खनन और चोरी:** प्राप्त जानकारी के अनुसार शहडोल वन परिक्षेत्र में अंतर्गत शहडोल बरखेड़ा घाट जंगलों से कोयला का अवैध निकासी जोरो के किया जा रहा हैं। जिसमें मुख्य रूप कर्मचारियों की मिलीभगत कार्य को अंजाम दिया जा रहा हैं। जिससे कि खनिज विभाग को काफी छती का सामना करना पड़ रहा हैं।*खबर सूत्रों के हवाले से लिखी गई है

# जैन संत चन्द्रयश विजय जी का आगमन



**केसरिया हिन्दुस्तान से रघुनाथ सेन**

**बाग–** आचार्य देवेश श्रीमद विजय हेमेंद्र सुरीश्वरजी म.सा. के शिष्य श्री चन्द्रयश विजयजी म.सा. आदि थाणा 2 का बाग नगर में प्रातः ढोल–ढमाके के साथ आगमन हुआ। महाराज सा. के लिए बाग जैन श्री संघ ने विजय स्तंभ चौराहे पहुंचा की अगवानी । नगर भ्रमण के पश्चात मूलनायक श्री विमलनाथ स्वामी मंदिर में सामुहिक चैत्य वंदन हुआ। यहां से 1290 किलोमीटर पैदल उग्र विहार कर आप श्री 9 मार्च को आंध्रप्रदेश के जिला वेस्ट गोदावरी के अचंटा (नरसापुर) में दादागुरु राजेंद्र सुरीश्वरजी म.सा. के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न करेंगे , यहां (अचंटा) तालाब के किनारे भू गर्भ में जैनों के छठे तीर्थंकर श्री पद्मप्रभु स्वामी जी की दो हजार वर्ष पुरानी प्रतिमा प्रकट हुई थी , उसी मंदिर के समीप गुरुदेव के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। पश्चात 20 अप्रैल को हैदराबाद शहर के अमिरपेठ क्षेत्र में बन रहे नए पार्श्‍वनाथ स्वामी भगवान के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न करेंगे व लगभग 300 वर्षीतप आराधकों का पारणा कार्यक्रम संपन्न करवाएंगे।

जैन श्री संघ बाग के प्रतिनिधि श्री अरविंद जैन ने बताया कि इस अवसर पर श्री संघ के पदाधिकारी श्री अमित जैन , राहुल जैन नीलेश जैन , स्वप्निल जैन , प्रफुल्ल जैन , नवीन जैन , निखिल जैन , चयन जैन आदि समाजजन व महिलाएं सम्मिलित हुई।

# कर्नाटक प्रदेश महामहिम राज्यपाल श्री थावरचंद गेहलोत के आतिथ्य में एगोशदीप वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न



**निलेश मेहता दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

एगोशदीप विद्यालय में 12 जनवरी को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का मुख्य विषय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का स्वर्णिम शताब्दी वर्ष तथा स्वामी विवेकानंद के 161 वीं जयंती तथा एगोशदीप के सफलतम 20 वर्ष पूर्ण हुए। सर्वप्रथम विद्यालय से नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए प्रभात फेरी निकली गई 7 प्रभात फेरी के बाद विद्यालय में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया 7

महामहीम श्री थावरचंद जी गहलोत ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए बताया कि वे एगोशदीप के उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं करते हैं 7 महामहीम श्री थावरचंद जी गहलोत के करकमलों से संस्था की 20 वर्ष पूर्व नींव रखी गई थी तथा अब वे 20 वें वार्षिक उत्सव में आकर प्रफुल्लित है 7 उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर अपने विचार प्रकट करते हुए बताया कि यह सांस्कृतिक और सामाजिक संगठन है जो कि वासुदेव कुटुम्बकम के लिए सतत कार्यरत हैं 7 उन्होंने युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद को वैद और वेदांत को एक व्यवहारिक दृष्टिकोण में प्रस्तुत होने की बात कही 7स्वामी विवेकानंद के विचाओं में उन्होंने बताया की स्वयं में विश्वास रखो तथा युवाओं को आत्मनिर्भर बनने को कहा 7 राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरीष्ठ प्रचारक तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री माखन सिंह जी ने विशेष अतिथि के रूप में बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक शताब्दी के संघर्ष पश्चात अब संघ की समाज में स्वीकृति सराहनीय है और भारत को पुनः वैभव की और ले जाने के लिए अग्रसर हैं 7

कार्यक्रम में अतिथियों की श्रंखला में संघ के पूर्व जिला संचालक श्री मातादीन जी जोशी, पूर्व विधायक श्री दिलीप सिंह जी शेखावत, वरिष्ठ समाजसेवी श्री बालेश्वरदयाल जी जायसवाल, श्री एस. एम्. सिसोदिया जी, अखिल भारतीय जांगिड महासभा दिल्ली से पधारे श्री प्रभुदयाल जी जांगिड, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री प्रभुदयाल जी देभण, श्री जगदीश जी, श्री कैलाश जी शर्मा, समाजसेवी श्री हनुमानप्रसाद जी शर्मा, श्री सी.जी.मोहन, संघ नगर संचालक श्री सुनील जी जोशी, विभाग सह सेवा प्रमुख श्री विशाल जी बहल, श्री सुशिल जी कांठेड, श्री अशोक जी मालवीय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री ओ.पी.गहलोत, श्री सुभाष जी शर्मा, श्री दिलीप जी कांठेड, श्री सी.एम.अतुल, सी.एस.पी. ब्रजेश जी श्रीवास्तव, मंदी थाना टी.आई. -अमित जी गवरी, डॉ. सुरेन्द्र मीणा, निदेशक पं.ज.ने.व्यवसाय प्रबंधन, उज्जैन के डॉ. धर्मेन्द्र मेहता रहे 7

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा भगवान श्री राम और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई 7 एगोशदीप की 20वीं वर्षगाँठ के अवसर पर सभी को मिठाई वितरण किया गया 7

# महाबैठक में समाजसेवी बोले विराट रूप में निकालेंगे 18 जनवरी को राम राज्य यात्रा

## अयोध्या राम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर नगर में मनाएंगे तीन दिवसीय महोत्सव

**निलेश मेहता, दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



**नागदा**- अयोध्या श्री राम मंदिर स्थापना की प्रथम वर्षगांठ का उत्साह 18 जनवरी को भव्य रामराज्य यात्रा में पुनः इस बार देखने को मिलेगा । श्री राम राज्य यात्रा को विराट स्वरूप देने एवं श्री राम कथा आयोजन को लेकर रविवार को कोटा फाटक स्थित कथा कार्यालय पर महा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य, समाजसेवी, हिंदू संगठन प्रतिनिधि, मातृशक्ति सम्मिलित हुए। सभी ने अपने वक्तव्य दिए तथा श्याम परिवार, सनातन प्रेमियो द्वारा धर्म एवं देशभक्ति से परिपूर्ण आयोजन को विराट स्वरूप देने के लिए पूर्ण सहयोग देने की तन मन धन से घोषणा की। कार्यक्रम संयोजक पंकज नामदेव व बसंत मालपानी ने बताया मंदिर की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर नगर में तीन दिवसीय महोत्सव मनाकर दिवसीय श्रीराम कथा का प्रारंभ 19 जनवरी को होगा। महोत्सव की श्रृंखला में दिनांक 16 जनवरी को स्थानीय दीनदयाल चौक पर शाम को 6.30 बजे संगीतमय हनुमान चालीसा होगा। इसके बाद 17 जनवरी को नगर में वाहन रैली तथा 18 जनवरी को नगर के वैश्य समाज, करणी सेना एवं ब्राह्मण समाज के सामूहिक तत्वावधान में महा रैली व विराट राम राज्य यात्रा का आयोजन होगा। जिसमें नगर के सभी समाज अपने बैनर पोस्टर के साथ समाज जनों एवं महिला शक्ति के साथ डीजे एवं बैंड पर चल समारोह में सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर नगर को ध्वज एवं भगवा पट्टियों से रंगा जाएगा। बैठक को उपस्थित गणमान्य ने संबोधित किया, महाबैठक एवं मुख्य मार्ग पर आमंत्रण पत्रक वितरण के दौरान विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान, राजेश धाकड़, दिलीप सिंह शेखावत, गंगा राम गुर्जर, प्रकाश जैन, सी एम अतुल, सीजी मोहन, सुनील जोशी, हनुमान प्रसाद शर्मा, देवेंद्र सेन, रमेश प्रजापत, मनीष व्यास, रोशन शुक्ला, रामचंद्र बालोदिया, भेरूलालजी, भेरू सिंह चौहान, सुरेश उपाध्याय, सुनील त्रिवेदी, दिलीप कांठेड़, राजा कर्णावट, रूपम ठाकुर, सुरेंद्र पोरवाल, अनिल पोरवाल, रोहण प्रजापत, हर्ष पांचाल, डी के चौधरी, शरद जैन, मनीष चपलोद, राजेंद्र अवाना, सत्यनारायण जोशी, कमल जैन, श्रेणिक जैन, राकेश परिहार, प्रतीक माहेश्वरी, प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक चौहान,

शरद गुप्ता, पत्रकार गोपाल मावर, राघवेंद्र ठाकुर, प्रफुल्ल शुक्ला, शंकर लाल प्रजापत, गुड्डू सारस्वत, हिम्मत सिंह राठौर, रवि राणावत, नीरज शर्मा, अंबाराम चंद्रवंशी, नरेंद्र माली, हिमांशु सेन, सुंदरलाल पटवारी, सुनीता गुर्जर, प्रज्ञा रघुवंशी, सीमा सारस्वत, अभिषेक शुक्ला, गोपाल पोरवाल, नितिन अवाना, राजा पवार, वंदना शर्मा आदि बड़ी संख्या में समाजसेवी, गणमान्य, जनप्रतिनिधि एवं मातृशक्ति मौजूद रहे। महा बैठक संपन्न होने के बाद सभी ने जवाहर मार्ग महात्मा गांधी मार्ग पाल्या रोड पलिया कला में बैंड के साथ जय सियाराम का जय घोष कर आमंत्रण पत्रक वितरित किए। इसके बाद राम जानकी मंदिर पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कर प्रचार का विराम दिया। उक्त जानकारी श्री राम कथा आयोजन के मीडिया प्रभारी नीलेश मेहता ने दी।

# अटल ज्योति से चल रहे कृषि उपकरण

**संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा**

तेंदूखेड़ा आम उपभोक्ताओं को अटल ज्योति योजना के अनुसार 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराना शासन की महत्वपूर्ण पहल है। लेकिन इस व्यवस्था से दूसरे अन्य उपभोक्ताओं द्वारा कृषि को सिंचाई करने के लिए ट्रांसफार्मर से बिजली का उपयोग कर रहे हैं जिस कारण से ट्रांसफार्मर पर अधिक भार पड़ने के कारण वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। हमारे प्रतिनिधि को करोंदी क्षेत्र के कुछ उपभोक्ताओं ने बताया कि इस समस्या से जहां वोल्टेज की समस्या बनीं हुई है वहीं विद्युत केबिल लाइन भी हीट होकर जलने की अशंका बनीं हुई है।

# घनश्याम गुर्जर को सनातन सेना में प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत









**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

ग्वालियर- युवा समाजसेवी घनश्याम गुर्जर को श्री सनातन सेवा में प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्ति की जाने पर उनके इष्ट मित्रों के द्वारा उनका जगह-जगह स्वागत बंधन कार्यक्रम किया जा रहा है इसी क्रम में जनपद पंचायत मुरार के जनपद अध्यक्ष दिलराज किरार पंचायत समन्वयक अधिकारी ध्रुवराज सिंह सिकरवार , एवं सचिव विष्णु शर्मा , के द्वारा पुष्प हार पहनाकर मुंह मीठा कराकर उनका स्वागत किया गया स्वागत करने वालों में मनोज राणा ,अशोक श्रीवास्तव अहिवरन सिंह गुर्जर, फूल सिंह गौड केशव कुशवाहा अजय गुर्जर ,ब्रजमोहन कुशवाह अशोक आर्य ,प्रियंका अग्रवाल हरिओम पाल कौशलेश शर्मा अशोक राणा एवं सहायक सचिव राजेंद्र शर्मा रामबिहारी शर्मा , श्याम मुदगल , अनुराग श्रीवास्तव राजेंद्र कुमार , पुष्पा गुर्जर आरती श्रीवास्तव,अरविन्द शर्मा घनश्याम शर्मा , भूपेंद्र मुद्गल ,वासुदेव , मनीष बंसल , भारत यादव एवं अन्य सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे

# मेले में लगाई गई आध्यात्मिक क्षेत्र प्रदर्शनी

**संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा**

तेंदूखेड़ा विगत दिवस भगवान ब्रह्मा की तपस्थली ब्रम्हांड घाट में मकरसंक्रांति से लगने वाले 15 दिवसीय मेले के शुभारंभ अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आध्यात्मिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सांसद चौधरी दर्शन सिंह पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल एवं ब्रह्माकुमारी प्रीती दीदी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री भ्राता जालम सिंह पटेल ब्र कु साधना ब्र कु विनीता एवं अन्य वरिष्ठ राजनीतिक व प्रशासनिक अधिकारी गण व अन्य बी के भाई बहने उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रजापिताब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय तेन्दूखेड़ा से राजयोग प्रशिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी ने मकर संक्रांति एवं युवा दिवस की बधाई देते हुए कहा भारत को विश्व गुरु और स्वर्णिम भारत बनाने में युवाओं की अहम भूमिका है । आज का युवा नशे का गुलाम है। नशा करने से शारीरिक मानसिक आर्थिक नुकसान के साथ पारिवारिक कलह एवं सामाजिक व्यवस्था भी बिगड़ती है, ये सबको मालूम है फिर भी अच्छे अच्छे पद पोजीशन वाले नशे के आदि है। व्यक्ति जानबूझकर नशे का आदी नहीं होता है बल्कि जीवन के उतार चढ़ाव और विषम परिस्थितियों से निकलने में अपने आप को असहाय महसूस करता है । इस तनाव को सहन करने के लिए नशीले पदार्थों का सेवन करना शुरू कर देता है। दीदी ने आगे नशा मुक्ति की कुछ युक्तियां बताई। सभी से व्यशन ना करने की अपील करते हुए सबके सामने कंडीशन रखी।सरकार कोई सख्त नियम बनाये जिससे शराब गुटखा बीड़ी आदि व्यसन बिकना ही बन्द हो जाये।

अगर सरकार ये करने में असमर्थ है तो आध्यात्मिकता को अपना लीजिये जिससे आपके अंदर मनोबल बढ़ेगा और आप व्यसन को सहज छोड़ सकते है। ब्रह्मा कुमारीज की अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता राष्ट्रपति सम्मान द्वारा नारी शक्ति सम्मान से पुरस्कृत जीवन प्रबंधन विशेषज्ञ बी.के.सिस्टर शिवानी जीके पावन सानिध्य में भाग्य की कलम आपके हाथ विषय पर विशाल आध्यात्मिक कार्यक्रम दिनांक सोमवार 03 फरवरी 2025 परमहंस कॉलेज खैरी नाका नरसिंहपुर शाम 4:30 बजे से होने जा रहा है जिसमें सभी से उपस्थिति की अपील की गई।

# सर्द हवाओं और गिरते तापमान ने बढ़ाई कंपकपी, मकर संक्रांति पर बरस सकती हैं बूंदें

**इंदौर।** इंदौर में रविवार को मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिला। दिन में धूप रही लेकिन रात में जबरदस्त ठंड रही। उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के चलते ठंड ने जोर पकड़ लिया। दिन के तापमान में 5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई, जिससे रविवार को दिन का तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस रहा। यह पिछले दिन के मुकाबले 4 डिग्री कम था। रात में भी ठिठुरन का असर बना रहा और तापमान गिरकर 7.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सोमवार सुबह हल्का कोहरा छाया रहा, जिसकी विजिबिलिटी 1100 मीटर तक सीमित रही। बादलों की वजह से दिनभर कंपकपी महसूस हुई। सोमवार को सुबह 10 बजे तक घना कोहरा छाया रहा और तेज ठंडी हवाओं ने लोगों को घरों में ही दुबके रहने को मजबूर कर दिया। सोमवार को दिन का तापमान 19.5 रहा।

मौसम विभाग के वैज्ञानिकों का कहना है कि तापमान में और गिरावट होने की संभावना है। मकर संक्रांति के दिन, यानी 15 जनवरी को, इंदौर और आसपास के इलाकों में बादलों के साथ हल्की बूंदाबांदी की संभावना है, जिससे पतंगबाजी पर असर पड़ सकता है। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के चलते और बदलाव की संभावना जताई है।

इंदौर में पिछले चार दिनों तक तापमान में बढ़ोतरी ने राहत दी थी, लेकिन रविवार को ठंड ने फिर से दस्तक दी। तेज सर्द हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। दिन में भी तेज हवाएं चल रही हैं। रात के तापमान में गिरावट के चलते कंपकपी और ठिठुरन बनी रही। जनवरी में अब तक पांच रातें ऐसी रही हैं, जब तापमान 10 डिग्री से नीचे गिरा। इस महीने का सबसे कम तापमान 7 जनवरी को 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग का अनुमान है कि मकर संक्रांति के दौरान भी ठंड का असर बना रहेगा। उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण रविवार को ठंड का असर और बढ़ गया। मौसम विभाग के अनुसार, इन हवाओं की रफ्तार 260 किमी प्रति घंटा तक पहुंची, जिससे दिन का तापमान और गिर गया। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और लद्दाख में बर्फ पिघलने के कारण ठंड का प्रकोप बढ़ा है।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर मंगलवार, 14 जनवरी 2025
ख़बरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक



# मकर संक्रांति लोहड़ी एवं पोंगल त्योहार धूमधाम से मनाया गया जिले के सुप्रसिद्ध दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में

**देबाशीष गांगुली (संवाददाता। दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)**

**एमसीबी।** खुशियां आपके आंगन में आएं, जीवन में नई उम्मीदें सजाए मकर संक्रांति का यह पावन पर्व आपको ढेर सारी खुशियां दिलाए की भावना से सराबोर होकर शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया फसलों का त्योहार मकर संक्रांति, लोहड़ी एवं पोंगल। विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन विशेष प्रातः सभा के द्वारा किया गया कार्यक्रम के प्रारंभ में हिन्दी की वरिष्ठ शिक्षिका सुश्री नीरू कुमारी सिंह ने मकर संक्रांति पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को बताया कि सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर यह पर्व मनाया जाता है उन्होंने यह भी बताया कि ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार इस दिन को दान धर्म और पुण्य के लिए बहुत शुभ माना जाता है इस दिन दान करने से सूर्य देव की कृपा और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है। इस दिन तिल, गुड़ चावल और द्रव्य दान किया जाता है। इस दिन खिचड़ी दान और खिचड़ी का विशेष महत्त्व है। सुश्री नीरू कुमारी के उद्बोधन के पश्चात कक्षा नर्सरी के शिक्षिका श्रीमती अमनप्रीत कौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लोहड़ी से जुड़ी जानकारियां प्रेषित की श्रीमती कौर ने बताया की लोहड़ी से जुड़ी अनेक मान्यताएं हैं जिनमें से एक है दुल्ला भट्टी की कहानी है जिन्होंने लड़कियों की खरीद- बिक्री के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी, एक अन्य मान्यता के अनुसार माता सती के बलिदान को याद रखने की उपलक्ष्य में हम यह त्यौहार मनाते




हैं। मकर संक्रांति के समान ही लोहड़ी में भी हम भगवान सूर्य की उपासना करते हैं और उन्हें अच्छी फसल के लिए धन्यवाद देते हैं उन्हें इस दक्षिण भारत में लोकप्रिय त्योहार पोंगल के रूप में जाना जाता है अंत में उन्होंने बताया कि हमें आपसी प्रेम,एकता और सद्भावना के साथ यह त्योहार मनाना चाहिए। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने सुमधुर पंजाबी गीत पर प्रस्तुति दी तत्पश्चात कक्षा छठवीं की छात्राओं ने आकर्षक नृत्य ने प्रस्तुत किया इसी क्रम में कक्षा नवमी की छात्राओं ने शानदार नृत्य प्रस्तुत करते हुए वातावरण को संगीतमय कर दिया। संस्था के प्राचार्य डॉ बसंत कुमार तिवारी ने विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन ने कहा कि इन त्योहारों से हमें प्रकृति का सम्मान करना, मेहनत की कदर करना और अपनी संस्कृति से जुड़े रहना सीखना चाहिए साथ ही हमें यह निश्चित करना चाहिए कि हमारे जीवन में उत्सवों का उद्देश्य केवल आनंद ही नहीं बल्कि दूसरों की मदद करना और खुशियां बांटना भी हो हम सभी को इन त्योहारों पर संकल्प लेना चाहिए कि हम अपनी मेहनत और ईमानदारी से अपने लक्ष्य को हासिल करेंगे और समाज को बेहतर बनाने में योगदान देंगे, प्राचार्य महोदय की उद्बोधन के पश्चात कक्षा नवमी की छात्रा मनजोत कौर सलूजा ने भी विद्यार्थियों को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की। इन सभी कार्यक्रमों के तदुपरांत कक्षा तीसरी से पांचवी तक के छात्र-छात्राओं के मध्य % पतंग बनाओ प्रतियोगिता% का आयोजन किया गया प्रतियोगिता के पश्चात विद्यालय परिवार एवं सभी छात्र-छात्राओं ने लोहड़ी की पवित्र अग्नि जलाई एवं चारों तरफ नाचते गाते हुए आग में रेवड़ी, मूंगफली, खील और मक्के की आहुति देते हुए भारतवर्ष के सुख समृद्धि हेतु मंगल कामना की विद्यालय की निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह ने भी संस्था के छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को लोहड़ी पोंगल मकर संक्रांति की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि यह त्यौहार हमें मेहनत समर्पण और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का संदेश देता है लोहड़ी की अग्नि केवल परंपरा ही नहीं अपितु हमारे जीवन में प्रकाश और ऊर्जा का प्रतीक है जैसे किसान पूरे साल मेहनत करते हैं वैसे ही हमें भी मेहनत और अनुशासन के साथ अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण एवं राष्ट्रगीत के साथ किया गया।

# ज्योतिर्मठ शकराचार्य ने किया सनातन संरक्षण परिषद् का गठन

**केसरिया हिन्दुस्तान अखबार संवाददाता भानु प्रताप राय**

कुंभक्षेत्र प्रयागराजः परमाराध्य परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती 1008 की मौजूदगी में संवत् 2081 पौष शुक्ल चतुर्दशी 12 जनवरी सोमवार को परम धर्म संसद में सनातन संरक्षण परिषद का गठन हुआ। इसी मौके पर संसद में उत्तराखण्ड की बदरीश गाय का आगमन हुआ, जिससे परमधर्म संसद और भी पवित्र हो गई। सनातन धर्म के अनुसार गाय में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है और आज सत्र को 33 करोड़ देवी- देवताओं का भी आशीर्वाद मिल गया। बाहर इन्द्रदेव भी वर्षा कर अपना आशीर्वाद दे रहे थे।

जयोद्घोष के साथ परमधर्म संसद का सत्र शुरू हुआ। प्रश्नकाल में धर्मांसदों द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों का उत्तर परमाराध्य ने दिया।

विषय स्थापना सतना



मध्यप्रदेश से श्री देवेन्द्र पांडेय जी ने की। धर्मांसद डा. मनीष तिवारी कौशांबी ने सनातन संरक्षण परिषद गठित करने का प्रस्ताव रखा। देवेन्द्र पांडेय जी ने कहा कि धर्माचार्यों का नियंत्रण धर्मस्थलों में नहीं होने के कारण आज सभी मंदिरों पर सरकार ने कब्जा कर लिया है। संसद सत्र में ही साध्वी पूर्णाम्बा जी व नरोत्तम पारीक जी ने साप्ताहिक पत्र जय ज्योतिर्मठ का विमोचन परमाराध्य के कय-कमलों से कराया। संजय जैन जी को गौ प्रतिष्ठा ध्वज स्थापना का संरक्षक बनाया गया। गुजरात में सभी जिलों में गो प्रतिष्ठा ध्वज स्थापना की जिम्मेदारी दी गई। ब्रजेश सती जी ने कहा कि बदरीश गाय का संरक्षण आवश्यक है। सत्र में 27 धर्मांसदों ने अपने विचार रखे। परमाराध्य ने कहा कि हिन्दू धर्म अपने धर्मस्थानों-मठों-मन्दिरों-गुरुकुलों-गोशालाओं आदि से अनुप्राणित होता है। इसलिए इन हिन्दू धर्मस्थलों की देखभाल और प्रबन्धन का सीधा प्रभाव हिन्दू धर्म के मानने वालों और उनके प्रति धारणा बनाने वालों पर पड़ता है। इसलिए आवश्यक है कि इनके संरक्षण और प्रबन्धन में लगे लोग सनातन धर्म की न केवल गहरी जानकारी रखते हों अपितु अपेक्षित है कि वे हिन्दू धर्म को जी रहे हों और उनकी गहरी अनुभूति से भी सम्पन्न हों। परन्तु वर्तमान में देखा जा रहा है कि अनेक हिन्दू धर्मस्थलों की व्यवस्था को सरकार अपने धर्मनिरपेक्ष अधिकारियों के माध्यम से संभालने लगी है और यत्र-तत्र तो अन्य धर्म के लोगों को भी इस कार्य में लगा दिया है। परमधर्मसंसद् 1008 समस्त सनातन वैदिक हिन्दू आर्य परमधर्म के मानने वालों के लिए यह परमधर्मादेश जारी करती है कि ''धर्म स्थलों पर धार्मिक रीति से नियंत्रण स्थापित हो इसलिए धर्मस्थानों, मंदिरों, मठों की व्यवस्था या प्रशासन में किसी भी पद पर अधार्मिक, विधर्मी, नास्तिकों की नियुक्ति न करें तथा सरकारी हस्तक्षेप से इनको मुक्त किया जाए। अन्यथा जैसा शास्त्रों में कहा गया है कि तीर्थ या धर्मस्थल का सार चला जाएगा जो कि हिन्?दू धर्म की अपूरणीय क्षति होगी ।

**अत्युग्रभूरिकर्माणो नास्तिका रौरवा जनाः। तेऽपि तिष्ठन्ति तीर्थेषु तीर्थसारस्ततो गतः॥**

**श्रीमद्भागवत माहात्म्य 1/72**

प्रसिद्ध मंदिरों, धर्मस्थलों की गरिमा एवं रक्षा' के लिए देश की मान्य सनातनी संस्थाओं के प्रमुखों के नेतृत्व में एक सनातन संरक्षण परिषद् (सनातन बोर्ड) का गठन किया जाता है। परमधर्मसंसद् का शुभारंभ जयोद्घोष से हुआ। संसदीय सचिव के रूप में श्री उमाशंकर रघुवंशी जी उपस्थित रहे। प्रकर धर्माधीश गुजरात के किशोर दवे जी रहे। पर्व स्नान के कारण दो दिन के अवकाश के बाद 15 जनवरी को परमधर्मसंसद् का आरम्भ होगा। उक्त जानकारी शंकराचार्य जी महाराज के मीडिया प्रभारी संजय पाण्डेय ने दी है।

# शंकराचार्य नेत्रालय द्वारा विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य आमगांव बड़ा में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया

**केसरिया हिन्दुस्तान अखबार संवाददाता भानु प्रताप राय**

स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित शंकराचार्य नेत्रालय द्वारा विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में नरसिंहपुर जिले के विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमगांव बड़ा में निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया जिसमें शंकराचार्य नेत्रालय की टीम द्वारा मरीजों के नेत्रों की जांच की गई। शिविर प्रभारी द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन मरीजों में मोतियाबिंद पाया जाएगा शंकराचार्य नेत्रालय की निशुल्क बस सेवा द्वारा सेवा अस्पताल ले जाकर उनका आवश्यक उपचार किया जाएगा

इस शिविर में 104 लोगों ने



अपनी जांच कराई। जिसमें 60 मरीजों में मोतियाबिंद ओर नाखूना के 8 पाये गये।

शंकराचार्य नेत्रालय से केम्प प्रभारी दीपक सराठे डॉ राकेश बोस डॉ आफ़ताब खान डॉ गीतांजली मेहरा ऋषभ बैरागी प्रदीप प्रजापति एवं सी एच सी करेली से डॉ ए के माहौर साथ ही विवेकानंद उच्चर माध्यमिक विद्यालय आमगांव बड़ा से गोपाल कृष्ण नेमा विनोद रजक दीपक राकेशिया एवं आशीष पसारी के सहयोग से नेत्र शिविर आयोजित किया गया

# कुबेरेश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर आयोजित होने वाली कथा के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर-एसपी ने ली बैठक

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

कुबेरेश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर फरवरी माह महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस कथा में देशभर से लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इस कथा के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह तथा एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला ने स्थानीय रेस्ट हाउस में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री सिंह एवं एसपी श्री शुक्ला ने कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से इस आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की ।



बैठक में कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने कथा के दौरान बेहतर इंतजाम करने एवं लोगों की सुरक्षा के साथ ही नेशनल हाईवे पर आवागमन सुगम बनाए रखने के लिए मार्ग परिवर्तित करने तथा वैकल्पिक मार्ग के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कथा के दौरान पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, अस्थाई शौचालय, पार्किंग, हेल्थ कैम्प, आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, कन्ट्रोल रूम, सहायता केंद्र, मार्ग मरम्मत सहित अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने स्टेशन से कुबेरेश्वर धाम तक चलने वाले ऑटो, टैक्सी तथा पार्किंग की दर निर्धारित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में एडिशनल एसपी श्री गीतेश गर्ग, संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला पंचायत सीईओ श्री नितिन टाले, एसडीएम श्री तन्मय वर्मा, सीएसपी श्री निरंजन सिंह राजपूत, सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं श्री विठ्लेश्वर सेवा समिति के श्री समीर शुक्ला तथा श्री विनय मिश्रा उपस्थित थे।बैठक के पश्चात कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह, एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला तथा पंडित प्रदीप मिश्रा सहित सभी संबंधित अधिकारियों ने कथा स्थल के आसपास के स्थानों, मार्गों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय से पहले सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने व्यवस्था के लिए पर्याप्त अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए तथा जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए वे 23 फरवरी को अपने ड्यूटी स्थल पर पहुँच कर उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को भली भांति समझने के निर्देश दिए।

## हाथियों के डर से खाने-पीने के सामान पेड़ पर टांगे, परेशान हो चुके हैं बैगा जाति के लोग

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में हाथियों ने आतंक मचा रखा है। हाथियों के डर से बैगा जाति के लोग अपने खाने-पीने के सामान को पेड़ पर टांग दिए हैं। अनूपपुर के जैतहरी तथा अनूपपुर वनपाल क्षेत्र में बीते कई दिनों से दो हाथी विचरण कर रहे हैं। क्योंकि विचरण के दौरान लगातार ग्रामीणों के फसल तथा घरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। दूसरी ओर रात्रि के समय हाथियों के पहुंचने पर ग्रामीणों को अपनी जान बचाने के लिए पक्के इमारत की छत पर रात गुजारनी पड़ रही है। इसके साथ ही अब ग्रामीणों ने हाथियों के हमले से अपने गृहस्थी के सामान तथा अनाज को बचाने के लिए नया तरीका अपना रहे हैं। ग्राम पंचायत क्योंटार के राजस्व ग्राम कुशमहाई अंतर्गत पाडाडोल मोहल्ला जो जंगल एवं राजस्व भूमि के मध्य स्थित है, में एक बैगा परिवार एवं एक गोंड परिवार कच्चा मकान बनाकर खेती-बाड़ी एवं मजदूरी का काम कर जीवकोपार्जन करते हैं। ग्रामीण धनुहार बैगा, देवलाल और लाल बहादुर सिंह गोंड हाथी के हमले से गृहस्थी के समान तथा अनाज को बचाने के लिए घर के पास स्थित महुआ के पेड़ में अनाज एवं दैनिक उपयोग की सामग्रियों को रस्सी के सहारे पेड़ के ऊपर टांग कर बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

# राजधानी रायपुर में उपमुख्यमंत्री अरुण साव के हाथों सम्मानित हुए ट्रैफिक मैन महेश मिश्रा

**देबाशीष गांगुली (संवाददाता दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)**

**रायपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अवसर पर राजधानी के मेयफेयर रिजॉर्ट नवा रायपुर अटल नगर में आयोजित साधना न्यूज़ के नेशनल रोड सेफ्टी मेगाकांक्लेव सड़क सुरक्षा अभियान पर खास कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर पर परिचर्चा के आयोजन में छत्तीसगढ़ राज्य में सड़क सुरक्षा एवं यातायात जन जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर अतिरिक्त परिवहन आयुक्त पुलिस अधीक्षक डी. रविशंकर, सहायक पुलिस महानिरीक्षक यातायात संजय शर्मा एवं कोरिया जिले के यातायात में पदस्थ लांस नायक महेश मिश्रा को सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि लांस नायक महेश मिश्रा नि:स्वार्थ भाव से निरंतर यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने हेतु न केवल जिले में बल्कि पूरे प्रदेश एवं देश स्तर पर जाने जाते हैं और छत्तीसगढ़ राज्य के अलावा अन्य राज्यों में भी यातायात जागरूकता अभियान संचालित करते रहे हैं। प्रदेश की उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं परिवहन सचिव आईएएस श्री




एस. प्रकाश के हाथों सम्मान प्राप्त करने के उपरांत श्री मिश्रा ने आग्रह किया कि लोग अपनी जीवन रक्षा के लिए नियमों का पालन करें यातायात नियमों का पालन करने पर गर्व की अनुभूति करें ना कि नियम तोड़कर अपनी बहादुरी साबित करने का प्रयास, वाहन चालन एवं पीछे सवार होने की स्थिति में केवल हेलमेट और सीट बेल्ट का धारण कर चलने से सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों में 40त्न की कमी आती है। वाहन दुर्घटना अपने आप नहीं हुआ करती आपकी जरा सी लापरवाही किसी की जान ले सकती है, नियमों का पालन करें खुद सुरक्षित रहें औरों को भी सुरक्षित रखने में सहयोग प्रदान करें। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं सम्मान हेतु श्री मिश्रा ने साधना न्यूज के चैनल हेड आर.के. गांधी एवं संभागीय ब्यूरो चीफ सरगुजा संभाग अरुण जैन का विशेष आभार व्यक्त किया।

# पीएम श्री नवोदय चयन परीक्षा संबंधी बैठक संपन्न,परीक्षा 18 जनवरी को प्रवेश पत्र जारी

**दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी**

आलोट स्थानीय पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय आलोट के प्राचार्य शांतिलाल तेली ने बताया कि सत्र 2025-26 हेतु 80 सीटों के लिये 18 जनवरी 2025,शनिवार को आयोजित नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2025 के सफल आयोजन संबंधित एक बैठक विद्यालय के पुस्तकालय में सम्पन्न हुयी।

जिसमे रतलाम जिले के आलोट, बाजना, जावरा विकासखण्ड के शिक्षाधिकारी निर्मला कालमे, ज्योति पटेल

एवं विभिन्न 10 केंद्रों के केंद्राध्यक्ष एवं केन्द्र स्तरीय प्रेक्षकों के साथ जिला शिक्षा अधिकारी नॉमिनी सुधीर गुप्ता उपस्थित रहें।

बैठक में सर्वप्रथम नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा प्रभारी मनोज कुमार जोशी द्वारा चयन परीक्षा संबंधी दिशा निर्देश,परीक्षा के सुचारू संचालन, परीक्षा सामग्री के मिलान के साथ परीक्षा सामग्री



के पैकिंग संबंधी निर्देश विस्तृत रूप से प्रदान किये।

नवोदय विद्यालय प्राचार्य शांतिलाल तेली द्वारा चयन परीक्षा संबंधी सावधानियों एवं पुलिस बंदोबस्त के साथ प्रवेश पत्रों के बारे में जानकारी एवं निर्देश प्रदान किये,साथ ही बताया कि नवोदय चयन परीक्षा आलोट के 3 परीक्षा केंद्रों कन्या,महावीर स्कूल एवं सी एम राइस विद्यालय, बाजना के 4 परीक्षा केंद्रों उत्कृष्ट, कन्या,मॉडल एवं होली फैमिली स्कूल तथा जावरा के 3 परीक्षा केंद्रों कमला नेहरू,मॉडल एवं सी एम राइस विद्यालय में 18 जनवरी को11 से 1.30 के मध्य आयोजित होगी,परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र पर 10 बजे उपस्थित हो जाना चाहिए।

परीक्षा में 2967 विद्यार्थी शामिल होंगे जिनके प्रबेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति द्वारा जारी कर दिये गए है।

बैठक में नामित जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर गुप्ता ने चयन परीक्षा के लिए शुभकामनाएं प्रदान करते हुऐ परीक्षा के लिए दिये गए निर्देशों के साथ निर्विघ्न एवं गोपनीयता के साथ परीक्षा सम्पन्न करवाने के निर्देश प्रदान किये। बैठक का संचालन चयन परीक्षा प्रभारी मनोज कुमार जोशी ने किया जबकि आभार प्रदर्शन विद्यालय की उप प्राचार्य सुचिता खुराना द्वारा किया गया। बैठक को सफल बनाने के लिये रामसिंह राणावत,मुकेश नागर, गोपाल लुहार ,रौनक सोनी,वीरेन्द्र दीक्षित का सहयोग सराहनीय रहा।

# चक बरीदा में आंगनबाडी केन्द्र खोलने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश

## पनवाडा में एमपीसी के लिए भूमि आवंटन के निर्देश भी दिये , कलेक्टर ने किया पनवाडा एवं परतवाडा का भ्रमण

**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**

कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल द्वारा आज आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम पनवाडा एवं परतवाडा का भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होने ग्राम पनवाडा में चौपाल पर चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों से चर्चा कर विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं में मिल रहे लाभ के बारे में जानकारी ली गई। ग्रामीणों की मांग पर पनवाडा के मजरे चक बरीदा में नवीन आंगनबाडी केन्द्र खोलने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश डीपीओ श्री ओपी पाण्डेय को दिये। इसी प्रकार पीएम जनमन योजना के तहत ग्राम पनवाडा में 60 लाख रूपये की लागत से स्वीकृत मल्टीपरपज सेंटर के निर्माण के लिए उपयुक्त स्थान पर भूमि आवंटन का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश एसडीएम श्री बीएस श्रीवास्तव को दिये।

भ्रमण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एसडीओपी श्री प्रवीण आष्ठाना, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण श्री लालजीराम मीणा, सहायक संचालक मत्स्य श्री बीपी झसिया, पीडब्ल्यूडी ईई श्री विषणु भगवान अग्रवाल, ईई पीआईयू श्री अनिल पटेल, सीईओ जनपद श्री राकेश शर्मा, बीईओ श्री एसपी भार्गव, बीआरसी श्री अजय रावत, फूड इस्पेंक्टर श्री सुनील शर्मा, डीपीएम एनआरएलएम श्री सोहनकृष्ण मुदगल सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। ग्राम पनवाडा में चौपाल पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान सरपंच श्री रामअवतार आदिवासी, सरपंच आमेठ श्री हरनाथ देवरिया आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल द्वारा इस अवसर पर सहरिया महिला लद्यु वनोपज प्रोड्यूसर कंपनी से जुडी महिलाओं से चर्चा की गई, एनआरएलएम अंतर्गत संचालित इस प्रोड्यूसर कंपनी से लगभग 6 हजार 112 महिलाएं समूह के रूप में जुडी हुई है। कंपनी की 48 सेंटर है, जहां जडी बुटी संग्रहण का कार्य किया जाता है। महिलाओं ने बताया कि वर्तमान में बील, चानी बाजार, कमरकस, सतावर का संग्रहण चल रहा है, इस दौरान लखपति दीदीयों से भी उनकी आजीविका मूलक गतिविधियों के बारे में चर्चा की गई। चर्चा के दौरान महिलाओं ने यह भी बताया कि पोषण आहार अनुदान योजना के तहत 1500 रूपये की राशि प्रतिमाह प्राप्त हो रही है।



कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि फिंगर प्रिंट एवं डीबीटी खातो के कारण जिन महिलाओं को पोषण आहार की राशि नही मिल रही है, उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए गांव में 14 जनवरी को शिविर लगाया जायें। इस अवसर पर उन्होने श्री करण सिंह आदिवासी को ट्राईसिकल उपलब्ध कराने के निर्देश सीईओ जनपद कराहल को दिये। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा पनवाडा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का अवलोकन करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया गया।

**बालक अमित को स्पोंस्त्रशिप योजना में लाभ देने के निर्देशः** कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल द्वारा ग्राम पनवाडा में बालक अमित आदिवासी को स्पोंस्त्रशिप योजना में लाभ देने के निर्देश डीपीओ श्री ओपी पाण्डेय को दिये गये। चौपाल पर चर्चा के दौरान बालक के दादा श्री सुगन आदिवासी ने बताया कि उसके पुत्र स्व. श्री आशाराम आदिवासी एवं पुत्रवधु स्व. श्रीमती ओमती की मृत्यु हो गई है, इसके बाद से अमित का पालन पोषण उनके द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत लाभ दिलाये जाने की मांग भी की गई। इस पर पंचायत सचिव ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत प्रक्रिया पूर्ण कर जानकारी पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है, सीईओ जनपद ने बताया कि प्रकरण में ईपीओ जारी हो गया है तथा शीघ्र ही राशि खाते में प्राप्त होगी।

**सोन सिंह ने लिया शराब छोडने का संकल्प :** कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल द्वारा ग्राम पनवाडा में श्री सोन सिंह आदिवासी को शराब छोडने का संकल्प दिलाया गया तथा ग्रामीणों से चर्चा करते हुए नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही सभी प्रकार के दुर्व्यसनो से दूर रहने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया।

**पीएम जनमन के लाभार्थी से चर्चा :** कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल द्वारा ग्राम पनवाडा में पीएम जनमन योजना के तहत आवास के लाभार्थी श्री नरेश आदिवासी से चर्चा की गई तथा निर्मित आवास का अवलोकन भी किया गया। हितग्राही श्री नरेश ने बताया कि पीएम जनमन योजना के तहत आवास निर्माण के लिए दो लाख रूपये की रज

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी पुलियाः जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत ब्यौहरा में एक बड़ा भृष्टाचार सामने आया है। यहां पर सरपंच और सचिव द्वारा पुलिया निर्माण में घटिया सीमेंट और राखड का उपयोग किया जा रहा है, जिससे पुलिया की गुणवत्ता खतरे में पड़ गई है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि पुलिया निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री बहुत ही घटिया है और इससे पुलिया की स्थिरता और सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। उन्होंने बताया कि सरपंच और सचिव द्वारा इस पुलिया निर्माण में भारी भृष्टाचार किया जा रहा है और इससे स्थानीय निवासियों को बहुत परेशानी हो रही है। इस मामले में स्थानीय लोगों द्वारा मीडिया को फोटो एवं वीडियो भेजकर जानकारी दी गई है एवं राष्ट्रीय संगठन एंटी करप्शन कोर आफ इंडिया के पदाधिकारियों को जानकारी दी गई है और मांग की गई है कि पुलिया निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री की जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की जाए यह मामला एक बार फिर से भृष्टाचार की समस्या को उजागर करता है और यह दर्शाता है कि कैसे भृष्टाचारी तत्वों द्वारा सार्वजनिक निर्माण परियोजनाओं में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।




# एक तरफ सरकार सायरन और लाल बत्ती से, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के किनारा करने की बातें करती है तो वहीं दूसरी तरफ जनप्रतिनिधियों का सायरन से मोह भंग हो ही नहीं रहा

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

बड़ी-बड़ी गाड़ियों में लगे सायरन उस रसूख को दिखाते हैं जैसे आम जनता उनके सामने कुछ भी ना हो ,भीड़ में जब नेताजी की गाड़ी सायरन बजाते हुए निकलती है तो अलग ही भौकाल में नेताजी दिखाई देते हैं ,काले शीशे पर अंदर बैठे नेता जी को इस बात पर कोई फर्क नहीं पड़ता की सायरन के कारण लोगों को तकलीफ भी हो सकती है लेकिन न जनता की परवाह,न लोगों की परवाह, न होने वाली उस साइड इफेक्ट की परवाह, भाई नेताजी तो नेताजी है 7




और यह भौकाल रीवा जिले में जनपद अध्यक्षों में ज्यादा ही देखने को मिल रहा है जहां पर बड़ी-बड़ी कंपनियों की बड़ी-बड़ी गाड़ियों में बैठे जनपद अध्यक्ष नहीं बल्कि जनपद अध्यक्ष के पति सायरन बजाते हुए शहर में गाड़ियां दौड़ाते हुए दिखाई देते हैं 7सायरन बजाते हुए पुलिस भी नजर अंदाज करती हुई दिखाई देती है जैसे कान पर रुई डाल ली हो कि जनप्रतिनिधियों का यह सायरन केवल आम जनता के कानों को चुभता है और किसी को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है*

# सतना जीआरपी और आरपीएफ चौकी से चंद कदमों की दूरी पर युवक की बेरहमी से हत्या, पुलिस को नही लगी भनक

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

कुंभ के चलते अलर्ट मोड़ में रहने का दावा करने वाली सतना त्र्क्कऔर त्र्क्क्न पोस्ट से महज चंद कदमों की दूरी पर ही हो गयी हत्या, त्र्क्क और त्र्क्क्न के जवानों को नही लगी भनक, सुबह स्थानीय लोगों के द्वारा जानकारी देने पर 9 बजे मौके पर पहुंची पुलिस, जबकि हत्या वाले स्थान से करीब 100 कदम की दूरी पर अलर्ट मोड़ में रहने के लिए बनाई गई है पुलिस चेक पोस्ट, इसके बाद भी सतना रेलवे स्टेशन परिसर में ही युवक की बेरहमी से पत्थरो से कुचलकर अर्धनग्न युवक की कर दी गयी हत्या, जिस जगह पर हत्या हुई उस जगह पर शाम से शुरू हो जाता है नशेड़ियों और असमाजिक तत्वों का जमावड़ा। मृतक नई बस्ती निवासी बताया जा रहा है, अब त्र्क्क आरोपियों की तलाश में जुटी।



# सीईओ जिला पंचायत श्री वर्मा और अपर कलेक्टर श्रीमती मसराम बनी नि-क्षय मित्र

## टीबी मरीजों को फूड बास्केट की वितरित




**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**दमोह** - कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय सीमा बैठक उपरांत सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा और अपर कलेक्टर मीना मसराम नि-क्षय मित्र बनी। उन्होंने टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित की। साथ ही संयुक्त कलेक्टर अविनाश सिंह रावत, एसडीएम पथरिया निकेत चौरसिया, डिप्टी कलेक्टर बृजेश सिंह राजपूत भी नि-क्षय मित्र बने। जिला क्षय अधिकारी डॉं गौरव जैन ने आमजन से आग्रह करते हुए कहा अधिक से अधिक संख्या में नि-क्षय मित्र बने ताकि टीबी रोग को जिले से खत्म करने का प्रयास किया जा सके। उन्होंने बताया फूड बास्केट में 02 किलो दाल, 01 किलो दूध पाउडर, 03 किलो चालव एवं 01 किलो सोयाबीन तेल शामिल हैं।

# जिला में मिलेट्स फूड फेस्टिवल का आयोजन पोला ग्राउंड में 14 व 15 तारीख को

**( छिंदवाड़ा से मारुति लाल विश्वकर्मा की रिपोर्ट मो 9302268920 )**

छिंदवाड़ा 14/01/2025 श्री कलेक्टर महोदय द्वारा दिनांक 14 ,15 जनवरी को पोला ग्राउंड स्थान में प्रोग्राम में किया जा रहा है कलेक्टर महोदय जी के द्वारा छिंदवाड़ा में मिलेट्स का शुभारंभ सांसद महादेव द्वारा किया जायेगा मिनट्स फूड फेस्टिवल में लगभग 30 से अधिक फूड व्यंजन स्टार लगाए जाएंगे जिस पातालकोट की रसोई एवं वंभुज की रसोई द्वारा मक्के की रोटी टमाटर की चटनी बैगन भरता उसकी चावल मिलेट्स के पीलेदोसा राखी सूप मक्के की बेल कुटकी के खेत महुआ की पूरी मक्के का खोज महरी लड्डू मकर संक्रांति स्पेशल बताइए स्टार्ट प्रमुख होंगेऔर जिले के कार्यरत विभिन्न स्वच्छ सहायता समूह एवं एनजीओ द्वारा निर्मित हैंडीक्राफ्ट का भी विक्रय किया जाएगा एवं वन औषधि का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहेगा फुट मिनटफेस्टिवल में आधुनिक तकनीकी मिर्च गैलरी बनाई जाएगी जिसमें आकर्षण के तरीकों से 9 युवाओं को शहर वासियों को मिनट की प्रति जागरूकता हो जाएगा इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक विज्ञापनों और आदिवासी लोकगीत के माध्यम से मिनिट्स के प्रति जनता को जागरूक किया जाएगा जिला प्रशासन की ओर से समस्त जिला वीडियो से अपील है कि अधिक सभी संख्या में पोस्ट फेस्टिवल में परिवार सहित आनंद उठाएं



# नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा शहर का विकास हम सबकी प्राथमिकता

## खस्ताहाल सड़क से मिलेगी मुक्ति, 10 लाख की लागत से किया जाएगा सीसी रोड का निर्माण

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**सीहोर।** शहर के वार्ड क्रमांक पांच के अंतर्गत आने वाली लाल मस्जिद रोड कबाडे वाली गली कई सालों से खस्ताहाल थी, यहां पर नागरिकों के द्वारा अनेक बार इस संबंध में स्थानीय पार्षद से मांग की गई। इस खस्ताहाल सड़क के निर्माण कार्य का नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने सोमवार को भूमि पूजन करते हुए कहा कि शहर का विकास हम सबकी प्राथमिकता है। उन्होंने यहां पर मौजूद ठेकेदार से चर्चा करते हुए सड़क निर्माण का कार्य समय सीमा में पूर्ण करने की बात कही। सड़क निर्माण के दौरान क्षेत्रवासियों के साथ पार्षद राजीव गुजराती और नगर पालिका का अमला आदि शामिल थे।



नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि हम सभी एकजुट होकर नगर को सर्वांगिण विकास की ओर ले जाने में पूरी निष्ठा व मेहनत से कार्य करेंगे। किसी एक व्यक्ति या जनप्रतिनिधि के बस की बात नहीं कि नगर का विकास कर सकें, इसके लिए पूरी नगर पालिका को एकजुट होकर ही शहर के कोने-कोने तक विकास कार्य की श्रृंखला रखी जा सकती है। वर्तमान में नगरपालिका की ओर से शासन की संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ तय समय सीमा में नागरिकों को प्राप्त हो रहा है। वहीं जरूरत के हिसाब से नगर में निर्माण कार्य चल रहे है व आगे भी तीव्रता से वृहद स्तर पर निर्माण कार्य सीहोर शहर में होंगे। भूमि पूजन के दौरान पार्षद विजेन्द्र परमार, अजय पाल सिंह राजपूत, आजम नेता, मांगीलाल मालवीय, लोकेन्द्र वर्मा और सहायक इंजीनियर विजय कोली आदि शामिल थे।

# कलेक्टर द्वारा हेलीपैड स्थल का अवलोकन

**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**



महामहिम राज्यपाल मध्यप्रदेश श्री मंगू भाई पटेल के 16 जनवरी को प्रस्तावित आगमन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल द्वारा कराहल स्थित स्टेडियम में हेलीपेड स्थल का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एसडीएम श्री बीएस श्रीवास्तव, एसडीओपी श्री प्रवीण आष्ठाना, महिला बाल विकास अधिकारी श्री ओपी पाण्डेय, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण श्री लालजीराम मीणा, सीईओ जनपद श्री राकेश शर्मा, पीडब्ल्यूडी ईई श्री विष्णु भगवान अग्रवाल, सीमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार सहित पीएचई, पीएमजीएसवाय, स्वास्थ्य आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा इंतजामो के संबंध में निर्देश दिये गये। उन्होंने हेलीपैड स्थल के चारों ओर पर्याप्त बेरिकेटिंग करने के निर्देश पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही उन्होने हेलीपेड स्थल से एकलव्य आवासीय विद्यालय तक के मार्ग का अवलोकन भी किया।

# स्वरोजगार के लिए आदिवासी हितग्राहियों को चैक वितरण

**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**

भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के दो हितग्राहियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल द्वारा प्रथम किस्त अतंर्गत 50-50 हजार रूपये की राशि के चैक प्रदान किये गये। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण श्री लालजीराम मीणा भी उपस्थित थे।




कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने ग्राम रतोदन निवासी श्री करण आदिवासी एवं ग्राम सायपुरा निवासी श्री पाचया लाल आदिवासी को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए चैक प्रदान किये। सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण श्री लालजीराम मीणा ने बताया कि योजना के तहत एक-एक लाख रूपये के ऋण प्रकरण स्वीकृत किये गये है, जिसमें प्रथम किस्त के रूप में दोनो हितग्राहियों को 50-50 हजार रूपये की ऋण राशि प्रदान की गई है। द्वितीय किस्त स्वरोजगार स्थापित करने के उपरांत प्रदान की जायेगी। दोनो हितग्राहियों ने अपने-अपने गांव में किराना शॉप के लिए ऋण प्राप्त किया है।

उल्लेखनीय है कि योजना में योजना के तहत लाभ लेने के लिए मप्र के मूल निवासी अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवा जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष है तथा कक्षा 8वी परीक्षा उर्त्तीण हो, पात्र होगें। परिवार की वार्षिक आय सीमा 12 लाख रूपये से अधिक नही होना चाहिए। इस योजना के तहत उद्योग स्थापित करने के लिए 50 लाख रूपये तक तथा सेवा क्षेत्र में स्वरोजगार के लिए 25 लाख रूपये तक का ऋण प्रदाय किया जाता है। इच्छुक आवेदक www.samast.mponline.gov.in पर आवेदन कर

# नशे के कारोबार पर कार्रवाई, कोतवाली एवं बुढ़ार पुलिस की सफलता

## एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज 05 आरोपी गिरफ्तार




**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक शहडोल के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के अभियान के तहत शहडोल कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए रविवार को अंडरब्रिज, पुरानी बस्ती क्षेत्र में छापा मारकर 01किलो 561 ग्राम गांजा बरामद किया और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। मुखबिर सूचना के अनुसार राजेन्द्र नामदेव उर्फ राजा अपने घर में गांजा रखे हुए था जिसे वह अवैध रूप से विक्रय कर रहा था। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी को घर पर दबिश देते हुए तलाशी ली, जहां पर झोले में रखा हुआ बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा पाया गया। जिसे वजन करने पर तौल गांजे का वजन 01किल. 561 ग्रा. कीमता करीबन (15,000रु.) निकला। आरोपी राजेन्द्र से पूछताछ में बताया की गांजा संजय मिश्रा से खरीदा था। संजय मिश्रा द्वारा कुछ दिन पहले उसे यह गांजा पहुंचाया था। जिसपर कोतवाली पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संजय मिश्रा को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी संजय को गिरफ्तार कर पूंछताछ करने पर आरोपी द्वारा गांजा विकास महाराज निवासी शाहपुर नाम के व्यक्ति से खरीद कर राजेन्द्र नामदेव को बेचना बताया गया। प्रकरण में आरोपी विकास फरार है, पुलिस द्वारा आरोपी की पता-तलाश की जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से गांजे के अतिरिक्त एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन कीमता करीबन (1,35,00) भी जब्त किए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसी तरह थाना बुढार पुलिस ने गांजा तस्करी/विक्रय पर बड़ा खुलासा किया है। रविवार को मुखबिर से प्राप्त विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम मरजाद में रिलायंस बेल के पास पुलिस टीम द्वारा छापेमारी कर 01किलो 970ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, एक धारदार चाकू (गुप्तीनुमा), एवं एक मोबाइल फोन जप्त किया है। मुखबिर की सूचना के आधार पर संदेही पुष्पेंद्र द्विवेदी उर्फ सोनू पिता जयशंकर द्विवेदी, निवासी ग्राम छांटा को मौके से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने गांजा की तस्करी में शामिल अन्य व्यक्तियों के नाम बताए। उनकी निशानदेही पर आरोपी सुमित उर्फ आदर्श सिंह पिता समर बहादुर सिंह, निवासी ग्राम चंगेरा और अमृतलाल यादव पिता बिहारीलाल यादव, निवासी बैरिहा को भी गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपियों के कब्जे से कुल 01किलो 970ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, धारदार गुप्तीनुमा चाकू, एवं अन्य सामग्रियां जब्त की गई हैं। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा और आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। आरोपी पुष्पेंद्र ने पूछताछ में बताया कि गांजा उसे शुभम शुक्ला नामक व्यक्ति ने उपलब्ध कराया था, जिसकी पता-तलाश जारी है। जप्तशुदा गांजे की बाजार में अनुमानित कीमत 28,000 रुपये है।




# समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों को संबंधित अधिकारी गंभीरता से लें तथा शिकायतों के निराकरण करने की कार्यवाही करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में कोई भी शिकायत का निम्न गुणवत्ता से निराकरण न हो। शिकायतों का उच्च गुणवत्ता से निराकरण करें तथा पोर्टल में जानकारी अपलोड करें। कलेक्टर ने बैठक में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत जिले में आयोजित होने वाले जन कल्याण शिविर की जानकारी ली। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में आयोजित होने वाले शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता के साथ कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जन कल्याण शिविरों में आने वाले आवेदन एवं निराकरण किए गए आवेदनों की जानकारी पोर्टल में भी दर्ज कराएं। बैठक में कलेक्टर ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिन अधकारियों एवं कर्मचारियों की सैलरी आईएफएमएस पोर्टल से निकलती है उनका आईएफएमएस पोर्टल पर समग्र आईडी अपलोड कराएं जिससे सैलरी प्राप्त होने में समस्या ना हो। इसके साथ ही कलेक्टर ने लोक सेवा अधिनियम अंतर्गत लंबित शिकायतों की भी समीक्षा की तथा निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, ऊर्जा विभाग, जल संसाधन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वित्त विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की भी समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह, सहायक कलेक्टर सौम्या आनन्द सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# दो सगे भाइयों ने चरित्र संदेह में अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या, शव जंगली नाले में फेंका



शहडोल। शहडोल के सीधी थाना क्षेत्र के मीठी गांव में सोमवार को दो सगे भाइयों ने चरित्र संदेह के चलते नाई की हत्या कर दी। आरोपी आरिफ और छोटू को संदेह था कि मृतक चोखे लाल नापित (52) उनके घर की किसी महिला से अवैध संबंध रखता है। सोमवार सुबह इसी बात को लेकर आरोपियों का मृतक से विवाद हुआ। दोनों भाइयों ने गांव के बीच सड़क पर चोखे लाल की जमकर पिटाई की। इतना ही नहीं, अधमरा होने के बाद उसे अपनी बाइक पर बिठाकर करीब 5 किलोमीटर दूर मीठी जंगल के नाले में फेंक दिया। घटना के समय कुछ ग्रामीणों ने आरोपियों को देख लिया था। उन्हें शक हुआ तो दोनों भाइयों का पीछा भी किया, लेकिन वे घने जंगल में गायब हो गए। इसके बाद ग्रामीणों ने डायल 100 को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से पूछताछ की और सर्चिंग के दौरान जंगली नाले से चोखे लाल का शव बरामद कर लिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी भाई लंबे समय से मृतक पर शक करते थे। उन्हें लगता था कि चोखे लाल का उनके घर में आना-जाना संदिग्ध है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। सीधी थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि चारित्र सन्देह को लेकर मीठी गांव में एक अधेड़ की हत्या की गई है। हत्या का आरोप दो सगे भाइयों के पर है। लोगों की सूचना पर जब पुलिस ने सर्चिंग की तब जंगली नाले में चोखे लाल का शव बरामद हुआ है। दोनों भाई मौके से फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कमिश्नर ने जिला चिकित्सालय के नवीन भवन का लिया जायजा



**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने सोमवार को जिला चिकित्सालय अनूपपुर के नवीन भवन का आकस्मिक निरीक्षण किया। कमिश्नर शहडोल संभाग ने नवीन भवन में स्थित बाह्य रोगी विभाग, उमंग स्वास्थ्य केन्द्र, प्रसव एवं प्रसव पूर्व वार्ड, ऑपरेशन कक्ष का जायजा लिया। उन्होंने जिला चिकित्सालय परिसर में बनाई जा रही क्रीटिकल केयर यूनिट का निरीक्षण करते हुए भवन में उपलब्ध कराए जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान आयुक्त को सिविल सर्जन ने नवीन भवन में सामग्री की उपलब्धता तथा सामग्री मांग आदि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नवीन भवन में मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर की सुविधा उपलब्ध रहेगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर हर्षल पंचोली, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर सुधाकर सिंह बघेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. वर्मा, सिविल सर्जन डॉ. श्रीमती एस.बी. अवधिया, लोक निर्माण विभाग (भवन) के कार्यपालन यंत्री एवं एसडीओ उपस्थित थे।

# हेलमेट और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता हेतु यातायात पुलिस द्वारा मोटर साइकिल रैली का आयोजन




**शहडोल।** यातायात माह के अंतर्गत हेलमेट के उपयोग हेतु जागृति लाने के उद्देश्य से शहडोल पुलिस द्वारा मोटर साइकिल रैली निकाली गई जिसमें पुलिस अधीक्षक शहडोल रामजी श्रीवास्तमव द्वारा जय स्तंभ चौक से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बाइक रैली जय स्तंभ चौक से रवाना होकर राजेन्द्र टॉकीज तिराहा, न्यू गांधी चौक, बुढार चौक, बस स्टैंण्ड, बॉणगंगा तिराहा से होते हुए वापस जय स्तंभ चौक पर आकर समाप्त हुई। जागरूकता रैली में पुलिस अधीक्षक शहडोल के साथ उप पुलिस अधीक्षगक यातायात मुकेश दीक्षित, यातायात निरीक्षक सेवेंदर राम भगत एवं यातायात का बल सम्मिलित हुआ रैली के द्वारा यातायात नियमों एवं हेलमेट पहनने के प्रति जागरूक एवं प्रोत्साहित किया गया।

# एक ही रात में चोरों ने दो अलग-अलग स्थानों पर चोरी वारदात को दिया अंजाम

## किराना दुकान से 2 लाख का सामान और मंदिर से दान पेटी उड़ाई



**शहडोल।** शहडोल में रविवार की एक ही रात में चोरों ने दो अलग-अलग स्थानों पर वारदात को अंजाम दिया। ब्यौहारी थाना क्षेत्र में एलआईसी ऑफिस के पास स्थित एक किराना की थोक दुकान में चोरों ने शटर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान चोर दुकान से दाल की बोरियां, काजू-बादाम, सरसों तेल के दस जार, गुटखा-सिगरेट और नकदी समेत करीब 2 लाख रुपए का माल चुरा ले गए। दुकान के मालिक उत्कर्ष केसरी को सुबह पड़ोसी दुकानदार से दुकान का शटर खुला होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर दुकान का सामान बिखरा हुआ मिला। वहीं दूसरी वारदात कोतवाली थाना क्षेत्र की पुरानी बस्ती में स्थित दुर्गा मंदिर में हुई। चोरों ने मंदिर में रखी दान पेटी का ताला तोड़कर अंदर से नकदी चुरा ली। मंदिर के पुजारी राम जी श्रीवास्तव ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और चोरों की तलाश में जुटी है।

# पुलिस द्वारा 5,000 रूपये का ईनामी फरार आरोपी गिरफ्तार



शहडोल। पुलिस अधीक्षक जिला शहडोल के व्दारा चलाये जा रहे लगातार फरार आरोपियों की धरपकड़ के अभियान के तहत थाना खैरहा जिला शहडोल 20 सितंबर 2024 को पंजीबद्ध अपराध एनडीपीएस एक्ट के फरार आरोपी विकाश जायसवाल पिता वीरेंद्र जायसवाल उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम देवगई थाना खैरहा जिला शहडोल (म.प्र.) जो लगातार फरार चल रहा था जिसके गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक जिला शहडोल के द्वारा 5,000 रूपये ईनाम घोषित किया गया था। आरोपी विकाश जायसवाल पनिका को सोमवार को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया।

# गणतंत्र दिवस के आयोजन संबंधी बैठक संपन्न




**शहडोल।** कलेक्टर डॉ केदार सिंह की उपस्थिति में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के आयोजन संबंधित बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस के आयोजन स्थल महात्मा गांधी स्टेडियम की साफ सफाई, नगर की साफ-सफाई, स्टेडियम में पेयजल व्यवस्था एवं कार्यक्रम स्थल पर अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश नगर पालिका अधिकारी शहडोल को दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने स्वस्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि स्टेडियम में गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम के दौरान मेडिकल टीम भी उपलब्ध हो यह सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी स्कूल, कालेजों में गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडा फहराया जाए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन कराया जाए। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जनजातीय कार्य विभाग सहित अन्य विभागों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्टेडियम में झांकियों के प्रदर्शन हेतु झांकियां तैयार करने के निर्दश दिए हैं। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह, सहायक कलेक्टर सौम्या आनन्द, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह - सीईओ जिला पंचायत

**सीधी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर अंशुमन राज द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन के लिए सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता और सजगता से करें। इसके लिए रा'य शासन द्वारा विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं जिसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने कहा कि गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय में छत्रसाल स्टेडियम में किया जावेगा। साथ ही सभी जनपद मुख्यालयों पर भी गणतंत्र दिवस समारोह का गरिमामय आयोजन किया जाएगा। ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जहां सरपंच द्वारा औपचारिक रूप से राष्ट्रीयध्वज फहराया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि केन्द्र एवं रा'य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर केन्द्रित झांकियों का प्रदर्शन करें। यह झांकियां कला और संस्कृति से भी प्रेरित होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य समारोह तथा भारत पर्व में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए निर्देशित किया है। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख आयोजन के संबंध मे दिए गए निर्देशों के अनुसार कार्यवाही कर अवगत कराना सुनिश्चित करेंगें। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने पूर्व से उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही समारोह स्थल की साफ-सफाई, मरम्मत, बेरीकेटिंग, पेयजल, लाइटिंग, साउण्ड सिस्टम आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# समय-सीमा बैठक : मेला स्थलों पर आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करें - सीईओ जिला पंचायत

**सीधी।** समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज ने समस्त उपखण्ड अधिकारियों तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को जिले के विभिन्न स्थानों पर मेले लगाए जाएंगे तथा श्रद्धालुओं द्वारा नदी घाटों में स्नान किया जाएगा। ऐसी परिस्थितियों में समस्त नदी घाटों तथा मेला स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय अपनाना सुनिश्चित करें। सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेटिंग तथा गोताखोरों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभी स्थानों में मेडिकल टीमों की ड्यूटी लगाएं। सीईओ जिला पंचायत ने धान उपार्जन की समीक्षा करते हुए कहा कि आगामी कुछ दिनों तक जिले में बारिश की संभावना को देखते हुए उपार्जन केंद्रों में धान का व्यवस्थित भंडारण सुनिश्चित करायें। साथ ही धान परिवहन के कार्य की गति को बढ़ाएं। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को उपार्जन केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने तथा अनियमितता पाए जाने पर दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कठोरता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पुन्नापुर में संपन्न हुई सूर्य ज्योति पूजा



**सीतापुर।** ग्राम पंचायत गोपालपुर पूर्वी प्रधान श्रीमती संजू देवी पत्नी संजय कुमार के द्वारा ग्राम पुन्नापुर में सूर्य ज्योति पूजा का किया गया आयोजन । सूर्य ज्योति पूजा के प्रधान पुजारी माधवराम व पत्नी श्रीमती सरला देवी ने बताया कि सूर्य ज्योति पूजा भगवान सूर्य देव की आराधना निरंतर 12 घंटे खड़े होकर की जाती है यह यह पूजा बिना अन्न जल ग्रहण किए लगातार 12 घंटे खड़े होकर भगवान सूर्य देव को प्रसन्न करने के लिए की जाती है यह पूजा लोग अपनी मनौती को पूरा करने के लिए भी करते हैं इस पूजा से भगवान सूर्य देव प्रसन्न होकर अपने भक्तों को मनवांछित फल प्रदान करते हैं भगवान सूर्य देव की पूजा यश वैभव धन संपत्ति पुत्र प्राप्ति आदि लोक कल्याण की भावना से की जाती है इस अवसर पर ग्राम प्रधान संजू देवी पुत्रवधू प्रभु दयाल हीरालाल वेद प्रकाश मनोज कुमार हरि कृष्ण गया प्रसाद वर्मा पीयूष कुमार ऋषि गुप्ता सहित ग्राम पंचायत के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे ।

### 15 की जगह 14 जनवरी को रहेगा अवकाश

**सीतापुर ।** जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना ने बताया कि जनपद न्यायालय सीतापुर में दिनांक-15.01.2025 को पूर्व घोषित मकरसंक्रान्ति का स्थानीय अवकाश परिवर्तित करते हुये दिनांक-14.01.2025 को मकरसंक्रान्ति के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। जिला कारण जनपद न्यायालय सीतापुर की समस्त न्यायालय एवं कार्यालय, जनपद की वाह्य न्यायालय सिविल जज (जू0डि0), महमूदाबाद, सीतापुर, न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) बिसवां, सीतापुर, ग्राम न्यायालय सिधौली, सीतापुर एवं ग्राम न्यायालय लहरपुर, सीतापुर दिनांक-14.01.2025 को बंद रहेंगे एवं दिनांक-15.01.2025 को खुले रहेगे।

### केसरिया हिंदू वाहिनी के द्वारा मनाया गया श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

**खैराबाद -सीतापुर।** माखूपुर स्थित पाठक तालाब मंदिर पर श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर मंदिर में हनुमान जी का वंदन पूजन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। केसरिया हिंदू वाहिनी के संस्थापक अतुल मिश्रा जी ने प्रभु राम जी के आदर्शो पर चलने की बात कही और बताया कि आज हिंदू धर्म की सबसे बड़ी सीख जो राम जी की माननी चाहिए। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बब्लू ने कहा कि मर्यादा पुरूषोतम श्री राम मर्यादा में रहकर उन्होने लंका पर विजय हासिल की जिसे यह हम लोगो को सीख मिलती है कि हम लोग मार्यादा में रहकर कोई भी कार्य करेंगे लो लक्ष्य प्राप्ति निश्चित हैं कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ,जिला पंचायत सदस्य संदीप मिश्रा,समाजसेवी पुनीत सिंह ,विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष विनीत शर्मा ,सभासद विष्णु ,पूर्व सभासद ओम प्रकाश बख्शी ,एडवोकेट अरुण श्रीवास्तव ,समाजसेवी अमित मिश्रा ,समाजसेवी एवं कंप्यूटर इंस्टीट्यूट के संचालक पंकज मिश्रा जी,राजीव मिश्रा,छोटे गुड्डू चाचा,पुजारी बिरजू महाराज ,अनिल यादव सोनू, शुद्दू यादव,प्रमोद यादव,मनीष मिश्रा ,अध्यापक गिरीश श्रीवास्तव,एडवोकेट अनिल श्रीवास्तव जी तथा बहुत से छोटे छोटे बच्चे उपस्थित हुए ।

### घायल हुए रेफर पुलिस ने दर्ज किया केस

**पिसावां-सीतापुर।** क्रिकेट मैच के विवाद को लेकर चार आरोपियों ने रास्ते मे पहले से घात लगा कर बैठे काम से वापस घर जाते समय युवक की लात घूंसा व हांकी आदि से जम कर पिटाई कर दी इससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया जहां से ईलाज के लिये जिला अस्पताल रेफर किया गया। मामला थाना क्षेत्र के ताविंदानगर का है। यहां पर तीन दिन पूर्व गांव के आरोपी आदर्श व अंकुल तथा पीडित युवक फुरकान द्वारा क्रिकेट मैच खेला गया तथा जिसमें विवाद हो गया था। पीडित फुरकान ने बताया कि आरोपियों ने देख लेने की धमकी दी थी जिसकी रंजिश के चलते पीडित युवक फुरकान बरगावां मे एक निजी अस्पताल मे काम करने के लिये शनिवार को गया हुआ था, जहाँ से देर शाम बाईक से वापस घर आ रहा था। घायल युवक ने बताया कि सेज कला गांव के सरकारी नलकूप के पास पहले से घात लगाये आदर्श, अंकुल अपने दो अन्य साथियों के बैठे हुये थे जैसे ही सडक पर पहुंचा चारों आरोपियों ने रोक कर अभद्र भाषा का प्रयोग कर लात घूंसा डंडा व हाकी से मारने पीटने लगे।

# भू माफियाओं -भूमाफिया होते है फिर सौतेला व्यवहार क्यो : विकास हिन्दू

**सीतापुर ।** भूमाफियाओं को लेकर सीतापुर में फिर से एक बार चर्चाओं का दौर गुजर रहा है और यह भूमाफियाओं का दौर अब हिन्दू मुस्लिम तक जा पहुंचा है बताते चले कि लोकसभा सीतापुर के सांसद राकेश राठौर के द्वारा सीतापुर में भू माफियाओं के खिलाफ एक प्रेस कांफ्रेंस में कई नामो को लेकर चर्चा की गई थी साथ ही सीतापुर के कुछ भ्रष्ट अधिकारियों के ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये गये थे। सीतापुर के सांसद राकेश राठौर की प्रेस वार्ता के बाद राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू के द्वारा अपने कार्यालय पर भूमाफियाओं के खिलाफ प्रेस वार्ता आयोजित की गई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू ने लोकसभा सीतापुर के सांसद राकेश राठौर की प्रेस वार्ता को निशाना साधते हुए कहा कि क्या जनपद में मात्र हिन्दू धर्म के ही भू माफिया है सासंद के द्वारा दूसरे धर्म के भूमाफियाओं के खिलाफ क्यो नही आवाज उठाई जा रही है यह सौतेले व्यवहार सांसद के द्वारा क्यो किया जा रहा है। कहीं इसकी वजह वोट बैंक या निजी लाभ तो नही है। सांसद के द्वारा विकास हिन्दू का नाम लेने साथ ही शहर के तमाम भू माफिया के नाम तो उजागर किये गये लेकिन उन भूमाफियाओं के नाम उजागर नही किये गये जो कांग्रेस के वोट बैंक में आते है विकास हिन्दू ने प्रेस कान्फ्रेस के माध्यम से सांसद राकेश राठौर से प्रश्न करते हुए कहा कि आपके भाई अनुपम




राठौर भी प्रॉपर्टी डीलिंग से जुड़े कार्य करते है क्या वह नियमानुसार होता है । जाँच के दायरे में तो वह भी आते है। साथ ही सांसद ने अपने मकान के पड़ोस में जो नजूल की भूमि पर कब्जा करके वाहन खडे करते है क्या वह जायज है. सांसद जिस दिन चुनाव जीते थे उसी दिन मतगणना स्थल पर कुछ भू माफियाओं के नाम सांसद के द्वारा लिये गये थे लेकिन सांसद के द्वारा प्रेस कांफ्रेस में उन भूमाुयिाओं का नाम नही लिया गया क्या वह भूमाफिया नही है। प्रेस वार्ता के माध्यम से विकास हिन्दू ने सांसद राकेश राठौर से अनुरोध किया कि सभी के साथ एक जैसा व्यवहार करें अगर हिन्दू भू माफिया के खिलाफ आप प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकते तो जो मुस्लिम भू माफिया के भी उजागर करें। विकास हिन्दू ने प्रेस वार्ता के माध्यम से नवी रसूल, शराफत प्रधान, शकील ट्रेडर्स, शकील टुंडा, कमल अंसारी, एलसिया नासरु आदि की जांच के लिये आवाज उठाई। साथ ही विकास हिन्दू ने कहा कि सांसद अगर वास्तविकता में भू माफियाओं के खिलाफ है तो मैं निश्चित ही इस लड़ाई में सांसद के साथ कदम से कदम मिला कर भ्रष्टाचार के खिलाफ इस लड़ाई में साथ दूंगा ।लेकिन लड़ाई सभी वर्गो के साथ एक जैसी लड़ी जानी चाहिए। भूमाफिया भूमाफिया होता है न वह हिन्दू होता है औन न ही मुसलमान। फिर वोट बैंक की राजनीति न करें निजी द्वेष भावना से किसी व्यापारी को बेवजह परेशान न किया जाए।कल तक जिनको समाज सेवी कहकर सांसद सम्मानित कर रहे थे आज उन्ही को भूमाफिया कह रहे है।

## 15 जनवरी को तहसील सभागार में होगी महिला उत्पीड़न की जनसुनवाई

**सीतापुर ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक आवेदकों की सुगमता की दृष्टिगत प्रदेश के विभिन्न जनपदों यथा सीतापुर, में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा महिला जनसुनवाई निरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है।यह जानकारी देते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने बताया कि उक्त के क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा जनपद सीतापुर में महिला उत्पीड़न की समस्याओं के निराकरण हेतु नामित माननीय सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश श्रीमती प्रियंका मौर्या की अध्यक्षता में दिनांक 15 जनवरी 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे सदर तहसील सभागार सीतापुर में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अतः दिनांक 15 जनवरी 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे सर्किट हाउस सभागार सीतापुर में आयोजित महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में उत्पीड़न की पीड़ित महिला शिकायतकर्ता अपने शिकायती पत्र, मोबाइल नंबर एवं पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड आदि साथ लेकर आ सकते हैं। जिससे आयोजन स्थल पर ही उनका निस्तारण किया जा सके।

## मनमानी पर उतारू हरगावं चीनी मिल प्रशासन

**सीतापुर ।** जिलाधिकारी से लेकर एवआरटीओ लगातार निर्देश जारी कर रहे है कि सड़को पर ओवर लोड वाहनों को दौड़ते हुए देखा गया तो कार्यवाही की जायेगी तो वही उपसंभागीय परिवहन विभाग सीतापुर के अधिकारी ओवर लोड वाहनों पर लगातार



कार्यवाही करते हुए वाहनों को नियमानुसार संचालित करने की पूरी कोशिश कर रहे है। इसके बाद भी हरगावं चीनी मिली प्रशासन पूरी तरह से अपने मनमानी कर रहा है। हरगांव मिल के भारी वाहन गन्ने से लदे लगातार ओवर लोड देखे जा रहे है और लगातार सड़क हादसों को दावत दे रहे है। गन्ना मिलों का सीजन चालू होने से सड़को पर दौड़ रहे ओवर लोड भारी वाहन व उनसे हो रहे सड़को हादसो को देखकर कहा जा रहा है कि यह गन्ने का सीजन नही बल्कि सड़क हादसों का सीजन चल रहा है। वाहन चालको और मिल प्रशासन की लापरवाही का आलम यह है कि सड़को पर ओवर लोड वाहन जिसमें ट्रैक्टर ट्रालियां भी शामिल है वह दौड़ती हुई लगातार देखी जा रही है लेकिन वाहनो पर नियमानुसार रेडियम की प्लेट तक नही दिखाई देती है यहां तक हरगांव मिल परिसर के वाहनों से लेकर गन्ना लेकर मिल आ रहे वाहनों की हैड लाइटे भी दुरूस्त नही होती है इण्टीकेटर तक काम नही करते है इसके बाद भी यह वाहन रात के अंधेरे में सड़को पर मात्र एक लाइट के सहारे दौड़ते हुए देखे जा रहे है जिससे सामने से आ रहा दूसरा वाहन चालक यह समझ ही नही पाता है कि सामने से आ रहा वाहन भारी वाहन है या फिर दो पहिया वाहन। इसको लेकर उपसंभागीय परिवहन विभाग सक्रिय है यहां तक एआरटीओ माला बाजपेई ने भी बताया कि ऐसे वाहन स्वामियों को जागरूक किया जा रहा है तथा कार्यवाही भी की जा रही है और पूरा प्रयास किया जा रहा है कि सड़को पर चल रहे भारी वाहन नियमानुसार ही चले।

## विद्यालयों में हो व्यापक सुधार जिससे छात्रो को मिले बेहतर संविधाएं : डीएम

**सीतापुर ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय स्कूल सुरक्षा समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान शासन द्वारा नामित एजेन्सी टाइम्स सेंटर फॉर लर्निंग लि0, लखनऊ द्वारा जनपद के चयनित विद्यालय सेठ जय दयाल इण्टर कालेज बिसवां के किये गये निरीक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि संबंधित एजेन्सी द्वारा किये गये व्यापक निरीक्षण में मिली कमियों के निराकरण हेतु तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जाये तथा कार्ययोजना भी प्रस्तुत की जाये। जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रबंध समिति के अधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को प्रेरित करते हुये



कहा कि विद्यालय में सुविधाओं के विकास, सुरक्षात्मक कार्यों आदि के लिये व्यापक स्तर पर प्रयास करें, जिससे छात्रों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।बैठक के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह ने एजेण्डा प्रस्तुत करते हुये बताया कि उ0प्र0 शासन, माध्यमिक शिक्षा अनुभाग 7 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक-18 अगस्त 2024 के अनुपालन में जिलाधिकारी के आदेश दिनांक-08 जनवरी 2025 द्वारा जनपद स्तरीय स्कूल सुरक्षा समिति का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद के चयनित विद्यालय सेठ जय दयाल इण्टर कालेज बिसवां में एजेन्सी टाइम्स सेंटर फॉर लर्निंग लि0, लखनऊ द्वारा विस्तृत निरीक्षण कर विद्यालय में मिली कमियों के विषय में रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी है, जिनके निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने हेतु उक्त समिति की बैठक आहूत की गयी है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में सुरक्षात्मक एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु कार्ययोजना बनाकर तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत कार्यवाही भी की जायेगी।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सहित, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार, ए0आर0टी0ओ0 माला बाजपेयी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डम्पर ने बाइक को मारी टक्कर चालक की रगड़न से डंफर में लगी आग

**सिधौली -सीतापुरध।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में बीती देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुकीमपुर तिराहे के निकट विपरीत दिशा में जारहे डम्फर(ट्रक) ने सामने से आ रही एक बाइक में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गयी डम्फर सैकड़ों मीटर दूर खींच ले गया बाइक जिसमें बाइक सवार की मौत हो गई। बाइक के सड़क में रगड़ने से लगीं डम्फर में भीषण आग डम्फर और बाइक बनी आग का गोला दोनों वाहन जल कर खाक हुए। कोतवाली क्षेत्र में बीती देर रात अरविन्द ((28) वर्ष पुत्र राम सुमेर निवासी हरिहरपुर मजरा भम्भेरा थाना कमलापुर - सीतापुर अपनी बहेन को लखनऊ से खिचड़ी देकर बाइक से वापस घर जा रहा था तभी राष्ट्रीय राजमार्ग पर के मुकीमपुर तिराहे के निकट विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक(डम्फर )ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेतरतीब विपरीत दिशा में जारहे डम्फर ने सामने से आ रही बाइक में इतनी जोर की ठोकर मारी कि बाइक को सैकड़ों मीटर डम्फर घसीटता रहा और सड़क बाइक के रगडने से देखते -देखते दोनों वाहन आग का गोला बन गए मार्ग पर लम्बा जाम लग गया सूचना पाकर पहुंची पुलिस और अग्नि शमन दस्ता करीब एक घंटे बाद कड़ी मशक्कत के बाद अग्नि शमन दस्ते ने आग पर काबू पाया तब तक डम्फर और बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी डम्फर ड्राइवर मौके से फरार बताया जा रहा है। बाइक के नंबर के अनुसार बाइक के परिजनों तक सूचना पहुची। घटना के संबंध में पुलिस उपाधीक्षक कपूर कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या टक्कर के बाद घिसटने से बाइक की टंकी फट गयी होगी जिससे डम्फर के इंजन में आग लगी है दोनो वाहनो में आग लगी है । मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

## ऑटोलिफ्टर गिरफ्तार, चोरी हुई 03 मोटरसाइकिल बरामद




**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद सीतापुर में अपराध नियंत्रण हेतु जनपद पुलिस को वृहद एवम् सघन चेकिंग के लिये निर्देशित किया गया है।दिये गये निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 13.01.25 को अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना खैराबाद पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर मोटरसाइकिल चोरी के संबंध में पंजीकृत अभियोग में प्रकाश में आये शातिर ऑटोलिफ्टर सलमान पुत्र मो0 असलम निवासी मो0 शाहगंज असरफाबादा थाना खालाबाजार जनपद लखनऊ हाल पता मो0 खदरा थाने के पीछे थाना मदेहगंज जनपद लखनऊ को राधेलाल चैराहा के पास गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिससे मौकेध्निशानदेही से कुल 03 अदद बिना नंबर प्लेट की मोटर साइकिलें (01 टीवीएस अपाचे, 01 पल्सर, 01 टीवीएस अपाचे) बरामद हुई है। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया गया कि बरामद एक अपाचे मोटरसाइकिल को कस्बा खैराबाद बी0सी0एम रोड से, एक पल्सर मोटर साइकिल लखनऊ के पारा क्षेत्र से व तीसरी अपाचे मोटर साइकिल लखनऊ से चोरी की है। थाना खैराबाद क्षेत्र से चोरी हुई मोटरसाइकिल के संबंध में मु0अ0सं0 15/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना खैराबाद पंजीकृत है। गिरफ्तार अभि0 उपरोक्त का चालान न्यायालय किया गया है। जनपद में अपराध एवम् अपराधियों के विरुद्ध निरंतर एवम् प्रभावी कार्यवाही इसी प्रकार चलती रहेगी।

## शीघ्रता से हो स्टाम्प वादों का निस्तारण



**सीतापुर ।** अपर जिलाधिकारी (वि0 एवं रा0) नीतीश कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि प्रदेश में (जिला धिकारीध्अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) ध्सहायक आयुक्त स्टाम्प) के न्यायालयों में काफी संख्या में स्टाम्पवाद लम्बित है। भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 की धारा 33 व 47ए के अन्तर्गत काफी संख्या में स्टाम्पवाद योजित है, जिनमें राज्य सरकार का बड़ी मात्रा में राजस्व निहित है। इन वादों के त्वरित गति से निस्तारण से जहाँ राज्य सरकार को इंगित स्टाम्प कमी के सापेक्ष बड़ी धनराशि शीघ्र प्राप्त हो सकेगी, वहीं सम्बन्धित पक्षकारों को भी न्याय में विलम्ब के कारण बढ़ने वाली ब्याज की देयता से राहत मिलेगी। स्टाम्प वादों का ससमय शीघ्र निस्तारण न होने से भी राज्य सरकार को स्टाम्प कमी की धनराशि समय से प्राप्त नही हो पाती है एवं प्रकरण अनावश्यक रूप से मुकदमेंबाजी में उलझ जाते है।उन्होंने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशों के दृष्टिगत जन-सामान्य को अधिकाधिक सुविधा प्रदान करने व स्टाम्पवादों के त्वरित निस्तारण एवं उनमें निहित स्टाम्प कमी की धनराशि राज्य सरकार को शीघ्रातिशीघ्र प्राप्त होने के उद्देश्य से जनपद स्तर पर जिलाधिकारीध्अपर जिलाधिकारी (वि0रा0)ध्सहायक आयुक्त स्टाम्प, के न्यायालयों में समाधान योजना शासनादेश दिनांक 26 दिसम्बर, 2024 व आयुक्त स्टाम्प उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के पत्र दिनॉक 31.12.2024 से 31 मार्च 2025 तक विस्तारित की गयी है, जिनमें वादकारी अपने वाद का निस्तारण (100-रू0) अर्थदण्ड के साथ निर्णीत कराने हेतु किसी भी कार्य दिवसध्नियत तिथि पर उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए समाधान योजना का लाभ प्राप्त कर अपने वाद का निस्तारण करा सकते है।

## अधिकारियों ने नही दिया ध्यान तो ग्रामीणों ने चंदा लगाकर स्वयं बनवा डाला पुल

**सीतापुर।** सकरन ब्लाक मुख्यालय से तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित कम्हरिया कटेसर और महाबली पुरवा गांव जो किवानी नदी के अति बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में आते हैं। यहां के ग्रामीण नदी को पार करने के लिए पिछले चार दशक से नदी पर पुल बनाए जाने की क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से लगातार मांग कर रहे हैं। लेकिन लंबे इंतजार के बावजूद जब नदी पर पुल नहीं बना तो ग्रामीणों ने आपस में चंदा जोड़कर नदी पर लकड़ी का पुल बना डाला। कम्हरिया कटेसर और महाबलीपुरवा गांव के तमाम ग्रामीणों के खेत नदी के दूसरी ओर स्थित होने के कारण ग्रामीणों को खेती-बाड़ी के काम के लिए अक्सर नदी को पार करना पड़ता है। ऐसे में नदी पर पुल न होने की समस्या ग्रामीणों को बहुत परेशान करती है। गांव के छोटे-छोटे बच्चों को नदी को पार कर स्कूल जाना पड़ता है। वहीं ग्रामीणों को जरूरी चीजें खरीदने के लिए बाजार और बीमार लोगों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के लिए भी नदी को पार करना पड़ता है। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा नदी पर पुल बनाए जाने का लंबा इंतजार जब पूरा होते नहीं देखा तो आपस में चंदा जोड़कर नदी पर लकड़ी का पुल बना डाला। अब वह इसी पुल से नदी को पार करते हैं। पूर्व प्रधान रजनेश जायसवाल के साथ अनुपम जायसवाल, धीरज जायसवाल, राकेश, मनोहर लाल, दिनेश, रामनाथ, राम प्रसाद, दिवाकर, बबलू, बृजेश, रामशंकर, शत्रोहन लाल, उमाशंकर, हरद्वारी, गनेशी आदि का कहना है कि यदि नदी पर रपटा पुल का निर्माण हो जाए तो बैलगाड़ी, ट्रैक्टर ट्रॉली, ठेलिया, बैट्री रिक्शा आदि के साथ नदी को पार करने में आसानी हो जाएगी।

# आदेशों का उल्लघंन कर ग्राम पंचायतों में हो रहा भुगतान : आलोक तिवारी

**सीतापुर।** किसान मंच के मण्डल उपाध्यक्ष लखनऊ आलोक तिवारी ने जिलाधिकारी को पत्र देकर अवगत कराया कि जनपद की ग्राम पंचायतों में प्रधानो व सचिवों द्वारा जारी आदेशों को दरकिनार कर वित्त की धनराशि में घोटाले किये जा रहे है। श्री तिवारी ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि विकास खण्ड बिसवां की ग्राम पंचायत बिसवां देहात में ग्राम प्रधान के द्वारा सचिव की मिली भगत से प्रधान इस्माइल के पुत्रों मो. आकिब मो. आसिफ, मो. इजराइल व पत्नी अंजुम बेगम भतीजे एकलाख पुत्र जमीन के नाम वित्तीय खाते से मजदूरी सफाई कर्मचारी का वेतन व सामग्री का भुगतान कर बंदरबांट किया गया है। प्रधान पुत्रों के नाम पर वित्तीय वर्षो में लाखों रूपये का भुगतान किया गया है। साथ ही प्रधान इस्माइल के द्वारा जारी आदेशों को दरकिनार कर अपने नजदीकी अना खां को बिना जीएसटी फर्म के वित्तीय वर्ष 23-24 में लाखों रूपये का भुगतान किया गया है। इसी प्रकार विकास खण्ड बिसवां की ही ग्राम पंचायत कईमपनाह में प्रधान वसीम खां के द्वारा अपने सगे भाई जहीर खां वसीम खां, पुत्र यासीम खां व अन्य परिवार जनों के नाम वित्त के खाते से भुगतान कर फर्जीवाड़ा किया गया है व जारी आदेशों की धज्जिया उड़ाई गई है। किसान मंच ने जनपद में हो रहे वित्त के घोटाले के तत्काल प्रभाव से जांच कर विधिक कार्यवाही की मांग की है। जिससे जिले में वित्त में घोटाले रोके जा सके व जारी धनराशि से धरातल पर विकास हो सके।

**भारतीय किसान मंच ने योगी ने निर्णय ही सराहना की :-**

स्थानीय तहसील के ऐतिहासिक ग्राम बाड़ी में शत्रु सम्पत्ति घोषित भूमि पर गौशाला बनाये जाने के शासन के निर्णय की सराहना करते हुए भारतीय किसान संघ उत्तर प्रदेश (अवध प्रान्त) के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर आभार प्रकट किया है। संगठन के ब्लॉक मंत्री रामनाथ रावत ने मुख्यमंत्री को लिखे गये आभारपत्र में बताया कि शत्रु सम्पत्ति घोषित भूमि पर लम्बे समय से गांव के भूमाफिया ने कब्जा कर रखा था और उक्त भूमि पर कब्जा करने के लिए तरह तरह के मंसूबे बनाये जा रहे थे। गोमाता की रक्षा और गौवंश के संवर्धन के प्रति शासन की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए जनपद के जिलाधिकारी द्वारा उपरोक्त भूमि पर गौशाला का निर्माण करवाने का जो निर्णय लिया गया है उससे क्षेत्र के कृषकों और गोवंश के प्रति आस्था रखने वाले हिन्दू समाज में प्रसन्नता व्याप्त है। इससे क्षेत्रीय कृषकों को आवारा गोवंश से अपनी फसलों को बचाने में मदद मिलेगी तथा खाली पड़ी भूमि का भी अत्यन्त सराहनीय प्रयोग होगा। उन्होंने मांग की कि गौशाला का निर्माण अतिशीघ्र करवाया जाये। किसान संघ कार्यकर्ता विजय रावत, प्रेम, बब्लू , चन्द्र, राजेश, यतेन्द्र, रमाकांत ,अशोक ,भग्गू आदि ने भी सरकार के गौशाला निर्माण के निर्णय पर हर्ष व्यक्त किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### लॉरेन पॉवेल जॉब्स ने रेती पर जमाई गृहस्थी, कल्पवास के लिए पहुंचीं संगमनगरी



**प्रयागराज।** अमेरिका के अरबपति कारोबारी स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल जॉब्स महाकुंभ में कल्पवास के लिए पहुंच गई हैं। उनके गुरु निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद ने उनको कल्पवास के लिए महाकुंभ में कमला नया नाम दिया है। कमला पौष पूर्णिमा पर प्रथम डुबकी के साथ कल्पवास आरंभ करेंगी। लॉरेन पॉवेल जॉब्स सेक्टर-18 में कैलाशानंद के शिविर में रहकर सनातन परंपरा के कठिन अनुशासन के तौर पर कल्पवास करेंगी। महाकुंभ के दौरान वह सादगी भरा जीवन बिताते हुए संगम की रेती पर जहां सनातन की संस्कृति से परिचित होंगी, वहीं आध्यात्मिक ज्ञान भी प्राप्त करेंगी। कैलाशानंद गिरि के शिविर में रहकर वह शिव तत्व को जानने और सनातन संस्कृति को करीब से समझने का प्रयास करेंगी। महाकुंभ में लॉरेन पॉवेल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कॉटेज में ठहरेंगी और संतों की संगत में समय बिताएंगी। वह महाकुंभ के पहले दिन संगम में डुबकी लगाने के साथ ही दो सप्ताह तक कल्पवास करेंगी।

### 2026 में पूरी ताकत पंचायत चुनाव लड़ेगी कांग्रेस पार्टी



**लखनऊ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने प्रेसवार्ता में कहा कि सात दिन संगठन सृजन के लिए चिंतन हुआ है। इसका उद्देश्य आने वाले समय में हर इकाई को मजबूत करना और तैयार करना है। पिछले दिनों सभी कार्यकारिणी भंग की थी। काम का आकलन कर, नई चुनौतियों को ध्यान में रखकर नए सिरे से गठन करें। सात दिन में बैठक में 6280 नेता शामिल हुए। दो चरणों में बैठक हुई।

25 साल से सक्रिय और संगठन से जुड़े लोगों के साथ बैठक की गई है। एक ज्यूरी बनी थी जो सुझावों को लेगी। पांच स्तरीय संगठन का निर्माण, समय से करेंगे। प्रदेश, मंडल, जिला, ब्लॉक, बूथ स्तर यह गठन होगा। 2026 में कांग्रेस हर पंचायत पर स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेगी। इसकी तैयारी के लिए योजना बनी है। जिला स्तर पर समन्वय समिति बनाएंगे। शीर्ष से लेकर स्थानीय नेता होंगे। प्रदेश के नेता समन्वय करेंगे। यूपी में कांग्रेस की संभावना दिखी है। हमने इंडिया गठबंधन के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई है। कांग्रेस के ही नहीं गठबंधन के सपा के प्रत्याशियों को पूरी ताकत से सहयोग और समर्थन किया है। कोई कसर नहीं छोड़ी। लोकसभा चुनाव में 17 सीटों पर लड़े और छह पर कांग्रेस जीती है।

उन्होंने कहा कि जनता का डबल इंजन सरकार से विश्वास उठ चुका है। जनता चाहती है कि कांग्रेस नेतृत्व करें। 2026 के निकाय, पंचायत चुनाव के साथ 2027 में विधान सभा चुनाव में भी पूरी मजबूती से उतरेंगे। संगठन सृजन का कार्यक्रम उसमें सहयोगी भूमिका निभाएगा। अविनाश पांडेय ने कहा कि कांग्रेस अतीत की नींव पर भविष्य का निर्माण करेगी।

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बोले- कुंभ में हम सभी डुबकी लगाएंगे :** इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रयागराज को लेकर बड़ी बातें कही जा रही हैं। गंगा पुत्र निषाद लोगों को वहां से हटा दिया गया है। पूरे क्षेत्र से हटा दिया गया है। जीवन यापन प्रभावित है। बनारस में भी यही किया गया। गुजरात की बोट वालों को काम और ठेका दिया गया है। हम उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में सेवादल का शिविर लगा है। उन्होंने कहा कि कुंभ में हम सभी लोग डुबकी लगाएंगे। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर में सपा प्रत्याशी का समर्थन करेंगे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद की टिप्पणी पर कुछ भी नहीं कहा। उन्होंने कहा कि कुंभ को लेकर राजनीतिक एजेंडा का समर्थन नहीं करेंगे।

यह देश के लिए गौरव का विषय है। हर वर्ग के लोगों का है। समाज के विभिन्न विचार के लोगों को जोड़ना है।

# मेडलाइफ संचालक मरीजों की जिंदगियों के साथ कर रहा है खिलवाड़

## ट्रामा सेंटर के नाम पर चल रहे अस्पताल के मानकों की जांच तक नहीं की जाती

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकरनगर ।** जनपद के मुख्यालय पर स्थित शहर के निमियहवा पोखरा स्थित बजरंग पेट्रोलपंप के पास में मेड़लाइफ हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर का बोर्ड लगाकर लोगों को लुभाया जा रहा है। सुविधाएं तो छोड़िए यहां पर ट्रामा सेंटर के मानक ही पूरे नहीं हैं। पड़ताल के समय वहां कोई एंबुलेंस तक नहीं दिखी । और न ही सिटी स्कैन व ब्लड बैंक खुद का दिखा। अफसरों की लापरवाही का यह आलम है कि ट्रामा सेंटर के नाम पर चल रहे अस्पताल के मानकों की जांच तक नहीं की जाती।जिला मुख्यालय पर स्थिति नंदराज हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर का लंबा-चौड़ा बोर्ड लगाकर चलाया जा रहा है। ऐसी स्थित में मानक तो दूर की बात है यहां पर्याप्त सुविधाएं तक नहीं है। ये हैरान करने वाली असलियत।

**मीडिया पड़ताल में तस्वीर सामने आई जहां बड़े-बड़े अक्षरों में ट्रामा सेंटर लिखकर लोगों को लुभाया जा रहा है :-**

इस ट्रामा सेंटर में मरीजों को अलग-अलग रखने की सुविधाएं भी ठीक से नहीं दिखीं। आवश्यकता पड़ने पर मरीजों की जान बचाने के लिए ब्लड बैंक की भी व्यवस्था नहीं मिली। यदि किसी मरीज को ब्लड की आवश्यकता पड़ जाए तो भगवान भरोसे ही उसका जीवन रहेगा। सिटी स्कैन, आइसीयू, वेंटीलेटर, आक्सीजन पाइप लाइन भी अस्पताल में नहीं है। ऐसे में तो ट्रामा सेंटर के नाम पर मरीजों के साथ धोखा हो रहा है। ट्रामा सेंटर में आर्थोसर्जन के अलावा बांकी स्टाफ तो है पर न्यूरोसर्जन का अभाव है। इसके अलावा प्रशिक्षित स्टाप के मानक का कोई आंकलन भी नहीं है। गैर प्रशिक्षित हाथों में मरीजों के उपचार की कमान होने से जान का संशय बना रहता है।

**क्या हैं ट्रामा सेंटर के मानक :-**

- चार आपरेशन थियेटर होने चाहिए जिसमें न्यूरो हड्डी व पेट के लिए अलग-अलग आपरेशन थियेटर हों।
- आइसीयू की सुविधा होनी चाहिए।
- ब्लड बैंक, एमआरआइ व सीटी स्कैन की सुविधा हो।
- न्यूरो सर्जन व आर्थोपेडिक सर्जन सहित दूसरे सभी सर्जन 24 घंटे ट्रामा सेंटर में ही मौजूद रहें।
- आठ-आठ घंटे की ड्यूटी पर प्रत्येक विधा के तीन विशेषज्ञ होने चाहिए।
- ट्रामा मरीजों के लिए अलग व्यवस्था हो, यहां पर सामान्य मरीज न रखे जाएं।

**जिला अधिकारी अविनाश सिंह के द्वारा बैठक में दिए गए हैं सख्त निर्देश :-**

मेडलाइफ हॉस्पिटल ट्रामा सेंटर में इलाज करने वाले मरीज नाम न छापने के शर्त पर बताया मेडलाइफ हॉस्पिटल ट्रॉमा सेंटर का नाम इस्तेमाल कर मरीज से भारी भरकम्प फीस वसुले जाते हैं बात वही नहीं खत्म हुई आखिर जनपद मुख्यालय से चंद कदमों की दूरी पर मेडलाइफ हॉस्पिटल संचालक अधिकारीयों को खुला चुनौती दे रहा है क्षेत्र की जनता में खुब चर्चा हो रहा है, अपनी करतूत को छुपाने के लिए मेड लाइफ संचालक मीडिया कर्मियों पर रंगदारी वसूलने का लगता है आरोप जबकि जिला अधिकारी अविनाश सिंह के द्वारा बैठक में ऐसे अस्पतालों , डायग्नोस्टिक सेंटर पैथोलॉजी, संचालकों पर सख्त कार्रवाई करने का खाका तैयार कर लिया गया है जिला प्रशासन कोई बड़ा एक्शन लेने की तैयारी में है जिम्मेदार अधिकारीयों द्वारा कार्रवाई को लेकर यह सवाल अभी बना हुआ है आखिर कब होगी कार्यवाही।

## डॉ.सोनी होम्योपैथी द्वारा प्रयागराज महाकुंभ मेले में किया गया निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकर नगर।** जनपद के डॉ0 सोनी होम्योपैथी द्वारा प्रयागराज महाकुंभ मेले में मुख्य मेलाधिकारी अमित पाण्डेय के संरक्षण में एक दिवसीय फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य चेकअप और निःशुल्क होम्योपैथिक दवाइयों का लाभ उठाया। और ये दवाइयां डॉ सोनी होम्योपैथी द्वारा फ्री में वितरित किया गया। और डॉ सोनी ने वहां मैजूद लोगों से बताया कि आप का स्वास्थ्य ही हमारी प्रथम प्राथमिकता है। और उन्होंने होम्योपैथी के बारे में लोगों को जागरुक भी किया और बयाया की होम्योपैथी एक ऐसी विद्या है, कि जो बड़ी से बड़ी और पुरानी से पुरानी आसाध्य रोगों को जड़ से खत्म करती हैं। बिना किसी साईड इफेक्ट के और लोगों को स्वस्थ जीवन जीने का का मूलमंत्र भी दिया। ऐसे मौके पर मुख्य मेलाधिकारी अमित पाण्डेय के साथ उनकी पूरी टीम ने इस कार्य का सराहना भी किया और कहा महाकुंभ प्रयागराज में होम्योपैथी द्वारा यह एक भव्य और दिव्य योगदान है। जहा उन्होंने खूब प्रसंशा किया और कहाँ की यह एक अतुलनीय सेवा है। और स्मरणीय है, इस मौके पर राधेश्याम इंस्पेक्टर, डॉ0 देवेंद्र सोनी,डॉ0 नरेंद्र सोनी,प्रवीण दुबे और दीप नायक सिंह मौजूद रहे।आप को बता दें कि इस तरह का फ्री मेडिकल कैंप समय समय पर डॉ0 सोनी होम्योपैथी द्वारा लगाया जाता हैं। डॉ0 सोनी का कहना है की इस तरह का सेवा भाव समाज के लिए कल्याणकारी होता हैं, सेवा हमेशा निस्वार्थ भाव से होनी चाहिए।

## दो बाइकों की आपसी भिडंत में तीन घायल

**रामपुरा/जालौन।** रामपुरा थाना क्षेत्रान्तर्गत माधौगढ रोड पर दो बाईकों की आमने सामने भिडंत हो गई। जिससे तीन युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायल युवकों को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार रामपुरा थाना अंतर्गत माधौगढ़ रोड पर दोपहर लगभग 12ः00 बजे दो मोटरसाइकिल आमने-सामने टकरा गई जिसमें तीन नवयुवक घायल हो गए। प्राप्त विवरण के अनुसार सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे प्रदीप पुत्र दुर्गा प्रसाद उम्र 21 वर्ष निवासी खुटैला थाना कैलिया अपनी हीरो एचएफ डीलक्स एमपी 04 एक्सएम 0318 से शादी के कार्ड बांटने रामपुरा की ओर जा रहा था इसी समय शिवम पाल पुत्र राकेश पाल उम्र 18 वर्ष व हिमांशु पुत्र सुभाष विश्वकर्मा उम्र 18 वर्ष निवासीगण जगम्मनपुर थाना रामपुरा अपनी हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल यूपी 92 एके 7112 से माधौगढ़ की तरफ जा रहे थे उसी समय काली पेट्रोल पंप के आगे कस्बा रोड के पास दोनों मोटरसाइकिले आमने-सामने टकरा गई जिसमें बाइक सवार तीनों नव युवक घायल हो गए।

## गन्ना लादकर ले जा रहे नौजवान युवक की ट्रैक्टर पलट जाने से हुई दर्दनाक मौत

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकर नगर ।** जनपद के महरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुकुंदीपुर निवासी विंध्याचल सिंह उर्फ बड़े स्वर्गीय कृष्ण चंद्र सिंह रविवार की रात अपने गांव मुकुंदीपुर गांव से गान्न् लाद कर मिझौडा चीनी मिल ट्रैक्टर चलाकर लेकर जा रहे थे की भीटी थाना क्षेत्र अंतर्गत चन्हा चौराहा से लगभग 200 मीटर मिझौडा रोड पर पहुंचे थे कि तभी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर बगल गड्ढे में पलट गया और मृतक ट्रैक्टर के बड़े चक्के के नीचे दब गया जिसे तत्काल क्षेत्रीय लोगों द्वारा जेसीबी मशीन से ट्रैक्टर को खड़ा कर पुलिस को सूचना देते हुए एंबुलेंस द्वारा तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा मृतक घोषित कर दिया गया जिसकी खबर क्षेत्र में फैलते ही चारों तरफ कोहराम मच गया और पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया और परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल है वहीं अंतिम दर्शन के लिए हजारों की संख्या में महिला और पुरुष पहुंच गए जिनका अंतिम संस्कार गांव के बगल बाग में किया गया वहीं गांव वालों द्वारा बताया गया मृतक विंध्याचल सिंह दो भाई थे दूसरा भाई दुर्ग विजय सिंह नलकूप विभाग में पिता की मृतक आश्रित नौकरी करते हैं और बड़े भाई विंध्याचल सिंह घर पर रहकर खेती-बाड़ी तथा परिवार की देखभाल करते हुए गांव के बगल बाल्ही पटरे की दुकान भी डाल रखी थी माता-पिता का लगभग 10 वर्ष पहले ही देहांत हो चुका था मृतक विंध्याचल सिंह के दो पुत्री एक लगभग 6 वर्ष और दूसरी चार वर्ष तथा एक ढाई महीने का पुत्र है मृतक की उम्र लगभग 32 वर्ष बताई जा रही है इस दर्दनाक घटना से गांव तथा क्षेत्र में कोहराम स मच गया है।

## आर्मी भर्ती परीक्षा में नकल करने के दो आरोपी गिरफ्तार

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अयोध्या ।** अयोध्या में सेना भर्ती परीक्षा में नकल कराने वाले सॉल्वर गिरोह के दो सदस्यों गिरफ्तार हुए है। एसटीएफ और मिलिट्री इंटेलिजेंस की संयुक्त कार्रवाई में दोनों को लिखित परीक्षा में नकल करते हुए पकड़ा है। इसमें एक आरोपी वाराणसी निवासी विकास राय और मध्य प्रदेश के बैतूल जिले का सुखनंदन यादव के है। पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल फोन, परीक्षा प्रश्नपत्र, एडमिट कार्ड और अन्य सामान बरामद किए हैं। टेरिटोरियल आर्मी जनरल ड्यूटी क्लर्क, ट्रेड्समैन भर्ती की परीक्षा में नकल कर रहे थे। दोनों इलेक्ट्रॉनिक कॉल रिसीवर डिवाइस का इस्तेमाल कर रहे थे। आरोपियों ने सॉल्वर गैंग से चार-चार लाख रुपए में परीक्षा पास कराने की डील किया था। परीक्षा से पहले आरोपियों ने गैंग को 40-40 हज़ार रुपए दिए थे और गैंग के सदस्य उन्हें इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के जरिए पेपर सॉल्व करवा रहे थे। पुलिस ने बताया विकास राय वाराणसी का रहने वाला है, जबकि सुखनंदन यादव मध्य प्रदेश के बैतूल जिले का रहने वाला है। गिरफ्तार आरोपियों ने परीक्षा पास करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक कॉल रिसीवर डिवाइस का इस्तेमाल किया था। यह डिवाइस इतनी छोटी थी कि इसे आसानी से कान में लगाया जा सकता था। आरोपियों ने इस डिवाइस के जरिए सॉल्वर गिरोह के सदस्यों से पूछकर प्रश्न पत्र हल किए थे।

## आखिर क्यों श्रवण धाम में हो रहें कार्यो पर नहीं पड़ रही जिम्मेदारों की नजर

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकर नगर।** आखिर क्यों श्रवण धाम में हो रहें कार्यो पर नहीं पड़ रही जिम्मेदारों की नजर प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या से सटे जनपद अम्बेडकर नगर में स्थित श्रवण क्षेत्र का कायाकल्प हो रहा है। पर्यटन स्थल बनाने के लिए सरकार द्वारा धन श्रवण क्षेत्र के कायाकल्प करने के लिए दिया जा रहा है। श्रवण धाम में लगी प्रभु श्री राम की प्रतिमा स्थापित है जो आकर्षक का केन्द्र है। यहां पर फूल लगाने के लिए क्यारियां भी बनाई जा रही है। मिडिया द्वारा यहां पड़ताल किया गया तो यहां पर आने वाले दर्शनार्थियों द्वारा कार्य चर्चा किया जा रहा था कि यहां आने के उपरांत सुकुन मिला लेकिन जो कार्य यहां पर कराया जा रहा है मानक के अनुरूप नहीं है।यहां पर हो रहे कार्यो पर अगुलिया उठ रही है। आखिर भ्रष्टाचार मुक्त करने वाली सरकार में भी भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लग पा रहीं हैं। यहां पर गन्दे पानी में लोगों को स्नान करना पड़ता है।जहां लोग अंतिम संस्कार करने के उपरांत स्नान करते हैं।

## सौरभ गुप्ता बने सांख्यिकी अधिकारी लोगों ने दी बधाई

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** जनपद के जलालपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत मालीपुर निवासी सौरभ गुप्ता का चयन सहायक सांख्यिकी अधिकारी के पद पर सुलतानपुर जिले में हुआ हैं। हमारे संवाददाता से बातचीत में उन्होंने बताया कि कड़ी मेहनत और लगन से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता हैं इसकी प्रेरणा हमें अपने स्वर्गीय दादा राम लौट गुप्ता से मिली है जो कि मेडिकल आफिसर थें इनके पिता मेडिकल की दुकान चलाते हैं। सौरभ गुप्ता ने इसका श्रेय अपने माता मीरा देवी व पिता विनोद कुमार अग्रहरी तथा गुरुजनों व मित्रों को देते हैं। श्री गुप्ता ने सफलता का मूल मंत्र बताया कि जिन लोगों की आदत सकारात्मक सोच के साथ मेहनत करने की होती है उन्हें कामयाबी जरूर मिलती है। मेहनत की वजह से देर ही सही, लेकिन लक्ष्य पूरे हो ही जाते हैं। कभी निराश नहीं होना चाहिए। सौरभ गुप्ता के आवास पर उनके मित्रों व शुभचिंतकों का बधाई देने के लिए तांता लगा हुआ हैं।

## अयोध्या में दिनदहाड़े हुई 5.50 लाख रुपये की लूट मामले में पुलिस मुठभेड़ में दो गिरफ्तार



दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अयोध्या।** अयोध्या में दिनदहाड़े हुई 5.50 लाख रुपये की लूट का कोतवाली नगर पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस मुठभेड़ में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि दो आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। मुठभेड़ के दौरान दोनों लुटेरों के पैर में गोली लगी है। दोनों का जिला अस्पताल में इलाज कराया गया। एसपी सिटी मधुबन सिंह ने बताया कि कोतवाली नगर के रोडवेज बस अड्डा के पास 27 दिसंबर को जमीन का बैनामा कराने आई एक महिला से 5.50 लाख रुपये से भरा बैग बाइक सवार दो बदमाश लूट कर फरार हो गए थे। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए लुटेरे को कोतवाली नगर पुलिस व सर्विलांस टीम ने खोज निकाला और पोस्टमार्टम हाउस रोड पर रात में मुठभेड़ में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# एसपी सिटी वृंदावन पुलिस के साथ मुठभेड़ स्थल पर

## पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़, एक बदमाश घायल दो गिरफ्तार

दैनिक केसरिया
हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी



**मथुरा।** धार्मिक नगरी में छिनेती करने वाले गैंग के खिलाफ वृंदावन पुलिस का लंगड़ा अभियान लगातार जारी है। वृंदावन पुलिस ने महज चौबीस घंटे के अन्दर एक बार फिर दो बाइक सवार बदमाशो को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है।जवाबी फायरिंग में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पकड़े गए बदमाशो से पुलिस ने लुटा हुआ पर्स मोबाइल,नगदी व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद किया है। गौरतलब है कि शनिवार की रात्रि प्रेम मंदिर से दर्शन कर परिवार के साथ वापस लौट रही एक श्रद्धालु महिला का बाइक सवार बदमाश पर्स छीनकर ले गए थे। जिसमें मोबाइल व नगदी रखी हुई थी। इस संबंध में पीड़ित परिवार ने वृंदावन कोतवाली पहुंचकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर दी थी। जिसको तत्काल संज्ञान में लेते हुए कोतवाली प्रभारी रवि त्यागी द्वारा एक टीम गठित कर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से बदमाशो की तलाश की जा रही थी।जिसमें रविवार की सांय वृंदावन पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि छिनेती करने वाले बाइक सवार बदमाश एक बार फिर घटना को अंजाम देने के लिए निकल पड़े है। जोकि गुरुकुल रोड के समीप खड़े हुए है। जैसे ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने बदमाशो की घेराबंदी की तो बदमाशो ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। पुलिस ने अपने बचाव में जब जवाबी फायरिंग की तो बाइक सवार बदमाश सतीश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। इस बीच उसका साथी राजेश जैसे ही भागने का प्रयास करने लगा उसे पुलिस ने नाकाबंदी कर मौके पर ही दबोच लिया। पकड़े गए बदमाश ई रिक्शा व पैदल सवार श्रद्धालुओं से मोबाइल,पर्स, चेन आदि की छिनेती जैसी वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशो से लूट का सामान, तमंचा कारतूस व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराकर आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। यहां बताते चले कि उक्त बदमाशो ने कुछ दिन पूर्व सौ फुटा पुल पर श्रद्धालु के साथ हुई लूट घटना को कबूल किया है।

## संक्रांति पर्व में पंचनद पर स्नान को लेकर प्रशासन की तैयारी सुदृढ़

**जगम्मनपुर/जालौन।** संक्रांति पर्व पर श्रद्धालुओं के पंचनद संगम में स्नान को लेकर प्रशासन ने अलर्ट मोड में आकर सभी इंतजामात पुख्ता कर लिए हैं।ज्ञात हो कि जनपद का एकमात्र संगम तीर्थ पंचनद संगम अनेक जनपदों के लिए तीर्थराज प्रयाग की भांति आस्था का केंद्र है। यहां प्रत्येक स्नान पर्व पर भारी संख्या में श्रद्धालु स्नान करते है। इस वर्ष प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियां जोरों पर हैं लेकिन सभी लोग प्रयागराज महाकुंभ में नहीं जा सकते, इसलिए जालौन इटावा औरैया जनपदों के श्रद्धालु पंचनद संगम में डुबकी लगाकर शाही स्नान की अनुभूति करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### एल यू सी सी डायरेक्टर और सी एम डी को गिरफ्तार कर उनकी चल अचल संपत्ति को नीलाम कर भुगतान किए जाने की मांग



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सत्य नारायण गुप्ता

दिनांक 10/01/2025 को बाराबंकी के ठगी पीड़ित जमा करता परिवार संगठन के माध्यम से कई कंपनियों के सैकड़ों ठगी पीड़ित 14 सूत्रीय मांगों को लेकर 10/01/2025 को कलेक्टर से मिलकर अपनी बात रखी जिसमें सबसे अहम मुद्दा एल0 यू0 सी0 सी0 के मुख्य आरोपी जिसमें उत्तम सिंह राजपूत- कोर टीम मेंबर, माया राजपूत- कोषाध्यक्ष, शबाब हुसैन रिजवी- कंपनी कलर, आर.के.शेट्टी- फंड मैनेजर एवं डायरेक्टर, समीर अग्रवाल- सी0 एम0 डी0आदि की गिरफ्तारी हो और उनकी सारी चल अचल संपत्ति सरकार अपने कब्जे में लेकर नीलामी करवाकर निवेशकों का भुगतान करवाए। दूसरा मुद्दा एजेंटों पर दर्ज हुए फर्जी मुकदमों को वापस लिया जाए। तीसरा मुद्दा किसी निवेशक के द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र की निष्पक्ष जांच करने के उपरांत ही अभियोग दर्ज की जाए। क्योंकि कार्यकर्ता भी पहले निवेशक है।

### सिख संगत की पहल पर पंच प्यारों ने की गुरुद्वारा सिंह सभा एवं स्कूल प्रबंध समिति की घोषित



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान सहारनपुर ब्यूरो चीफ जाती राम

**सहारनपुर।** सहाररनपुर की सर्वोच्च सिख संस्था गुरुद्वारा सिंह सभा एवं संबंधित तीनों स्कूलों की प्रबंध समिति की चुनाव प्रक्रिया के दौरान इस बार पहली बार जनरल मीटिंग के दौरान सर्वम्मति से पंच प्यारों जथेदार प्रीतम सिंह, जथेदार अजीत सिंह, जथेदार मेहर सिंह, जथेदार मनमीत सिंह और जथेदार गगनदीप सिंह को यह अधिकार दे दिए गए थे कि बिना चुनाव के नियम 16 के अंतर्गत चयन प्रक्रिया से पंच प्यारे ही चुनेंगे। गुरुद्वारा सिंह सभा और तीनों स्कूलों के पदाधिकारी, इस प्रक्रिया के अंतर्गत पंच प्यारो ने गुरुद्वारा सिंह सभा के दीवान मे वहाँ मौजूद संगत के सामने अगले तीन वर्षो के लिए सभी पदाधिकारियों की घोषणा करके उनकी लिस्ट नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुजसबीर सिंह को सौंप दी। इस दौरान गुरुद्वारा सिंह सभा मे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष अरदास के साथ पंच प्यारो ने नयी टीम की घोषणा की।

### भारत सरकार की मदद से संस्कृति विवि में शुरू होंगे नए स्टार्टअप

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी



**मथुरा।** भारत सरकार के साइंस एंड टेक्नोलाजी विभाग द्वारा संस्कृति टेक्नोलाजी इंक्युबेशन फाउंडेशन को स्टार्टअप के लिए लगभग पांच करोड़ रुपये देना स्वीकृत किया है। भारत सरकार ने ये अनुदानित राशि संस्कृति विवि के इंक्युबेशन फाउंडेशन को 15-45 स्टार्टअप को देने के लिए अधिकृत किया है। संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.एमबी चेट्टी ने बताया कि संस्कृति विश्वविद्यालय के सहयोग से पहले से 10 स्टार्टअप संचालित हैं। हर्ष का विषय है कि भारत सरकार के साइंस एंड टेक्नोलाजी विभाग द्वारा संस्कृति विश्वविद्यालय को 45 स्टार्टअप शुरू करने के लिए अधिकृत किया है। उन्होंने बताया कि साइंस एंड टेक्नोलाजी विभाग के द्वारा स्टार्टअप के लिए सेटअप बनाने के लिए पौने चार करोड़ का अनुदान दिया जाएगा वहीं बाकी की धनराशि संस्कृति विवि द्वारा दी जाएगी। प्रो. चेट्टी ने बताया ये सभी स्टार्टअप एग्रीकल्चर और बायो टेक्नालाजी से जुड़े होंगे। स्टार्टअप के लिए प्रपोजल कोई भी दे सकता है। इन सभी प्रपोजल को एक कमेटी के द्वारा जांचा जाएगा।

# कस्बा गुरसराय में नहीं रुक रहा चोरियों का सिलसिलला

### पुलिस कार्यशैली संदेह के घेरे में

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से प्रदीप शर्मा झांसी



**गुरसरांय( झांसी )।** नगर में इन दिनों चोरियों का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है।लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोग दहशत में हैं।विगत दिनों पहले कस्बा में कई चोरियों का खुलासा पुलिस नहीं कर पाई।इसी प्रकार गुरसरांय मण्डी में गल्ला व्यापारी की मूँगफली की चोरी की रिपोर्ट लिखने के 25 दिन बाद भी पुलिस ने इस मामले में भी कुछ खुलासा नहीं कर पायी है,कई मामले अभी तक मुकदमा दर्ज होने का महिनों से इंतजार कर रहे है,और फरियादी चक्कर लगा रहे हैं,जांच पर जांच का भरोसा देकर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी,और कई मामले ऐसे हैं,कि मुकदमा दर्ज होने के बाद भी जाँच के नाम पर विवेचनाएं ठंडे बस्ते में डाली रखी जाती हैं,और जब तक फरियादी बुरी तरह हार थक चुका होता है लग रहा है,कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में झांसी जिले का गुरसरांय थाने का हाल ही निराला है।जहाँ कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज ही नहीं है।इसके बाद 12 जनवरी रविवार की रात्रि कस्बा गुरसरांय के पॉस इलाका कटरा में फिर चोरों ने दो चोरियों को अंजाम दे डाला।रविवार की रात्रि राकेश सोनी कैरोखर वाले के ज्वेलरी की दुकान से चोरों ने चोरी को अंजाम दे डाला वहीं पीड़ित का कहना है,कि मेरी दुकान से पांच-छः लाख के जेवर चोरी हुए हैं,वहीं पास में पीएनबी की कैशियर रोशनी ने बताया कि चोरों ने मकान का ताला तोड़कर 15000 की नगदी चुरा कर रफूचक्कर हो गए। कस्बा में हो रही लगातार चोरियों से कस्बा वासियों में भय व्याप्त है,और चोरों के हौसले बुलंद है ज्ञात हो कि जहाँ पर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया वहाँ पर पंजाब नेशनल बैंक,सर्व यूपी ग्रामीण बैंक,सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड,एचडी एफसी बैंक है,क्षेत्र में पुलिस की गस्ती न होने से चोरियों की घटनाओं में अंकुश नहीं लग पा रहा है।पुलिस की शिथिलता के चलते चोरों के हौसले बुलंद हैं।लगातार हो रही चोरियों से नागरिक दहशतजदा हैं। लोगों का कहना है,कि रात भर जागकर अपने घरों की रखवाली करना मजबूरी बन गया है।जब इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी गरौठा राजेश कुमार राय से बात की गई तो उन्होंने कहा कि बहुत जल्द चोरियों का खुलासा किया जाएगा और दोषियों पर कार्रवाई की जाएंगी।

**पिछली चोरियों का खुलासा नही तो कुछ की रिपोर्ट तक दर्ज न होने से अपराधी हुए बेकाबू :-**

गुरसरांय थाने की अपराधियों को संरक्षण देने से लेकर पीड़ितों की फरियादों का न सुना जाना और पुलिस के आला अधिकारियों के निर्देशों का खुला उल्लघंन होने के चलते झाँसी जिले के गुरसरांय थाने में अपराधियों के हौसले बुलंद है,और पुलिस द्वारा कार्यवाही में शिथिलता बरतना लग रहा है,कि 12/13 जनवरी 2025 को पंजाब नैशनल बैंक सहित कई बैंकों के परिसर जहाँ पुलिस की विशेष रात्रि गश्त होनी चाहिए उस क्षेत्र में सर्राफा व्यापारी राकेश सोनी की कई लाखों रुपयों के जेवरात चोरी होना और इसी इलाके में चंद कदम दूरी पर रोशनी नामक पीएनबी बैंक कैशियर के घर में घुसकर 15 हजार रुपये नकद चोरी किया जाना और समाचार लिखे जाने समय तक जिले से लेकर उच्चस्तरीय पुलिस टीम द्वारा जांच न करना लग रहा है,कि गुरसरांय थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है,गुरसरांय पुलिस से आम जनता का विश्वास उठता नजर आ रहा है,क्योंकि गुरसरांय थाना अंतर्गत ग्राम बंका पहाड़ी में शिवदयाल पाल पुत्र जयराम पाल की 26 दिसंबर को पांच बकरियां चोरी चली गई थी और उसकी रिपोर्ट थाना गुरसरांय में प्रार्थना पत्र देने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई तो दूसरी ओर तो वही गुरसरांय मण्डी में गल्ला व्यापारी के यहाँ मूँगफली चोरी की रिपोर्ट पीड़ित द्वारा आला अधिकारियों को जब शिकायत की गयी तब बमुश्किल मुकदमा दर्ज हुआ लेकिन खुलासे के नाम पर गुरसरांय पुलिस अभी तक हाथ पर हाथ धरे बैठी है,वही मिर्च चोरी कांड में पुलिस आला अधिकारियों के निर्देश के बाद भी बमुश्किल रिपोर्ट कई दिनों बाद दर्ज हुई और तीन चोरों की जगह मात्र दो चोरों को गिरफ्तार कर खानापूर्ति की गई है,वही मुहल्ला गांधीनगर गुरसरांय में मंदिर की दान पेटिका को तोड़कर अज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे और यह खबर जिला से प्रदेश स्तर तक न्यूज़ चैनल आदि माध्यमों से पहुंचने के बाद भी समाचार लिखे जाने समय तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई और न ही खुलासा किया जा रहा है।

### कारोबार के दौरान नए निचले स्तर पर पहुंचा रुपया श्री सुरेश भाई ठक्कर

कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) उपाध्यक्ष एवं ठाणे जिला होलसेल व्यापारी वेलफेयर महासंघ अध्यक्ष श्री सुरेश भाई ठक्कर ने कहा डॉलर के मुकाबले रुपया कारोबारी सत्र के दौरान 85.94 के नए निचले स्तर पर पहुंच गया। हालांकि अंत में यह थोड़ा सुधरकर 85.86 पर बंद हुआ जो कमोबेश एक दिन पहले के बंद भाव के समान है। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार विदेशी निवेशकों की ज्यादा हेजिंग गतिविधियों और डॉलर की भारी मांग के कारण डॉलर-रुपये में तीन महीने वाला नॉन-डिलिवरेबल फॉरवर्ड (एनडीएफ) पॉइंट नवंबर 2022 के बाद के सर्वोच्च स्तर पर ट्रेड कर रहा है। डॉलर में मजबूती बनी हुई है। निर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के शुल्क बढ़ाने और कर कटौती की उम्मीद के बीच 2025 में फेड ब्याज दरों में कम कटौती कर सकता है। ट्रंप के कदम से महंगाई बढ़ सकती है।

# एक्स सर्विसमैन टीचर्स एसोसिएशन की हुई बैठक

संजय चौहान ब्यूरो लखनऊ मंडल, केसरिया हिंदुस्तान



आज यू पी एक्स सर्विसमैन टीचर्स एसोसिएशन की वार्षिक बैठक हुई। जिसमें विभिन्न जिलों से पूर्व सैनिक शिक्षक भारी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती जी के माल्यार्पण से हुई तदोपरांत राष्ट्र पथप्रदर्शक विवेकानंद जी की जयंती पर उन्हें माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में प्रादेशिक कार्यकारिणी ने राजेश कुमार सिंह प्रधान अध्यापक प्राथमिक विद्यालय छत्ता का पुरवा खीरों रायबरेली को सर्व सम्मति से प्रदेश महामंत्री मनोनीत किया गया। बैठक में पूर्व सैनिक शिक्षकों ने शैक्षिक संवर्धन के लिए हर संभव प्रयत्न करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह ने संगठन की उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में यू पी एक्स सर्विस मेन टीचर्स एसोसिएशन के संस्थापक राजेश यादव ,प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह ,उन्नाव जनपद के जिला अध्यक्ष संत कुमार द्विवेदी एवं उन्नाव जिले के समस्त पदाधिकारियों के साथ के साथ अंबिका चौरसिया, यशवंत वर्मा, अमर बहादुर, दीप नारायण शुक्ला ,वीरेंद्र कुमार मिश्रा, चेतन गुप्ता, सुभाष चंद्र, रजनीश कुमार, अतुल जायसवाल ,संजय पांडे, विनोद कुमार, ओम प्रकाश सिंह ,संजीव कुमार मिश्रा, राजेश सिंह, ध्यानसिंह, राजेंद्र यादव, धर्मेंद्र त्रिवेदी ,जितेंद्र श्रीवास्तव, राम प्रसाद, अशोक कुमार, जगन्नाथ, उपेंद्र शुक्ला, धीरज सिंह, अजय भान सिंह, शिवकुमार गुप्ता, मदन पांडे ,अनूप कुमार अवस्थी, अमित कुमार ,भानु दीक्षित, दिलीप श्रीवास्तव, दुर्गेश सिंह आदि पूर्व सैनिक शिक्षक अपने तमाम साथियों सहित उपस्थित रहे।

# शंकराचार्य नेत्रालय द्वारा विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य आमगांव बड़ा में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया

केसरिया हिन्दुस्तान अखबार संवाददाता भानु प्रताप राय



स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित शंकराचार्य नेत्रालय द्वारा विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में नरसिंहपुर जिले के विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमगांव बड़ा में निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया जिसमें शंकराचार्य नेत्रालय की टीम द्वारा मरीजों के नेत्रों की जांच की गई। शिविर प्रभारी द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन मरीजों में मोतियाबिंद पाया जाएगा शंकराचार्य नेत्रालय की निशुल्क बस सेवा द्वारा सेवा अस्पताल ले जाकर उनका आवश्यक उपचार किया जाएगा

इस शिविर में 104 लोगों ने अपनी जांच कराई। जिसमें 60 मरीजों में मोतियाबिंद ओर नाखूना के 8 पाये गये। शंकराचार्य नेत्रालय से केम्प प्रभारी दीपक सराठे डॉ राकेश बोस डॉ आफ़ताब खान डॉ गीतांजली मेहरा ऋषभ बैरागी प्रदीप प्रजापति एवं सी एच सी करेली से डॉ ए के माहौर साथ ही विवेकानंद उच्चर माध्यमिक विद्यालय आमगांव बड़ा से गोपाल कृष्ण नेमा विनोद रजक दीपक राकेशिया एवं आशीष पसारी के सहयोग से नेत्र शिविर आयोजित किया गया।

# मुंडा सहित ग्रामीण अंचल में धूमधाम के साथ मनाया गया छेरछेरा त्यौहार

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**बलौदाबाजार।** 13 जनवरी दिन सोमवार को बलौदाबाजार जिला मुख्यालय के संजय कॉलोनी सहित अन्य वार्डों में एवं ग्रामीण अंचल के मुंडा कोलिहा सरवाडीह ढनढनी चिरपोटा खम्हारडीह जुड़ा बरदा कुम्हारी कैलाशगण धाराशिव पैंजनी जामडीह लाहोद धनगांव खटियापाटी सहित अनेकों गांवो में छत्तीसगढ़ी लोकपर्व छेरछेरा त्यौहार धूमधाम एवं अति उत्साह के साथ लोगों के द्वारा मनाया गया। सुबह से ही छोटे-छोटे बच्चे हाथ में झोला लिए और युवा वर्ग की टोली टोकरी और बोरी लिए छेरछेरा माई कोठी के धान ला हेरहेरा.. कहते हुए लोगों के घरों के द्वारा तक पहुंचे। इस दिन अन्नदान की परंपरा है। छेरछेरा के दिन शहर से लेकर गांव तक की गलियों में छोटे-छोटे बच्चे युवा वर्ग और बड़े बुजुर्ग अति उत्साह के साथ घर-घर पहुंचकर अन्न मांगा गया। छेरछेरा मांगने छोटे-छोटे बच्चे जिस दरवाजे पर गए वहां के घरों से कही अन्न मिला तो कही पैसे कही चॉकलेट बच्चों को दिए गए तो वही युवा वर्ग और बड़े बुजुर्गों को मांदर की थाप पर नाचते और गीत गाते हुए अन्नदान मांगते हुए देखे गए। छेरछेरा पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। धार्मिक मान्यता के अनुसार छेरछेरा त्यौहार के दिन से ग्रामीण अंचलों में शुभ कार्यों की भी शुरुआत हो जाती है। किसान भी खुले हाथों से बच्चे युवा वर्ग और बड़े बुजुर्गों को अन्न का दान करते हैं। इस दिन लोक गीतो की भी बहार रहती हैं। यह पर्वत छत्तीसगढ़ की कृषि प्रधान संस्कृति ग्रामीण जन जीवन संपदा और समानता को प्रकट करता है। धान मिसाई हो जाने के बाद गांवो में हर घर धान का भंडार रहता है और लोग खुशी के साथ अन्न का दान करते हैं।

### मैत्रायणी योगिनी की पुण्यतिथि पर कंबल वितरण तथा विशाल भण्डारे का हुआ आयोजन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** जनपद के बनीकोडर ब्लॉक क्षेत्र में कोटवा सड़क स्थित अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्था पर सोमवार को माता मैत्रायणी योगिनी की पुण्यतिथि के मौके पर कंबल वितरण व भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही आश्रम में हवन पूजन जारी रहा। दोपहर में पहले कंबल का वितरण हुआ व इसके बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं का पूड़ी सब्जी का प्रसाद बटा।कार्यक्रम के व्यवस्थापक डॉ अमर सिंह ने विस्तार से संस्था की संरचना उद्देश्य व उपलब्धि लोगों को बताई। बताया कि बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान क्रीं कुंड शिवाला वाराणसी की कोटवा सड़क स्थित शाखा अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्था पर कंबल वितरण किया गया।

# दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग हुए बुरी तरह जख्मी



घटना मुरलीगंज और जानकीनगर थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाका चांदपुर के पास का है जहां दिन के करीब 10.00 बजे एक मोटरसाइकिल सवार मुरलीगंज और दूसरा पूर्णिया जिला के जानकीनगर की तरफ से आ रहे थे, तभी तेज रफ्तार होने के कारण दोनों मोटरसाइकिलों में जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए। तीनों घायल व्यक्तियों को स्थानीय लोगों की मदद से मुरलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर प्रफुल्ल कुमार ने दो लोगों की स्थिति को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल व्यक्तियों की पहचान पूर्णिया जिला के बाईसी डगरवा निवासी 45 वर्षीय शिक्षक गुलाम सरोवर, दूसरा पूर्णिया जिला के बनमनखी चंदेश्वरी चिरैया निवासी राजीव कुमार और तीसरा बनमनखी के चंदौसी चिरैया निवासी विनोद झा का पुत्र गुरुशरण कुमार के रूप में हुई। रेफर किए गए घायलों में में गुलाम सरोवर और राजीव कुमार शामिल है।

# डीविजन एन.जी.ओ. सरगम समाज सेवा फाउण्डेशन का प्रथम बैठक न्यायधानी में हुआ संपन्न



**बिलासपुर।** सोमवार को छत्तीसगढ़ राज्य की संभाग स्तरीय एन.जी.ओ. सरगम समाज सेवा फाउण्डेशन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की पहली बैठक राज्य के न्यायधानी बिलासपुर के जरहाभाठा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उक्त बैठक में संस्था के पदाधिकारी और सदस्यों नें महिला सशक्तीकरण के महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श कर कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए, जिस पर सभी नें सहमति जताते हुए सामाजिक जन-कल्याण और संस्था के हित में मजबूती से कार्य करनें के लिए संकल्पित हुए। आपको बता दें कि हमारे भारत देश सहित सभी राज्यों में शासन-प्रशासन और विभिन्न समाजसेवी संगठनों द्वारा लगातार महिला सशक्तीकरण और उनके सर्वांगीण विकास के लिए अनेंक प्रकार के अविस्मरणीय कार्य किए जा रहे हैं, उसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ राज्य के न्यायधानी बिलासपुर निवासी समाजसेविका श्रीमती रेशमा लहरे अपनें अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर बिलासपुर संभाग के जरुरतमंद तथा कामकाजी महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरणादायक कार्य करनें का बीड़ा उठाया है। सरगम समाज सेवा फाउण्डेशन एन.जी.ओ. की संस्थापिका और संचालिका श्रीमती रेशमा लहरे नें कहा कि क्षेत्र के महिलाओं को उनके हक और अधिकारों के प्रति जागरूक कर संस्था के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाते हुए स्थाई आजीविका के संसाधनों से जोड़कर उनका सर्वांगीण उत्थान करना ही हमारी प्रमुखता है, और इस कार्य में हमें सभी सम्माननीय सदस्यों का सराहनीय योगदान भी प्राप्त हो रहा है। उपरोक्त बैठक में प्रमुख रूप से संस्था की संचालिका श्रीमती रेशमा लहरे, श्रीमती संध्या राम, श्रीमती गीता सोन्चे, श्रीमती दुलेश्वरी ध्रुव, संजय मिश्रा, श्रीमती राधा मानिकपुरी, श्रीमती कविता शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# मुखिया श्याम सुंदर प्रसाद ने जय हनुमान शांति समिति के सौजन्य से 1500 कंबल का किया वितरण

केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ गया एस एस रिज़वी



बीते रविवार को गया जिला के इमामगंज प्रखंड अंतर्गत छकरबंधा पंचायत के कीशुनचक में जय हनुमान शांति समिति के सौजन्य से मुखिया श्याम सुंदर प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में लगभग 1500 ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुखिया श्यामसुंदर प्रसाद गुप्ता ने जय हनुमान शांति समिति की किशुनचक बांस बाजार रानीगंज के सौजन्य से कंबल का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य आचार्य राजीव नंद तिवारी ,गोविंद पांडे रामचंद्र झा मौजूद रहे। सर्वप्रथम रानीगंज के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के प्रांगण में सुबह 7-00 से 9-00 बजे तक हनुमान चालीसा का सामूहिक पूजा पाठ का कार्यक्रम किया गया ।इसके उपरांत सुबह 10-00 बजे से जरूर मंद भक्तों के लिए जय हनुमान शांति समिति के सभी भक्तजनों की ओर से कंबल वितरण करने का कार्यक्रम आरंभ किया गया जिसमें लगभग 1500 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किए गए। कार्यक्रम में मुख्य आचार्य समेत विनोद भारती, शशि गुप्ता, मनीष प्रसाद, हम नेता रामप्रीत भारती ,मीना देवी जदयू नेता बृजनंदन प्रसाद दांगी एवं जिला पार्षद पार्वती देवी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। जानकारी के लिए आपको बता दें कि छकरबंधा पंचायत के मुखिया श्यामसुंदर प्रसाद गुप्ता बजरंग बली हनुमान के परम भक्त हैं।वे सदैव उनकी आराधना करते हैं। धर्म एवं कर्म दृष्टि से उनका मानना है कि जीवन में हमेशा उनका आभारी रहना चाहिए जिन्होंने आपके जीवन पथ पर आगे बढ़ाने में मदद किया हो। मुखिया श्यामसुंदर प्रसाद गुप्ता ने बताया कि जीवन में कर्म करते रहे और फल की प्रतीक्षा न करें क्योंकि कर्म प्रधान है और वह सदैव रहेगा। अंत में मुखिया ने युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती पर भी सभी पंचायत वासियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके लिए बजरंग बली से मंगल कामना की।

# धूमधाम से मनाया गया माता शाकुंभरी देवी का जन्मदिन

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान सहारनपुर, ब्यूरो चीफ जाती राम



**चिलकाना।** माता शाकुंभरी देवी का जन्मदिवस धूमधाम के साथ बाला सुंदरी मंदिर चिलकाना प्रांगण में धूमधाम के साथ मनाया ग सर्वप्रथम बाला सुंदरी मंदिर प्रांगण में माता शाकुंभरी देवी की आरती की गई और सभी ने माता शाकुंभरी देवी का गुणगान किया। कार्यकर्म में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सरदार पटेल इण्टर कॉलेज के प्रबंधक विनोद कुमार व डा.विमल शर्मा ने कहा कि माता शाकुंभरी देवी हम सब की कुल देवी हैं और माता का आशीर्वाद हम सबके ऊपर बना रहे सभी के घरों के सुख शांति रहे। वही भाजपा नेता सुधीर कुमार जैन व हरीश चेयरमैन ,बालकृष्ण शर्मा, मास्टर राजेश सैनी , व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित योगी ने भी माता के चरणों में आरती की और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई बाद में सभी ने प्रसाद वितरण किया। इस दौरान प.सुभाष शर्मा, रामपाल भगत जी, भाजपा सभासद अनुपम जैन, पंडित योगेश शर्मा, श्याम सिंह सैनी, रमेश कश्यप, संदीप शर्मा ,अजय शर्मा , राकेश एरेन, यशपाल रोहिला, रविन्द्र, रिंकू आदि कस्बेवासी व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरदा में श्रीमद भागवत कथा श्रवण करने पहुंची पूर्व संसदीय सचिव शकुंतला साहू



कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**बलौदाबाजार।** ग्राम पंचायत कोरदा में खूबचंद वर्मा एवं मोमबाई वर्मा परिवार के द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में पूर्व संसदीय सचिव एवं कसडोल की पूर्व विधायक शकुंतला साहू कथा में सम्मिलित हुई। पूर्व विधायक द्वारा मंच पर पहुंचकर श्रीमद भागवत पुराण की पूजन की एवं कथावाचक पंडित नीलकमल ओझा महराज को श्रीफल भेंटकर पुष्पहार पहनाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने भागवत कथा का रसपान किया। कथा वाचक महराज ने रास लीला रुख्मणी विवाह की कथा सुनाया। इस मौके पर पूर्व विधायक शकुंतला साहू ने भी संबोधित कर कहा कि कथा सुनने से मन को शांति मिलती है। प्रत्येक गांव में कथा का आयोजन होना चाहिए। साथ में इसका अनुश्रवण अपने जीवन में करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सुलोचना यादव देवीलाल बार्वे प्रताप डहरिया बीरेंद्र बहादुर कुर्रे सरपंच खैंदा मृत्युंजय वर्मा रज्जू वर्मा रमशिला वर्मा नीलमणि पांडे ममता वर्मा प्रेमसिंग वर्मा फेकन बाई वर्मा एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### परिवहन विभाग द्वारा 'नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत लगातार की जा रही कार्यवाहियां



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सत्य नारायण गुप्ता

**बाराबंकी।** सड़क दुर्घटनाओं पर काबू पाने हेतु 'नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत परिवहन विभाग जागरुकता के साथ सख्त कार्यवाही करने की दिशा मे कार्य करता दिखाई दे रहा है। आज सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने नाका सतरिख स्थित पेट्रोल पम्प पर बिना हेलमेट के आने वाले दर्जनो दो पहिया वाहनो के चालान काटे। तथा चालको को रोड़ सेफ्टी नियमो का पालन करने हेतु प्रेरित किया। तो वही पेट्रोल पम्प संचालक को हेलमेट नहीं पहनने वाले दोपहिया वाहन चालकों को फ्यूल न देने हेतु निर्देशित किया। इस मौके पर यातायात प्रभारी रामयतन यादव समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### जानलेवा चाइनीज मांझे पर कार्रवाई की मांग



केसरिया हिंदुस्तान संवाददता वीरु गौतम

**पीलीभीत।** अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई की मांग की संगठन की युवा टीम ने सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट को विज्ञापन सोप महासभा ने बताया की मकर संक्रांति गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी के बड़े पैमाने पर पतंग बाजी होती है जिसमें खतरनाक चाइनीज मांझे का इस्तेमाल किया जाता है नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा प्रतिबंधित होने के बावजूद जिले में खुलेआम जिले में चाइनीज मांझे की बिक्री हो रही है यहां मांझे से इंसानों बल्कि पशु पक्षियों के लिए भी जानलेवा साबित हो रहा है पिछले साल सुनगढ़ी थाना क्षेत्र की असम चौकी के प्रभारी कमलेश सिंह यादव नोगवा ओवरब्रिज पर इसी मांझे से गंभीर रूप से घायल हुए थे हाल ही में शनिवार शाहजहांपुर के एक पुलिसकर्मी कि चाइनीज मांझे से गला काटने कारण मौत हो गई हिंदू महासभा ने इस खतरनाक मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध और इनकी बिक्री करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की संगठन ने यह भी आश्वासन दिया कि वह जिला प्रशासन के साथ मिलकर इस मांझे पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाएगा दो पहिया वाहन चालकों को और पैदल चलने वालों की सुरक्षा को देखते हुए यह कदम आवश्यक माना जा रहा है।

# क्या खुद को जनसंपर्क कार्यालय का अधिकारी समझ समिति प्रबंधक जगन्नाथपुर पत्रकारों को बाट रहे सर्टिफिकेट

## क्या समिति प्रबंधक शासन प्रशासन से भी बड़े हो गए जो सारे नियमों की खुलेआम उड़ा रहे धज्जियां

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान उदित ठाकुर

**सूरजपुर/प्रतापपुर।** जिले के विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जगन्नाथपुर धान खरीदी केंद्र में फैला भारी अव्यवस्था जहां जिम्मेदार अधिकारी जांच के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति करते हुए दिखाई दे रहे है जो किसानों को हो रही परेशानीयों का कोई नहीं ले रहा सूद जहां समिति प्रबंधक जो शासन प्रशासन के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे। सारी नियमों को ताक में रखकर कर रहे धान खरीदी हैं, ऐसे समिति प्रबंधकों के मनमानी रवैये पर कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं जो जिले के पत्रकारों को समिति प्रबंधक खुद जनसंपर्क अधिकारी समझ कुछ पत्रकारों का नाम रजिस्टर में लिख कर उन पत्रकारों को जिला का पत्रकार का दर्जा देते हुए अन्य पहुंचने वाले पत्रकारों को सर्टिफिकेट बाटने में लगे हुए वही समिति में धान बेचने आने वाले किसानों को सारा काम खुद करना पड़ रहा है जहां धान की छल्ली लगाने शासन के नियमा अनुसार समिति प्रबंधक को अपनी निजी मजदूर रखकर धान की बोरी को व्यवस्थित कर छली लगाने का है लेकिन यह काम धान बेचने पहुंचे किसानो से ही कार्य करवाया जा रहा है।

किसानों ने बताया कि हम किसानों से ही धान की बोरी को ऊपर चढ़वाया जाता है जिससे हम किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है सुबह से शाम हो जाता है बोरी ढोते ढोते लेकिन समिति प्रबंधक को हम किसानों के सहूलियत से कोई वास्ता ही नहीं है जिसको लेकर हम किसान काफी नाराज और परेशान है किसानों का कहना है कि हमारा कोई सुनने वाला नहीं है समिति प्रबंधकों के मनमानी रवैया से हम सभी किसान परेशान है।

क्या शासन प्रशासन किसानों के संवदेनशील नहीं है यह एक गंभीर सवाल है, अगर शासन प्रशासन गंभीर है तो फिर ऐसे समिति प्रबंधकों के ऊपर कार्यवाही कब होगी जहां किसान सुबह से शाम मेहनत कर अपने पसीना बहा रहे हैं वहीं समिति प्रबंधक ऑफिस में बैठकर मजे ले रहे रहे हैं आखरि इन जैसे समिति प्रबंधकों की



किसानों के प्रति तानाशाही कब तक खत्म होगी ये देखने वाली बात है जहां कब तक किसानों को परेशानीयो का सामना करना पड़ेगा और कब तक किसान रोते रहेंगे खून के आंसू कब तक मिलेगी परेशानियों से किसानों को निजात।

धान खरीदी केंद्र जगन्नाथपुर के समिति प्रबंधक हरिशंकर जायसवाल के द्वारा जब भी समिति में कोई पत्रकार पहुंचता है तो उन पत्रकारों से सवाल जवाब करते हुए उनकी पत्रकारिता के लिए खुद जनसंपर्क अधिकारी बन सर्टिफिकेट बाटने का करते हुए सामने आते है कि मुझे जिले की पत्रकारों का लिस्ट दिया गया है और कौन कौन पत्रकार है जिला का मेरे रजिस्टर में लिखा हुआ है मै उन्हें ही पत्रकार मानता हू जो पत्रकार सिर्फ 17 है उन सभी 17 पत्रकारों का नाम पीआरओ के तर्ज पर पत्रकारों का नाम और मोबाइल नंबर लिख कर रखे। इस विषय पर जब समिति प्रबंधक हरिशंकर जायसवाल जगन्नाथपुर से पूछा गया कि आपको पत्रकारों की सूची कौन दिया और किसने बताया कि ये सभी पत्रकार जिला लेवल के पत्रकार है तो समिति प्रबंधक हरिशंकर जायसवाल सारे सवालों का जवाब देने से बचते रहे। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिले में खुले प्रत्येक धान खरीदी केन्द्रों में जांच अधिकारी के तौर पर जिला प्रशासन के द्वारा अधिकारी नियुक्त किया गया है कि सभी समितियों में अधिकारी पहुंच कर जांच पड़ताल करें कि धान बेचने आने वाले किसानों को किसी प्रकार के परेशानियों का सामना करना न पड़ें और समिति प्रबंधक किसानों से गलत व्यवहार करते हुए नियम विरुद्ध धान कि खरीदी न करे लेकिन क्या ये जांच अधिकारी जिस कार्य के लिए नियुक्त किए गए है वो अपना दायित्व निभा रहे है सही से अगर हा तो फिर समितियों में ऐसी स्थिति कैसे निर्मित हो है या फिर जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त अधिकारी जिले के धान खरीदी केन्द्रों में जाकर सिर्फ कागजी खानापूर्ति करते हुए सिर्फ भ्रष्टाचार को बढ़ाने का काम कर रहे है। अब सवाल यह है कि बीजेपी की सरकार जहां किसानों के हित, हक और अधिकार के लिए बड़े-बड़े दावे करते हुए नहीं थकती वही ऐसे समिति प्रबंधक जो बीजेपी की सरकार की दावों पर दाग लगाने और छवि धूमिल करने में लगे हुए है जहां खुद जनसंपर्क अधिकारी बन जिले के पत्रकारों को सर्टिफिकेट बाट पत्रकार होने का प्रमाण दे रहे है और जिला प्रशासन के द्वारा जांच अधिकारियों के द्वारा सिर्फ कागजी खानापूर्ति कर बंदरबाट करने में लगे हुए है क्या इसका संज्ञान लेते हुए जिम्मेदारों पर कार्यवाही की जाएगी

# न्यूवोको संयंत्र सोनाडीह में आयोजित किया गया यातायात जागरूकता कार्यक्रम

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**बलौदाबाजार।** जिले में 35वां सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत 4 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के तहत 13 जनवरी को सड़क सुरक्षा माह के दसवें दिन न्यूवोको संयंत्र सोनाडीह में यातायात जागरूकता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरण कर संयंत्र में कार्यरत समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं श्रमिकों को दोपहिया वाहन चालन के दौरान हेलमेट पहनने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही कार्यक्रम के



दौरान उपस्थित भारी वाहन चालकों को ग्रामीण क्षेत्र एवं रहवासी क्षेत्रों में संयमित गति से वाहन चलाने हेतु हिदायत दिया गया। इसी कड़ी में संयंत्र में स्थापित डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा संयंत्र में यातायात जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि मार्ग में चलते समय हमेशा बॉये दिशा का प्रयोग करे चलने के लिए फूटपाथ का प्रयोग या रोड किनारे चले सड़क पार करने के लिए चौक-चौराहा या मार्ग के गेप में बने जेब्रा क्रासिंग से ही मार्ग पार करें। रोड क्रास करते समय यह भली-भांति देख ले की दॉये-बाये से कोई वाहन तो नहीं आ रही है। सड़क पार करने के दौरान हाथ का ईशारा देकर पूर्ण सुरक्षित होकर ही रोड क्रास करें। बच्चे मार्ग में चलने के दौरान सड़क पर न दौड़े वाहन से बाहर हाथ न निकाले चलते वाहन में सुरक्षित बैठे, वाहन रूकने के बाद ही चढ़े व उतरे हमेशा ही किनारे पर उतरे स्कूल बस का इंतजार हमेशा लाईन में रहकर करें। उतरने वाले यात्री को प्राथमिकता देवे। चारपहिया वाहन चालन के दौरान चालक व सवार को सीटबेल्ट लगाना अनिवार्य है। यातायात नियमों का पालन करने व अपने परिवार पड़ोसी एवं दोस्तों को भी पालन कराने अपील की गई।

# यमराज बनकर बेखौफ होकर रोडो पर फर्राटा दौड लगा रहे है प्रतिबंधित ट्राले

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत

### एआरटीओ के संरक्षण मे चल रहे है। गन्ने से भेरे ओवरलोडिंग ट्राले



**पीलीभीत।** बरखेड़ा कस्बे मे इस समय गन्ने से भरे ओवरलोडिंग ट्राले यमराज बनकर रोडो पर फर्राटा दौड लगाते हुए नजर आ रहे है। क्षमता से कई गुना अधिक गन्ना भर मौत को दावत देते हुए रोडो से गुजर रहे है। ओवरलोडिंग गन्ने से भरे ट्राले जो कोई राहगीर इनके पास से गुजरता है। वह अपने आप को आसुरक्षित महसूस करता है। बजाज चीनी मिल का ठेकेदार बेखौफ होकर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित ट्रालो से सेन्टरो से गन्ना भरकर बजाज चीनी पहुंचवाता है। जबकि यमराज ट्रालो पर पूर्ण से प्रतिबंध लगा है। उसके बावजूद भी क्षेत्रो के गावो के सेन्टरो से गन्ना भरकर बजाज चीनी मिल पहुंच रहा है। जबकि एआरटीओ छुट भैय्यो वाहनो का चालान करके अपनी पीठ थपथपा लेते है। जबकि जमीनी हकीकत यह है। की जिन ट्राले पर शासन ने प्रतिबंध है। लगा रखा है। उसके बावजूद भी एआरटीओ की मिलीभगत से ओवरलोडिंग गन्ने से भरे ट्राले दौड लगा रहे है। प्रतिबिंबित ट्राले जब रोडो पर डगमगा कर चलते है। तो पास से गुजरने वाले लोग अपनी जान जोखिम मे डाल कर निकले को मजबूर दिखायी देते है। जिससे चलते राहगिरो को यमराज को देखकर मौत का डर सताने लगता है। एआरटीओ की लापरवाही के चलते गन्ने से भरे ओवरलोडिंग ट्राले मौत को दावत दे रहे है। जिसका खामियाज़ा राहगीरो को जान देकर चुकाना पड़ता है। कई लोग ओवरलोडिंग गन्ने से भरे प्रतिबंधित ट्रालो का शिकार हो जाते है। जिससे लोगो की जान भी चली जाती है।

# महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन: जिला कार्यक्रम अधिकारी

**नूंह।** नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। सरदार गुरुमुख मेमोरियल स्कूल नूंह में सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग जिला स्तर खेल प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें सभी ब्लॉक से गाँव की महिलाओ ने बढ़ चढ़ कर खेल में भाग लिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी मीरा ने बताया कि इस में प्रतिभागियों के दो ग्रुप थे एक में 18 से 30 साल और दूसरे में 30 साल के ऊपर महिलाओं ने भाग लिया। 30 साल से ऊपर महिलाओं के लिये 100 मीटर रेस, चक्का फेक, म्यूजिकल चेयर के खेल थे तथा 18 से 30 मे 300 व



400 मीटर की साइकिल रेस शामिल थी। चक्का फेक मे हारूनी, सपना और रामा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही व म्यूजिकल चेयर मे भतेरी, गीता, मीना प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्राप्त किया वही 100 मीटर रेस मे मुक्ति, पूजा, नीतिका प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही ये सभी 30 साल से ऊपर की महिलाए थी 18 से 30 साल मे नसीमा आरती गुलसन प्रथम, द्वितीय व तृतीय पर रही 400 मीटर रेस मे, 300 मीटर रेस मे तस्लीमा, नेहा, मनीषा प्रथम, द्वितीय व तृतीय रही, साइकिल रेस मे ज्ञानवती, हेमलता, खुशी प्रथम, द्वितीय व तृतीय रही। विधिवक्ता मोहम्मद अशफाक अली ने महिला हेल्पलाइन 181 और वन स्टॉप सेंटर के बारे में महिलाओं कों अवगत कराया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनिता , सुदेश, सुपरवाइजर नीलिमा, तेजीन्दर, मंजू, सरोज, सुमन, अलका अनीता, सोनिया, कांता, मुनेश, उपस्थित रहे।

# 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को सादगी व गरिमा पूर्ण ढंग से मनायें

## सरकारी /अर्द्ध सरकारी भवनों को किया जाए प्रकाशमय

विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**औरैया।** जिलाधिकारी डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को गरिमा पूर्ण ढंग से मनाए जाने हेतु कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में सभी संबंधितों को जिम्मेदारी सौंपते हुए निर्देशित किया कि कार्यक्रम को संपन्न कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित कर ली जाएं और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सभी सरकारी /अर्द्ध सरकारी भवनों को (झालर/ लाइट) लगाकर प्रकाशित किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में



छात्र-छात्राओं की विभिन्न प्रतियोगिताएं करायी जाए तथा विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए सम्मानित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस पर जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/ उनके परिजनों/ आश्रितों को आमंत्रित कर ध्वजारोहण के उपरांत सम्मानित किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद/ नगर पंचायत तथा जिला पंचायत अधिकारी को निर्देशित किया कि वह साफ- सफाई की नगरीय /ग्रामीण क्षेत्रों में चाक-चौबंद व्यवस्था रखें। उन्होंने वृद्धा आश्रम, चिकित्सालय तथा रैन बसेरों में फल वितरण आदि कराए जाने के भी निर्देश दिए तथा स्मारकों की साफ-सफाई भी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कार्यालयाध्यक्षों से कहा कि कार्यालय में अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) महेंद्र पाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राम सुमेर गौतम, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर हरिश्चंद्र, तहसीलदार सदर रणवीर सिंह, तहसीलदार अजीतमल जितेश वर्मा,समस्त खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# समाधान शिविर प्रशासन व जनता के बीच मजबूत कड़ी : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

## -जिला मुख्यालय के साथ ही तावडू, फिरोजपुर-झिरका और पुन्हाना उपमंडल में आयोजित हो रहे समाधान शिविर

**नूंह।** नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। प्रदेश सरकार के निर्देश अनुसार जन समस्याओं को निपटाने के लिए प्रत्येक कार्य दिवस पर जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए उन्हें राहत प्रदान की जा रही है।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने सोमवार को जिला सचिवालय के कांफ्रेंस हाल में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनी। उन्होंने कहा कि यह शिविर न केवल शिकायतों के प्रभावी समाधान का माध्यम है, बल्कि प्रशासनिक कार्यों में




पारदर्शिता और सहभागिता को बढ़ावा देने का एक प्रभावी प्रयास है। जिला स्तर आयोजित समाधान शिविर में आज 6 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से एक शिकायत का मौके पर समाधान कर शिकायतकर्ता को राहत पहुंचाई गई। इसी प्रकार उपमंडल पुन्हाना में दो शिकायतें प्राप्त हुई, जिन्हें समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को भेजने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि समाधान शिविर न केवल समस्याओं के निवारण का माध्यम है, बल्कि यह प्रशासन और जनता के बीच मजबूत संवाद का प्रतीक भी है। नूंह जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि हर व्यक्ति को उसकी समस्या का समाधान सरल और सुलभ तरीके से मिले। उन्होंने जिला वासियों से अपील की कि वे समाधान शिविर के आयोजनों का लाभ उठाएं और अपनी शिकायतों का तुरंत समाधान करवाएं। प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आयोजित हो रहे समाधान शिविर का यह प्रयास जिले में सकारात्मक बदलाव और प्रशासनिक कुशलता का एक बेहतरीन उदाहरण है। इस अवसर पर नगराधीश अशोक कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# भगवान राम का प्रथम प्राण प्रतिष्ठा दिवस धर्म दिवस के रूप में जाना जायेगा : जितेंद्र सिंह अन्नू

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी

**कोठी बाराबंकी।** प्रभु श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर कैसरगंज चौराहा पर आयोजित हुआ। जिसमें व्यवस्थापक विशेष सिंह राजा साहू कार्यक्रम संयोजक रहे जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों राम भक्तों और सनातनियों ने प्रसाद ग्रहण किया व कार्यक्रम में हिंदू राष्ट्र शक्ति देश धर्म देवालय के शिवम सिंह की अगुवाई में पदाधिकारी पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष संस्थापक मृत्युंजय सिंह,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विशाल यादव,उत्तर प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह अन्नू, बाराबंकी जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह अनुज, जिला प्रभारी प्रशांत पांडेय का माल्यार्पण भेंट कर सेमरावा चौराहा पर स्वागत किया गया। संगठन मंत्री



शिवम ठाकुर,ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र,उपाध्यक्ष सचिन यादव,नरेंद्र कुमार,विवेक राजपूत,प्रमोद कश्यप,रामू गुप्ता, रंजीत प्रधान, रानू, विशाल, विक्रम सिंह प्रधान, राहुल मिश्रा, उमेश,अरविंद मौर्य,दीपांशु निगम विजय वर्मा,अशोक वर्मा, नवमी लाल सम्मिलित होकर सनातन धर्म के गौरव दिवस की सभी को शुभकामनाएं प्रेषित किया, कार्यक्रम आयोजक राजा साहू ने सम्मिलित पदाधिकारियों को व क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।